

■ राकांपा के दोनों धड़ों के विलय की घोषणा जिला परिषद चुनाव के बाद होना तय - 12



■ आम बजट में राजकोषीय घाटे के बजाय ऋण-जीडीपी अनुपात पर जोर देगा केंद्र -12



■ अमेरिका ने यूरोप के कई ठिकानों पर तैनात किए एफ-35ए विमान -13



■ शिवम मावी की घातक गेंदबाजी से यूपी ने विदर्भ को बराबरी पर रोका -14


आज का मौसम
21.0⁰ अधिकतम तापमान
10.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.54
सूर्यास्त 05.50

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

माघ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 08:25 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082

शनिवार, 31 जनवरी 2026, वर्ष 4, अंक 167, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


श्रद्धांजलि



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वदेशी का उनका आह्वान विकसित भारत का मूलभूत सिद्धांत है। ●एजेंसी

# सोना एक दिन में 14,000 टूटा, चांदी 20,000 फिसली

● वैश्विक बाजारों में कमजोर रुझानों से कीमतों में रिकॉर्ड स्तर पर बड़ी गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

कमजोर वैश्विक रुझानों और डॉलर में उछाल के बीच निवेशकों द्वारा भारी मुनाफावसूली के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 14,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमतें 20,000 रुपये प्रति किलोग्राम लुढ़क गईं।

बाजार सूत्रों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 14,000 रुपये, या 7.65 प्रतिशत टूटकर 1,69,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गया। गुरुवार को सोने की कीमत 12,000 रुपये बढ़कर 1,83,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई थी। चांदी की कीमत 20,000 रुपये, या लगभग पांच प्रतिशत टूटकर 3,84,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी की कीमत 19,500 रुपये बढ़कर 4,04,500 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक - जिंस सौमिल गांधी ने कहा, शुक्रवार को सोने और चांदी में भारी गिरावट देखी गई, क्योंकि हाल ही में रिकॉर्ड तोड़ तेजी के बाद निवेशकों ने तेज गति से मुनाफावसूली शुरू कर दी।

उन्होंने कहा, यह गिरावट मुख्य रूप से बड़े संस्थागत कारोबारियों द्वारा लंबे सौदों की भारी बिक्री के कारण हुई, जिन्होंने कई सत्रों की मजबूत बढ़त के बाद मुनाफावसूली की कोशिश की। डॉलर में सुधार होने से सर्राफा पर और दबाव पड़ा। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 5.31 प्रतिशत कम, या 285.30 डॉलर टूटकर 5,087.73 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। दिन में कारोबार के दौरान सोना 425.86 डॉलर या 7.92 प्रतिशत टूटकर 4,945.26 डॉलर प्रति औंस पर आ गया था। गुरुवार को, सोना 5,595.02 डॉलर के नए रिकॉर्ड पर पहुंचने के बाद 5,371.12 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ था। हाजिर चांदी भी 14 डॉलर या 12.09 प्रतिशत गिरकर 101.47 डॉलर प्रति औंस रह गई, जबकि विदेशी कारोबार में दिन के कारोबार में यह 17.5 प्रतिशत तक गिरकर 95.26 डॉलर प्रति औंस रह गई थी। गुरुवार को, यह 121.45 डॉलर प्रति औंस के नए शिखर पर पहुंची थी। इनक्रेड मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी, विजय कुप्पा ने कहा, कुछ कारणों से सोने और चांदी की कीमतों में तेज गिरावट आई है।



### रुपये ने छुआ 92.02 प्रति डॉलर का निचला स्तर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 92.02 के रिकॉर्ड निचले स्तर को छूने के बाद कारोबार के अंत में मामूली बढ़त लिए 91.97 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपया 91.82 पर पहुंच गया। बाद में रुपया, अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 92.02 के अब तक के सबसे निचले स्तर को छूने के बाद सत्र के अंत में 91.97 पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से महज दो पैसे की बढ़त है।

ब्रीफ न्यूज

### सुनेत्रा पवार बन सकती हैं महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री



**पुणे।** राज्यसभा सदस्य एवं दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार शनिवार को महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले सकती हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के सूत्रों ने यह जानकारी दी। एक सूत्र ने कहा, शनिवार को राकांपा की संसदीय बोर्ड की बैठक होगी, जहां सुनेत्रा पवार को विधायक दल का नेता चुना जाएगा। ऐसी संभावना है कि कल शाम तक उन्हें उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिला दी जाएगी।

### बजट पेश करने के बाद 30 कॉलेज के छात्रों से संवाद करेंगी सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री सीतारमण आम बजट 2026-27 पेश करने के बाद देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 30 कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ संवाद करेंगी। वित्त मंत्रालय के अनुसार, इस पहल के तहत छात्र-छात्राओं को लोकसभा दीर्घा से केंद्रीय बजट पेश किए जाने की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर मिलेगा। इससे वे वर्ष की इस सबसे महत्वपूर्ण संसदीय कार्यवाही के साक्षी बन सकेंगे। ये छात्र भारत के विभिन्न राज्यों से आए हैं और वाणिज्य, अर्थशास्त्र, चिकित्सा शिक्षा तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों जैसे विभिन्न शैक्षणिक विषयों से जुड़े हैं।

### ईरान ने कहा- अमेरिका से बातचीत की कोई योजना नहीं

**इस्तांबुल।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने शुक्रवार को घोषणा की कि उनका देश तनाव दूर करने के वास्ते बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन अमेरिका से बातचीत की फिलहाल कोई ठोस योजना नहीं है। मंत्री अब्बास अराघची ने इस्तांबुल में यह बात कही, जहां वह तुर्किये के नेताओं के साथ बातचीत के लिए पहुंचे थे।

# परियोजना की लागत में 15 फीसदी से ज्यादा बढ़ोतरी पर बताना होगा कारण : मुख्यमंत्री

## वित्त विभाग, बजट और पेंशन प्रणाली में डिजिटल सुधारों की प्रगति की सीएम योगी ने की समीक्षा

● मंत्री 50 करोड़ और वित्त मंत्री 150 करोड़ तक दे सकेंगे स्वीकृति अधिक की मंजूरी देंगे मुख्यमंत्री

● सड़क की तरह शासकीय भवनों के अनुरक्षण के लिए लागू होगी 5 वर्ष की अनुरक्षण व्यवस्था

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए कि मंत्री स्तर से मिलने वाली स्वीकृति की सीमा 10 करोड़ से बढ़ाकर 50 करोड़ और 50 से 150 करोड़ तक की परियोजनाओं की मंजूरी वित्त मंत्री स्तर से दी जाएगी। 150 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की स्वीकृति मुख्यमंत्री स्तर से ही दी जाएगी।

साफ कहा कि किसी परियोजना की लागत में 15 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ोतरी होने पर विभाग कारण सहित पुनः अनुमोदन प्राप्त करे। उन्होंने सड़क की तरह शासकीय भवनों के लिए भी 5 वर्ष की अनुरक्षण व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार को विभागीय कार्य योजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन, वित्त विभाग, कोषागार, बजट और पेंशन प्रणाली में डिजिटल सुधारों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे अपनी वार्षिक कार्ययोजना 15 अप्रैल तक हर हाल में स्वीकृत करा लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को सुदृढ़, पारदर्शी और रिजल्ट ओरिएंटेड वित्तीय प्रबंधन का आदर्श राज्य बनाना है। इसके लिए सभी विभाग समयबद्धता, गुणवत्ता, पारदर्शिता और डिजिटल प्रक्रियाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने निर्देश दिए कि केंद्र सरकार की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में राज्य गारंटी पॉलिसी लागू की जाए।

शासकीय भवनों के अनुरक्षण व्यवस्था पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुबंधों में एकरूपता का अभाव है। सड़क निर्माण की तर्ज पर सभी नए भवनों में 5 वर्ष का भुगतान-आधारित अनुरक्षण अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। उन्होंने पुराने भवनों के अनुरक्षण के लिए कॉर्पस फंड बनाने की आवश्यकता बताई। निर्माण गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि भवन, सड़क, सेतु, सीवर लाइन और जलापूर्ति पाइपलाइन जैसी परियोजनाओं का थर्ड पार्टी क्वालिटी ऑडिट आईआईटी, एनआईटी और राज्य/सरकारी तकनीकी संस्थानों से कराया जाए।

**आशा-आंगनबाड़ी कर्मियों का तय तिथि पर मिले मानदेय :** योगी ने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि अल्प-वेतनभोगी कर्मियों, जैसे आशा बहनों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय हर माह तय तारीख को उनके बैंक खातों में पहुंच जाए। जिन योजनाओं में केंद्रांश मिलता है, वहां राज्य अपने मद से मानदेय समय पर जारी करे, ताकि किसी कर्मी को देरी न हो।



विभागीय कार्य योजनाओं की जानकारी लेते मुख्यमंत्री योगी।

### पूंजीगत खर्च में शीर्ष पर यूपी, 1.10 लाख करोड़ का निवेश

बैठक में बताया गया कि वर्ष 2023-24 में उत्तर प्रदेश का 1,10,555 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय देश में सबसे अधिक रहा। कुल व्यय का 9.39% निवेश पर खर्च कर प्रदेश देश में पहले स्थान पर रहा। राजकोषीय घाटा, राजस्व घाटा और ऋण/जीएसडीपी अनुपात जैसे सभी संकेतक एफआरबीएम मानकों के अनुरूप रहे। वर्ष 2024-25 में राज्य की कुल देयताएं घटकर जीएसडीपी के 27% पर आ गईं। नीति आयोग के अनुसार प्रदेश का कंपोजिट फिस्कल हेल्थ इंडेक्स 2014 में 37 से बढ़कर 2023 में 45.9 हो गया है और राज्य रनर श्रेणी में पहले स्थान पर है। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि आरबीआई की रिपोर्ट में भी राज्य का अपना कर राजस्व राष्ट्रीय हिस्सेदारी में 11.6% के साथ देश में दूसरे स्थान पर बताया गया है। वाद प्रबंधन प्रणाली विकसित की गई है और नीति आयोग के 'दर्पण' पोर्टल के साथ एकीकृत होने वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य बन गया है।

# 40,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी में आरकॉम के पूर्व अध्यक्ष गिरफ्तार

● अदालत ने पुनीत गर्ग को नौ दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेजा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कारोबारी अनिल अंबानी समूह की कंपनियों के खिलाफ 40,000 करोड़ रुपये के बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में धनशोधन के आरोप में रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) के पूर्व अध्यक्ष पुनीत गर्ग को गिरफ्तार किया है। ईडी ने गर्ग को हिरासत में लिया है।

दिल्ली की एक विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने उन्हें नौ दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। ईडी ने बताया कि रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) के पूर्व अध्यक्ष और निदेशक गर्ग को आरकॉम और उसकी समूह संस्थाओं द्वारा कथित तौर पर 40,000 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक धोखाधड़ी और धन शोधन से जुड़ी जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है।

इस घटनाक्रम पर रिलायंस समूह की ओर से फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं आई है। ईडी ने बुधवार को कहा था कि उसने गर्ग की पत्नी के नाम पर मौजूद शेयर और म्यूचुअल फंड जब्त कर लिए हैं।

ईडी ने दावा किया, गर्ग ने 2001 से 2025 तक आरकॉम में वरिष्ठ प्रबंधक और निदेशक पदों पर रहते हुए, बैंक धोखाधड़ी से अर्जित अपराध की आय से हेराफेरी में सक्रिय रूप से भाग लिया। जांच एजेंसी ने दावा किया कि हेराफेरी वाले धन का इस्तेमाल अन्य सहायक कंपनियों में किया गया।



# तेंदुए के हमले में 4 वर्षीय बच्ची की मौत

● गन्ने के खेत से आया तेंदुआ घर पर खेल रही बच्ची को दबोचकर भाग निकला

**बहराइच।** कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के एक गांव में तेंदुए के हमले से चार वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि निशानगाड़ा रेंज के ग्राम पंचायत रमपुरवा के मुखिया फार्म गांव निवासी मनोज की बच्ची अनुष्का गुरुवार शाम को घर के बाहर आंगन में खेल रही थी, तभी गन्ने के खेत से निकलकर आया तेंदुआ उसे मुंह में दबोचकर भाग निकला।

परिजन व ग्रामीण शोर मचाते हुए पीछे दौड़े तो तेंदुआ बच्ची को घर से करीब 50 मीटर दूरी पर छोड़कर नहर की झाड़ियों में छिप गया। ग्रामीणों ने बताया कि परिवार के लोग घायल बच्ची को गोद में लेकर अस्पताल जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। एक परिजन ने बताया कि बच्ची के गले और नाक पर जख्म दिख रहे थे। निशानगाड़ा वन रेंज के क्षेत्राधिकारी सुरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि तेंदुए के हमले से बच्ची की मौत हुई है। देर रात वन विभाग की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। उन्होंने बताया कि विभाग ने मृतक के परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है। चार टीमें निरंतर निगरानी कर रही हैं।

# विवेचना में लापरवाही पर इंस्पेक्टर व 12 उपनिरीक्षक निलंबित

● अनियमितताओं के मामलों को लेकर आईजी ने की कार्रवाई विभागीय जांच का भी आदेश दिया

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** भ्रष्टाचार तथा विवेचना में गंभीर अनियमितताओं के मामलों को लेकर आईजी देवी पाटन परिक्षेत्र अमित पाठक ने सख्त कार्रवाई की है। आईजी के निर्देश पर गठित विशेष जांच टीम ने गोंडा, बहराइच एवं श्रावस्ती में सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े मामलों की जांच की, जिसमें 13 प्रकरण में फर्जीवाड़ा एवं भ्रष्टाचार मिला।

जांच रिपोर्ट के आधार पर 1 निरीक्षक एवं 12 उपनिरीक्षकों को दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, जबकि 3 अन्य उपनिरीक्षकों के विरुद्ध निलंबन व विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। बीमा कंपनी की ओर से विवेचना में फर्जीवाड़ा करने की शिकायत आईजी से की गई थी, जिस पर आईजी ने एसआईटी का गठन किया था, रिपोर्ट मिलने के बाद आईजी ने सख्त रूप अपनाया है। जांच में सामने आया कि दुर्घटनाओं से संबंधित विवेचनाओं में वास्तविक वाहन चालक को बचाने के लिए अन्य व्यक्तियों को चालक दर्शाया गया। कई मामलों में दुर्घटना में प्रयुक्त वाहन के स्थान पर दूसरे वाहन को दर्शाकर बीमा कंपनियों से अनुचित लाभ लेने का प्रयास किया गया, जिससे न केवल बीमा कंपनियों को नुकसान पहुंचा बल्कि पीड़ितों को भी न्याय से वंचित होना पड़ा।

बहराइच में निरीक्षक अरुण कुमार थाना हरदी, बहराइच के उपनिरीक्षक संजीव कुमार द्विवेदी (थाना रामगांव), अशोक कुमार जायसवाल (थाना नवाबगंज), तेज नारायण यादव एवं राकेश कुमार (थाना मटेरा), राजेश्वर सिंह (थाना नानपारा), रूपनारायण गौड़ (थाना रामगांव), विजय यादव तथा दिवाकर तिवारी (थाना मोतीपुर), और मेहताब आलम (थाना बौंडी) को निलंबित किया गया है। इसी क्रम में गोंडा के उपनिरीक्षक शेषनाथ पाण्डेय (थाना खरगूपुर) एवं शशांक मौर्य (थाना इटियाथोक) तथा श्रावस्ती जनपद के उपनिरीक्षक शैलेश कुमार त्रिपाठी एवं प्रेमचंद (थाना इकौना) के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई है। वहीं श्रावस्ती के थाना भिनगा में तैनात निरीक्षक योगेश सिंह एवं उपनिरीक्षक गुरुदेव सिंह के मामले में निलंबन की कार्यवाही प्रचलित बताई गई है।

# कुवैत से दिल्ली आ रहे विमान को बम से उड़ाने की धमकी

● उड़ान को अहमदाबाद भेजा गया यात्री को मिला था लिखित नोट

अहमदाबाद, एजेंसी

कुवैत से दिल्ली जा रही एक इंडिगो उड़ान में बम होने की धमकी मिलने के बाद विमान को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा भेज दिया गया। हवाई अड्डा अधिकारियों ने बताया कि अब तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

एक हवाई अड्डा अधिकारी ने बताया कि विमान सुबह करीब छह बजकर 40 मिनट पर सुरक्षित उतरा। विमान में 180 यात्री सवार थे। हवाई अड्डा प्राधिकारियों के अनुसार विमान में एक यात्री को हाथ से लिखा एक नोट मिला था जिसमें दावा किया गया था कि विमान के अंदर बम है जिसके बाद एहतियात के तौर पर उसे अहमदाबाद भेज दिया गया। बम की धमकी की सूचना मिलते ही पायलट ने वायु यातायात नियंत्रण को सतर्क कर दिया और विमान को अहमदाबाद की ओर मोड़ दिया गया। विमान के सुरक्षित उतरने के बाद सभी यात्रियों को सकुशल बाहर निकाला गया।



आदेश

सुप्रीम कोर्ट की सख्त चेतावनी, लड़के-लड़कियों के अलग टॉयलेट हों, कहा- मासिक धर्म स्वास्थ्य मौलिक अधिकार का हिस्सा

# लड़कियों को फ्री सैनेटरी पैड नहीं देने वाले स्कूलों की रद्द होगी मान्यता

● विफलताओं पर राज्य सरकारें होंगी सीधे तौर पर जवाबदेह

नई दिल्ली, एजेंसी

मासिक धर्म स्वास्थ्य को संविधान के तहत जीवन के अधिकार का हिस्सा बताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे छात्राओं को बिना किसी शुल्क के जैविक रूप से अपघटनीय सैनेटरी पैड उपलब्ध कराएं तथा लड़के-लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालय सुनिश्चित करें।

लैंगिक न्याय व शैक्षिक समानता सुनिश्चित करने के लिए एक ऐतिहासिक फैसले में, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला व न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कई निर्देश जारी करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि ये सुविधाएं सभी स्कूलों में उपलब्ध हों, चाहे वे सरकारी हों, सहायता प्राप्त हों या निजी स्कूल हों। न्यायमूर्ति पारदीवाला द्वारा लिखे गए इस फैसले में अनुपालन न करने पर गंभीर परिणामों की चेतावनी दी गई, जिसमें निजी स्कूलों की मान्यता रद्द करना और सार्वजनिक संस्थानों में विफलताओं के लिए राज्य सरकारों को सीधे तौर पर जवाबदेह ठहराना शामिल है। पीठ ने कहा, संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन के अधिकार में मासिक धर्म स्वास्थ्य का अधिकार भी शामिल है, सुरक्षित, प्रभावी और किफायती मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन उपायों तक पहुंच एक बालिका को यौन और प्रजनन स्वास्थ्य के उच्चतम स्तर को प्राप्त करने में मदद करती है। स्वस्थ प्रजनन जीवन के अधिकार में यौन स्वास्थ्य से संबंधित शिक्षा और जानकारी प्राप्त करने का अधिकार भी शामिल है। इसने कहा, स्राव को सोखने वाले नैपकिन की उपलब्धता के संबंध में, हम निर्देश देते हैं कि सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश यह सुनिश्चित करें कि शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में सरकार द्वारा संचालित या निजी तौर पर प्रबंधित प्रत्येक स्कूल में मानकों के अनुरूप निर्मित ऑक्सो-जैविक रूप से अपघटनीय सैनेटरी नैपकिन निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएं।



### मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन कॉर्नर होंगे स्थापित

पीठ ने फैसले में कहा गया कि सभी स्कूलों को आरटीई की धारा 19 में निर्धारित मानदंडों और मानकों के अनुसार कार्य करना होगा। यदि कोई विद्यालय, जो सरकार या स्थानीय प्राधिकरण द्वारा स्थापित, स्वामित्व या नियंत्रित नहीं है, आरटीई अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उसकी मान्यता रद्द कर दी जाएगी और इसके परिणामस्वरूप कार्रवाई की जाएगी। सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक विद्यालय में मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन कॉर्नर स्थापित किए जाएं।

### शीर्ष कोर्ट ने चार सवाल तैयार किए

अदालत ने चार सवाल तैयार किए, जिनमें यह भी शामिल है कि क्या पैड और शौचालयों की अनुपलब्धता ऐसी प्रणालीगत बाधाएं पैदा करती है, जो किशोरियों को लड़कों के साथ समान शर्तों पर शिक्षा में भाग लेने से रोकती है, जो अनुच्छेद 14 (समानता) का उल्लंघन है। क्या मासिक धर्म संबंधी स्वास्थ्य, संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रजनन स्वास्थ्य और गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिए आवश्यक है। शीर्ष अदालत ने 10 दिसंबर, 2024 को जया ठाकुर द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

अमृत विचार

अयोध्या, शनिवार, 31 जनवरी 2026



# 219 अधिकारी संभालेंगे पावर कार्पोरेशन की नई वर्टिकल व्यवस्था

## अधिशासी अभियंता से लेकर अवर अभियन्ता तक की नवीन तैनाती, कार्यों का हुआ बंटवारा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधीन मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने अयोध्या शहर में बिजली उपभोक्ताओं को बेहतर, तेज और पारदर्शी सेवाएं प्रदान करने के लिए नई वर्टिकल व्यवस्था लागू कर दी है। यह व्यवस्था एक फरवरी 2026 से पूरी तरह प्रभावी हो रही है।

इस नई प्रणाली के तहत बिजली वितरण को वर्टिकल स्ट्रक्चर में संगठित किया गया है, जिसमें कार्यों का स्पष्ट



विभाजन किया गया है। जेई (टीजी-2) स्तर पर वर्टिकल सिस्टम लागू होने से शिकायतों का फास्ट ट्रैक निस्तारण संभव हो सकेगा। शिकायतें ऑटोमैटिक रैंडम तरीके से अलग-अलग कर्मचारियों को आवंटित होंगी, जिससे काम का बोझ समान रूप से बंटेगा और जिम्मेदारी तय होगी। इस व्यवस्था के

- **बिलिंग, मीटर, रेड और आपूर्ति के होंगे अलग-अलग अधिशासी अभियंता व जेई**
- **एक फरवरी से होगी लागू नई व्यवस्था**

संचालन के लिए 219 अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम गठित की गई है। कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, जैसे बिलिंग, मीटर, 33 एवं 11 केवीए लाइनों का अलग प्रबंधन, साथ ही उपभोक्ता शिकायत निवारण के लिए विशेष फोकस। शहर में चार हेल्पडेस्क स्थापित किए गए हैं, जो कौशलपुरी, राम की पैड़ी आदि प्रमुख इलाकों में स्थित हैं। उपभोक्ता बिना कार्यालय गए 1912 पोर्टल या इन हेल्पडेस्क के माध्यम से समस्याओं का समाधान करा सकेंगे।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के निदेशक (वाणिज्य) योगेश कुमार ने बताया कि यह व्यवस्था शहरी उपभोक्ताओं को विशेष रूप से लाभ पहुंचाएगी। इससे बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार, पारदर्शिता बढ़ेगी और अनियमितताओं पर रोक लगेगी। यह पहल महानगरों की तर्ज पर अयोध्या धाम की बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर की गई है।

### कहां किसे मिली तैनाती और क्या संभालेंगे जिम्मेदारी

बलिया से आए नवनीत सिंह सहायक अभियंता 33 केवीए रामजन्मभूमि, अयोध्या धाम, बलिया से आए धर्मेन्द्र कुमार सहायक अभियंता टू मीटर, गोरखपुर से आए दिव्यम कुमार सहायक अभियंता 33 केवीए नाका एवं एलटी, इलाहाबाद से आए सर्वेश सिंह सहायक अभियंता मीटर 1, राजेश कुमार सहायक अभियंता 11 केवीए एवं एलटी राम की पैड़ी अयोध्या, दीपेन्द्र सिंह सहायक अभियंता 33 केवीए सिविल लाइन, रवीन्द्र कुमार अधिशासी अभियंता 33 केवीए, पंकज कुमार राय, अधिशासी अभियंता बिलिंग एवं रेड, आकांक्षा भट्ट अधिशासी अभियंता मीटर, अमित कुमार अधिशासी अभियंता 11 केवीए एवं एलटी, अशोक कुमार अधिशासी अभियंता तकनीकी सहायक, अधिशासी अभियंता 11 केवीए एवं एलटी तैनात किए गए हैं। इसके अलावा अमर दीप श्रीवास्तव अवर अभियन्ता देवकाली, किशन कुमार चौरसिया अवर अभियन्ता 33 केवीए साकेत, प्रवेश कुमार अवर अभियन्ता अमानीगंज, सुशील कुमार अवर अभियन्ता 11 केवीए व एलटी राम की पैड़ी, हरिश्चंद्र रावत अवर अभियन्ता निर्मोचन घाट, अभिषेक मिश्रा, अवर अभियन्ता दुर्गापुरी, गुड्डू यादव अवर अभियन्ता मक्खापुर, पवन कुमार अवर अभियन्ता नियावां, सुमित कुमार मंडल अवर अभियन्ता सिविल लाइन, नरेश चंद्र अवर अभियन्ता मीटर-1, प्रमोद कुमार अवर अभियन्ता बिलिंग कलेक्शन एवं रेड, पंकज सिंह अवर अभियन्ता बिलिंग एवं रेड - 2 बनाए गए हैं। इसके अलावा कर्मचारियों का वितरण किया गया है।

## एक तालाब-एक विद्यालय का ऐलान सुप्त पड़े स्कूलों को झकझोरा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अयोध्या में जल-धरोहर संरक्षण को लेकर एक बार फिर आवाज़ उठी है। संध्या सरोवर परिसर में आयोजित जागरूकता अभियान में पर्यावरण प्रेमी एवं सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक सावंत ने एक तालाब-एक विद्यालय की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए स्कूलों से अपने आसपास मौजूद जलाशयों की जिम्मेदारी लेने की अपील की। कहा कि जिस तरह सामने स्कूल दिखाई दे रहे हैं, उसी तरह हर विद्यालय को अपने आसपास के तालाब, सरोवर और जलाशयों का संरक्षक बनना चाहिए। इसके लिए किसी सरकारी योजना की आवश्यकता नहीं है, बल्कि स्कूल स्तर पर ही जागरूकता अभियान और संरक्षण गतिविधियां शुरू की जा सकती हैं। नगर निगम पर सवाल उठाया। कहा कि आईजीआरएस के माध्यम से पूछा गया कि जल संरक्षण समितियों का गठन क्यों नहीं हुआ। समितियां बनतीं, तो स्कूलों के सामने के तालाबों की यह दुर्दशा न होती। स्कूल मोटी-मोटी फीस तो वसूल रहे हैं, लेकिन बच्चों को सिविक सेंस और सिविक साइंस नहीं सिखा पा रहे। कहा कि समय आ गया है कि फंडामेंटल राइट्स को एक्टिव करते हुए समाज को जागरूक किया जाए।

# बदलेगी नाली की टूटी पटिया, सीवर की होगी मरम्मत

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** नगर की सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के साथ अवधपुरी कॉलोनी का भ्रमण किया। लोगों से जनसमस्याएं जानी और निदान का भरोसा दिया। निरीक्षण में सामुदायिक केंद्र के निकट नाला खुला देख ढंकवाने का निर्देश दिया। लोगों ने शराब की दुकान हटवाने की मांग की।

महापौर ने पत्राचार करने का भरोसा दिया। सुमन मौर्य ने महापौर को बताया कि उनके घर के आसपास पांच घरों की सीवर लाइन अभी तक नहीं जोड़ी गई है। जलकर विभाग को जांच कर सीवर लाइन जोड़वाने का निर्देश दिया। भाजपा बूथ अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा ने कॉलोनी की खाली पड़ी जमीन पर पार्क बनवाने की



अवधपुरी कॉलोनी में निरीक्षण करते महापौर गिरीशपति त्रिपाठी व नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार। अमृत विचार

मांग की। नगर आयुक्त ने पुरानी ट्यूबवेल के पास स्थित शौचालय को खोलने और खाली जमीन पर गेट लगवाने और पार्क बनवाने का वादा किया। काली माता मंदिर के सामने सड़क पर सीवर क्षतिग्रस्त देखकर नाराजगी जताई, उसे सही करने का निर्देश दिया। इस दौरान पार्षद सौरभ सूर्यवंशी, अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ एवं भारत भार्गव, अशोका द्विवेदी, हेमंत जायसवाल, आलोक द्विवेदी एवं मुरारी सहाय सिन्हा, संतोष गौड़, प्रांशु अग्रवाल आदि थे।

**निकाली रैली :** स्वच्छता मिशन के तहत रैली निकाली गई। वाद्य यंत्रों के साथ बैनर लिए निगम कर्मियों ने सूखा और गीला को कूड़ा अलग रखने के तरीके बताए।

## अभियान में बूथों पर युवाओं से भरवाया गया मतदाता फार्म

**अयोध्या, अमृत विचार:** भाजपा से महानगर क्षेत्र में सभी बूथों पर न्यूनतम 20 नए मतदाता जोड़ने का लक्ष्य के तहत फार्म भरवाए गए। प्रदेश महामंत्री व पूर्व सांसद प्रियंका रावत ने महाराजा इंटर कॉलेज, अम्बेडकर नगर तथा देवकाली शक्ति केंद्र पर क्षेत्रीय महामंत्री एवं महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने अवधपुरी वार्ड में 25 युवाओं को मतदाता बनने हेतु फॉर्म भरवाए। महानगर अध्यक्षा कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि शनिवार को प्रत्येक बूथ पर बीएलओ की मौजूदगी रहेगी। रवि सोनकर, हेमंत जायसवाल, मुकेश तिवारी, बाल कृष्ण वैश्य, विनोद श्रीवास्तव, राम आशीष निषाद, श्यामलाल निषाद आदि ने फार्म संख्या छह भरवाया।



विभागीय अधिकारियों को लिखित प्रार्थना पत्र देते कर्मचारी।

## बकाया सातवां वेतनमान और वार्षिक वेतन वृद्धि को लेकर टेक्नीशियन कर्मचारियों ने सौंपा पत्र

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** विद्युत वितरण खंड जलालपुर में कार्यरत टेक्नीशियन कर्मचारियों ने अपने लंबित बकाया सातवें वेतनमान और वार्षिक वेतन वृद्धि न लगाए जाने को लेकर विभागीय अधिकारियों को लिखित प्रार्थना पत्र सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग किया है। प्रार्थना पत्र के माध्यम से कर्मचारियों ने बताया कि वह लंबे समय से विभाग में सेवाएं दे रहे हैं, बावजूद इसके अब तक उन्हें सातवें वेतनमान का लाभ नहीं मिल सका है। साथ ही जनवरी माह में लगने वाली वार्षिक वेतन वृद्धि भी अभी तक लागू नहीं की गई है। कर्मचारियों का कहना है कि इसी कार्यालय में कार्यरत कार्यालय सहायकों की वेतन वृद्धि पहले ही लगा दी गई है, जिससे टेक्नीशियन कर्मचारियों में भेदभाव की भावना उत्पन्न हो रही है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि एरिया-3 महाप्रबंधक कार्यालय से उनकी सर्विस बुक सत्यापित होकर आने के बावजूद भी वेतन वृद्धि और सातवें वेतनमान का लाभ नहीं दिया गया। इससे टेक्नीशियन कर्मचारियों में गहरा रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि फील्ड में रहकर बिजली आपूर्ति बनाए रखने, फाल्ट सुधारने और उपभोक्ताओं से जुड़ी अहम जिम्मेदारियों का निर्वहन टेक्नीशियन कर्मचारी ही करते हैं, ऐसे में उनके साथ इस तरह का व्यवहार न्याय संगत नहीं है।

### वेतन वृद्धि का एग्रीमेंट शीघ्र किया जाए लागू

टेक्नीशियन कर्मचारियों ने मांग किया है कि सभी पात्र कर्मचारियों का लंबित बकाया सातवां वेतनमान एवं वार्षिक वेतन वृद्धि का एग्रीमेंट शीघ्र लागू किया जाए। ताकि उन्हें आर्थिक राहत मिल सके और विभागीय कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके। इस संबंध में अधिशासी अभियंता झब्बू लाल विद्युत वितरण खंड जलालपुर ने बताया कि टेक्नीशियन कर्मचारियों की समस्या उनके संज्ञान में है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर जल्द ही बकाया सातवें वेतनमान एवं वार्षिक वेतन वृद्धि का भुगतान कराया जाएगा। अधिशासी अभियंता के आश्वासन के बाद कर्मचारियों को आंशिक राहत जरूर मिली है, लेकिन वह अब भी शीघ्र कार्रवाई की प्रतीक्षा कर रहे हैं, ताकि वर्षों से लंबित समस्या का स्थायी समस्या का स्थायी समाधान हो सके।



ज्योति कलश का स्वागत कर आरती उतारते लोग। अमृत विचार

## शांतिकुंज से निकली ज्योति कलश यात्रा का हुआ स्वागत

**बसखारी, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** शांतिकुंज से निकली ज्योति कलश यात्रा का विकासखंड बसखारी के शुकुल बाजार में जोरदार स्वागत किया गया। सैकड़ों की संख्या में मौजूद लोगों ने ज्योति कलश का स्वागत करते हुए आरती उतारी। इससे पूर्व ज्योति कलश का गोहिला में भी स्वागत करते हुए पूजा-अर्चन किया गया। दोपहर बाद शुकुल बाजार में पहुंची। कलश यात्रा बाजार का भ्रमण करते हुए रामलीला मैदान पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच रामलीला मैदान पर मौजूद महिलाओं और प्रज्ञा मंडल के सदस्यों ने माल्यार्पण करते हुए पूजा-अर्चन किया और ज्योति कलश की आरती उतारी। बता दे कि शांतिकुंज हरिद्वार मे वर्ष 1926 से प्रज्ज्वलित अखण्ड ज्योति के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वर्ष 2026 को शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके क्रम में शांतिकुंज हरिद्वार से ज्योति कलश यात्रा शुक्रवार को सुबह गोहिलाए सांय को शुक्ल बाजार पहुंची और रात्रि में किछौछा में विश्राम करने का कार्यक्रम बनाया गया है।

## जलालपुर बार एसो. ने की महत्वपूर्ण बैठक

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जलालपुर बार एसोसिएशन की बैठक अध्यक्ष कृपा शंकर मौर्य की अध्यक्षता एवं मंत्री धनश्याम वर्मा के संचालन में आयोजित की गई। बैठक में आमसभा की बैठक आहूत करने सहित कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा कर निर्णय लिया गया। बैठक में जलालपुर में अधिवक्ताओं की पात्रता एवं सत्यापन को लेकर उठे प्रश्नों के मद्देनजर सात सदस्यीय अधिवक्ता जांच समिति का गठन किया गया। समिति को 6 फरवरी तक अपनी रिपोर्ट बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जांच समिति में वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्र शेखर वर्मा को अध्यक्ष, वेद प्रकाश राय कोषाध्यक्ष, श्याम सुंदर यादव पूर्व मंत्री, सत्य प्रकाश मिश्रा संरक्षक पीठ, जगदीश चंद्र यादव पूर्व मंत्री शामिल किए गए हैं। समिति अपनी जांच रिपोर्ट अधिवक्ता संघ के पटल पर रखेगी।

# हॉकी प्रतियोगिता का डीआईजी ने किया उद्घाटन

संवाददाता, आजमगढ़।

**अमृत विचार :** चौरी बेलहा महाविद्यालय तरवा के क्रीड़ा स्थल पर आयोजित स्व. बाबा चन्द्रदीप सिंह स्मारक ग्यारहवीं अखिल भारतीय इनामी हॉकी प्रतियोगिता का उद्घाटन आजमगढ़ के पुलिस उप महानिरीक्षक सुनील कुमार सिह ने किया। इस अवसर पर उनके द्वारा स्व. चन्द्रदीप सिंह के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पाजंलि की गयी। उद्घाटन समारोह उनके द्वारा गुब्बारा और कबूतर उड़ाकर तथा हिट लगाकर किया गया।

कहा कि हमारा विभाग अपने अधिकारियों को कहता है कि हमको कम बोलना चाहिए। इसलिए मैं बहुत कुछ तो नहीं कहूंगा लेकिन



कार्यक्रम का उद्घाटन करते डीआईजी सुनील कुमार सिंह। अमृत विचार

इतना शुभकामना अवश्य दूंगा कि यह क्रीडा स्थल शीघ्र ही स्ट्रोटर्फ से आच्छादित हो। इसके लिए मुझे जो भी करना होगा करुगां। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के 2020 व 2024 के खिलाड़ी ललित उपाध्याय भी उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के साथ-साथ रहे। आयोजन सचिव और चौरी बेलहा महाविद्यालय तरवा के प्रबन्धक प्रभाकर सिंह ने आये हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आप लोगों का इस मैदान पर आना ही हमारा सौभाग्य है। क्षेत्र की जनता इस बात से आह्लादित है कि ओलम्पिक खिलाड़ी का इस क्रीड़ा स्थल पर आना हुआ। अन्त में खेल समिति के अध्यक्ष अखिलेश मिश्र 'गुड्डू' ने आये हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## टैक्स बार एसोसिएशन के सभी निर्वाचित पदाधिकारी वैध : चुनाव अधिकारी



चुनाव अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा

**आजमगढ़।** जिला टैक्स बार एमोसिएशन आजमगढ़ के एल्डर कमेटी एवं चुनाव अधिकारी तथा निर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा कलेक्ट्रेट चौराहा स्थित नीलकंठ होटल में वर्ष 2025-26 के मम्बन्ध मे एक प्रेस वार्ता की गई। प्रेसवार्ता के दौरान एन्डर कमेटी के अध्यक्ष उमाशंकर यादव एडवोकेट एवं चुनाव अधिकारी सन्तोष कुमार मिश्र ने विधिक प्रकिया में चुनाव कराये जाने एवं निर्वाचित पदाधिकारियों का विवरण प्रस्तुत किया गया। चुनाव अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि जिला टैक्स बार एसोसिएशन आजमगढ़ के अध्यक्ष पद पर राम प्रताप राय, सचिव पद पर विवेक सिंह, बरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अजय कुमार श्रीवास्तव व कोषाध्यक्ष पद पर श्रीकृष्ण दत्त सिंह एवं सह सचिव के पद पर धर्मेन्द्र कुमार सिंह वैध रूप निर्वाचित हुए हैं। सभी का शपथ ग्रहण का कार्यक्रम दिनांक 03 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। चुनाव अधिकारी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि चुनाव सौहार्दपूर्ण वातावरण में बाई लाज के मार्ग निर्देशन में तथा बाईलाज के अनुरूप कराया गया। इल्डर कमेटी के अध्यक्ष एवं चुनाव अधिकारी ने नयी कार्यकारिणी को अधिवक्ता हित में कार्य करने तथा बार बेंच में सामंजस्य बनाये रखते हुए पद की गरिमा डिस्ट्रिक्ट टैक्स बार एसोसिएसन की गरिमा का ध्यान में रखते हुए कार्य करने का सुझाव दिया एवं अपनी शुभकामना भी व्यक्त किये।

## आकस्मिक निधन से शोक की लहर

**न्यौरी, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के आलापुर तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा न्यौरी के ग्राम प्रधान अबूजर फारुकी की माता एवं व्यापार मंडल उपाध्यक्ष डॉ. आसिम अबूजर फारुकी की दादी का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही समूचे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बता दें कि शुक्रवार को ग्राम प्रधान न्यौरी अबूजर फारुकी की माता और डॉ आसिम अबूजर फारुकी की दादी खालिदा खातून का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, प्रधान संघ, व्यापार मंडल और क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया। शुक्रवार को ही बाद नमाजे अशर उनको उनके पैतृक कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक कर दिया गया।

## जमीन विवाद को लेकर मारपीट, मुकदमा दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ग्यासपुर निवासी राजकुमार ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर अपने ही बड़े भाई और भाभी पर मारपीट और उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार वह तीन भाई रामचंद्र पाल, अजीत पाल और राजकुमार हैं। पिता द्वारा पूर्व में तीनों भाइयों का आपसी बंटवारा कर दिया गया था। बंटवारे के बाद अजीत पाल और राजकुमार अपने माता-पिता के साथ रहता है। जबकि बड़े भाई रामचंद्र पाल अपनी पत्नी के साथ अलग रहते हैं और माता-पिता से कोई वास्ता नहीं रखते। पीड़ित ने आरोप लगाया कि बड़े भाई और उसकी पत्नी आए दिन घर में विवाद उत्पन्न करते हैं। विपक्षी जबरन अवैध तरीके से अजीत पाल के हिस्से की जमीन में मेड़ बढ़ाकर कब्जा करना चाहते हैं। पीड़ित ने विरोध किया तो उसे और उसके माता-पिता को गाली-गलौज और मारपीट किया। राजकुमार ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में जलालपुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# लंबित मामलों का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देश पर परियोजना अधिकारी डीआरडीए अनिल कुमार सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु समिति एवं जिला व्यापार बंधु की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जनपद में संचालित विभिन्न औद्योगिक, निवेश एवं स्वरोजगार योजनाओं की अद्यतन प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में निवेश मित्र पोर्टल के अंतर्गत ऑनलाइन लाइसेंस, एनओसी निर्गमन, उद्यमियों से प्राप्त फीडबैक तथा उद्यमियों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों को निर्देशित किया कि पोर्टल पर



जिला उद्योग बंधु की बैठक को संबोधित करते परियोजना निदेशक अनिल कुमार सिंह।

### उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता से करें निस्तारण

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 5 .0 के अंतर्गत जनपद को निर्धारित 3000 करोड़ रुपए के निवेश लक्ष्य की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने सभी विभागों को निवेश प्रस्तावों को शीघ्र मूर्त रूप देने, एमओयू, जीबीसी रेडी प्रकरणों को पोर्टल पर अद्यतन करने तथा लक्ष्य प्राप्ति में तेजी लाने के निर्देश दिए। परियोजना अधिकारी डीआरडीए ने कहा कि सभी विभाग उद्यमियों के अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करें।

लंबित प्रकरणों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे जनपद की रैंकिंग में और सुधार हो। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में लक्ष्य के सापेक्ष आवेदन, स्वीकृति एवं ऋण वितरण की प्रगति की समीक्षा की गई।

## प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा चौपाल का हुआ आयोजन

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** ग्राम पंचायत नेवादा कला स्थित प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। शिक्षा चौपाल का संचालन अमरनाथ शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अध्यापकों और अभिभावकों को शिक्षा चौपाल के उद्देश्य, बच्चों की उपस्थिति, शैक्षिक गुणवत्ता और सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर डीबीटी योजना के अंतर्गत बच्चों के खातों में भेजी जाने वाली 1200 की धनराशि की जानकारी दी गई। जिससे बच्चों के लिए ड्रेस, स्वेटर एवं जूते आदि खरीदे जाते हैं। साथ ही बच्चों की 80 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत टीएलएम प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया।

# नगर की पुलिया के नीचे मिला अधेड़ का शव

बसखारी, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** गुरुवार की शाम घर से सब्जी लेने के लिए निकले अधेड़ व्यक्ति का शव नहर की पुलिया के नीचे मिलने पर क्षेत्र में हडकंप मच गया। वहीं मृतक के परिजनों ने जहां हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने पंचनामा भरवाते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बता दें कि बसखारी थाना क्षेत्र के रुस्तमपुर कनकपुर निवासी विक्रम प्रजापति (52) बीते गुरुवार देर शाम को अपने घर से नेवरी बाजार साइकिल से सब्जी लेने गए थे। बताया जाता है कि देर रात तक घर न लौटने पर विक्रम के परिजनों ने खोजबीन और पूछताछ शुरू की तथा किसी अनहोनी की आशंका में परिजन विक्रम को ढूंढते हुए नेवरी सीमा पर स्थित भोजपुर गांव के पास पहुंचे तो नहर के पुल पर साइकिल खड़ी मिली तथा सूखी नहर में बिक्रम मृत अवस्था में पड़े हुए थे। परिजनों ने तत्काल विक्रम को उठाकर नेवरी में स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उधर मृतक के भाई छोटेलाल ने अपने भाई की हत्या की आशंका जताई है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार पांडेय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

कार्यक्रम | **कौमी इंटर कॉलेज टांडा में परीक्षा पर चर्चा एवं संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन, जिलाधिकारी ने ग्रुप स्टडी करने पर दिया जोर**

# छात्र सफलता के लिए मेहनत से न भागें : जिलाधिकारी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** 18 फरवरी से शुरू हो रही यूपी बोर्ड की परीक्षा में अधिक से अधिक अंक अर्जित करने के लिए परीक्षार्थियों के साथ परीक्षा पर चर्चा एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन कौमी इंटर कॉलेज टांडा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर रहे।

यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के परीक्षाओं को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सभी छात्र-छात्रा लिखने





कौमी इंटर कॉलेज टांडा में आयोजित परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को संबोधित करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला एवं छात्र-छात्राएं।

की प्रैक्टिस अवश्य करें, अन्यथा परीक्षा में प्रश्न छूट जाएंगे। पिछले 10 वर्ष का प्रश्न पत्र रिवीजन करने और सभी फॉर्मूला को एक साथ लिखकर रिवीजन करें। उन्होंने कहा कि परीक्षा की तैयारी के लिए 20 दिन में प्रतिदिन 10 घंटे के हिसाब से अब केवल 200 घंटे ही बचे हुए हैं, ऐसे में इस 20 दिन में कम से कम 20 घंटे उत्तर लिखने का अभ्यास अवश्य करें। जिलाधिकारी ने परीक्षार्थियों से कहा कि मेहनत करने से कभी न भागें जिंदगी में जो भी मुकाम मिलेगा वह मेहनत के दम पर ही मिलेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवीण कुमार तिवारी के संयोजन में आयोजित परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में बोलते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा के दौरान खान-पान का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि ग्रुप स्टडी करने से जल्दी से चीज समझ में आती है। मैप प्रेक्टिस करने के लिए जिलाधिकारी ने सुझाव दिए। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने कहा कि जिस विषय में कमजोर हैं उस पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि जो भी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं वह परीक्षार्थी 25 मिनट की पढ़ाई के बाद 5 मिनट के ब्रेक का फार्मूला अपनाएं। इससे अच्छे अंक हासिल होंगे और तैयारी भी अच्छी होगी। उन्होंने कहा कि जो भी पढ़ाई करें उसका सप्ताह में एक बार रिवीजन अवश्य करें, इससे जो भी पढ़ाई होगी वह हमेशा याद रहेगी।

### कार्यक्रम में इन विद्यालयों के छात्र रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कौमी इंटर कॉलेज टांडा, एचटी इंटर कॉलेज, मिश्रीलाल आर्य कन्या इंटर कॉलेज टांडा, आदर्श जनता इंटर कॉलेज टांडा, आदर्श जनता इंटर कॉलेज टांडा, सरस्वती विद्या मंदिर टांडा, जीजीआईसी टांडा, जीजीआईसी नगरपालिका टांडा, राजकीय विद्युत परिषद इंटर कॉलेज, राजकीय हाईस्कूल फरीदपुर कुतुब, राजकीय हाईस्कूल डिहवा मोहिउद्दीनपुर, मंजरे हक इंटर कॉलेज टांडा, किसान इंटर कॉलेज पकड़ी भोजपुर, लालता प्रसाद इंटर कॉलेज मुबारकपुर, राम नारायण उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फूलपुर सहित अन्य विद्यालयों के बच्चे मौजूद रहे। इस दौरान प्रमुख रूप से जीआईसी अकबरपुर के प्रधानाचार्य हरेंद्र प्रताप यादव, नोडल टांडा डॉ. तारा वर्मा, डॉ. जयचंद, कौमी कॉलेज के प्रबंधक उबैदुर रहमान, प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह, अबुजर अंसारी, सिराज फाजिल, शकुंतला देवी समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## सेवानिवृत बीईओ को दी गई भावभीनी विदाई

**बसखारी, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** शुक्रवार को सेवानिवृत खंड शिक्षा अधिकारी बसखारी का बीआरसी के शिक्षकों और कर्मचारियो ने बीआरसी बसखारी के प्रांगण में विदाई सम्मान समारोह का आयोजन कर उन्हें भावभीनी विदाई दिया। विदाई समारोह में शिक्षकों ने उनके कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यशैली को प्रेरणादायक बताया। खंड शिक्षा अधिकारी बसखारी कृष्ण कुमार सिंह लगभग तीन वर्ष से यहां पर तैनात थे। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए सहजता के साथ सरकार की मंशा को संपादित किया। उन्होंने शासन के द्वारा दिए गए शिक्षा को सुदृढ़ बनाने के हर निर्देश को चुनौती के रूप में स्वीकार कर अपने



सेवानिवृत्ति खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह प्रतीक चिह्न देते बीआरसी के शिक्षक और कर्मचारी।

शिक्षक कर्मियों के साथ तय समय सीमा के पहले कार्यों को संपादित किया। विदाई सम्मान समारोह के दौरान सेवानिवृत्ति खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्त एक सरकारी प्रक्रिया है। जिसका सामना सभी कर्मचारियों को करना है। सभी कर्मचारियों व शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी को अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह, गीताए रामायण देकर विदा किया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह, सीडीपीओ डॉ. नीरज पांडेय, खंड शिक्षा अधिकारी जहांगीरगंज संतोष पाण्डेय, अकबरपुर हिमांशु मिश्र, भियांव विवेक द्विवेदी, आनंद कुमार सिंह, सत्यमणि दूबे, आनन्द ओझा, अरुण कुमार, भोला पांडेय, सनोज कुमार, अमित कुमार सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं और कर्मचारी मौजूद रहे।

# 19 मार्च को राष्ट्रपति करेंगी रामलला का दर्शन पूजन, मिली सहमति

## राम यंत्र स्तोत्र समेत पवित्र ग्रंथ होंगे गर्भगृह में स्थापित ■ राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने दी जानकारी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** नव संवत्सर चैत्र प्रतिपदा के अवसर पर 19 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राम मंदिर में रामलला का दर्शन पूजन करेंगी। राम यंत्र स्थापना समारोह में भाग लेंगी। इसकी अनौपचारिक सहमति प्राप्त हो गई है। श्री राम मंदिर परिसर में स्वागत की तैयारी शुरू कर दी गई है।

बता दें कि कुछ दिन पहले श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्यों ने दिल्ली में राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मू से मुलाकात करके आमंत्रण पत्र सौंपा थी। राम मंदिर के संपूर्ण निर्माण का कार्य संपन्न होने के बाद मंदिर में द्वितीय तल के गर्भगृह में स्वर्ण धातु से बने श्री राम यंत्र स्तोत्र समेत पवित्र ग्रंथों को स्थापित किया जाएगा। इसकी स्थापना समारोह में ही राष्ट्रपति को बुलाया गया है। राष्ट्रपति यहां मंदिर निर्माण से जुड़े 400 श्रमिकों का विशेष सम्मान करेंगी। इन श्रमिकों में ऐसे लोग शामिल होंगे जिन्होंने राम मंदिर को आकार देने में छोटे-छोटे काम किए हैं। ऐसे श्रमिकों की सूची बनाई गई है। राम जन्मभूमि परिसर में दो दिवसीय मंदिर निर्माण समिति की बैठक में कार्यों को पूरा करने के साथ आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रमों को लेकर मंथन किया गया।

मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि 19 मार्च को हिंदू नव वर्ष के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अयोध्या दौरे को लेकर अनौपचारिक सहमति मिल गई है। वह राम लला, राजा राम का दर्शन पूजन करेंगी। इस खास मौके पर राष्ट्रपति राम मंदिर परिसर में निर्माण कार्य में जुटे लगभग 400 श्रमिकों को भी सम्मानित करेंगी। इसके साथ ही अन्य कार्यक्रमों में भाग लेंगी।

### 400 वर्ष पुरानी वाल्मीकि रामायण व राम यंत्र स्तोत्र पहुंचा अयोध्या

मिश्र ने बताया कि राम मंदिर की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर को और समृद्ध करने के लिए केंद्रीय संस्कृति विश्वविद्यालय, दिल्ली के कुलपति ने करीब 400 वर्ष पुरानी वाल्मीकि रामायण ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को सौंपी गई है। यह अब राम मंदिर पहुंच चुकी है। कांची कामकोटि पीठ के शंकराचार्य से राम यंत्र स्तोत्र भी चंपत राय को सौंपा गया है। इसे मंदिर परिसर में लाया गया। इन दोनों पवित्र धरोहरों को राम मंदिर के गर्भगृह में स्थापित किया जाएगा।

**हिंदू नववर्ष पर आयोजित होगा समारोह**

### प्राचीन रामायणों के चयन के लिए बनेगी विशेष समिति

मिश्र ने बताया कि राम मंदिर ट्रस्ट से एक विशेष समिति का गठन किया जा रहा है, जो देश और विदेश में विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध प्राचीन रामायणों का चयन करेगी। इसके लिए जल्द ही एक सार्वजनिक विज्ञापन जारी किया जाएगा, ताकि जिन लोगों के पास दुर्लभ और प्राचीन रामायण हों, वे उन्हें समिति के समक्ष प्रस्तुत कर सकें। जांच और प्रमाणिकता के बाद चयनित रामायणों को मंदिर परिसर में स्थान दिया जाएगा।

### अप्रैल के अंत तक राम मंदिर परिसर से विदा होंगी एलएंडटी और टीसीएस

राम जन्मभूमि परिसर में निर्माण संस्था एलएंडटी और टाटा कांस्टेंसी समेत अन्य निर्माण एजेंसियों से निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। शेष कार्यों को भी फरवरी व मार्च के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। अप्रैल के अंत तक कंपनियां अपने सभी दायित्व पूरे कर कार्य स्थल से विदा हो जाएंगी। इसके लिए कंपनियां के बड़े मशीनों को वापस भेजने के लिए तैयारी भी शुरू कर दिया है। निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र के मुताबिक मंदिर संबंधित सभी कार्य संपन्न हो चुके है।

### मेमोरियल के रूप में स्थापित होगा रामलला का अस्थायी मंदिर



बताया कि भगवान रामलला जिस अस्थायी मंदिर में विराजमान रहे, उसे मेमोरियल के रूप में फरवरी के अंत तक तैयार कर लिया जाएगा। राम मंदिर आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति देने वाले राम भक्तों का स्मारक का भी निर्माण हो रहा है। इसे भी मार्च तक पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके साथ ही राम मंदिर परिसर में फसाड लाइटिंग और साइनेज का कार्य भी शुरू कर दिया गया है।

# फरार दोनों बंदियों के मुंबई जाने की संभावना, पुलिस टीम रवाना

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार Follow UP



पहले भी घेराबंदी कर मुंबई से पकड़ा गया था गोलू

**अमृत विचार :** जिला कारागार की सुरक्षा में सेंध लगाकर फरार होने वाले दोनों बंदियों के मुंबई जाने की संभावना है। पुलिस की एक विशेष टीम को मुंबई रवाना कर दी गई है। फरार बंदियों में गोलू अग्रहरि पूर्व में भी मुंबई से ही पकड़ा गया था। फिलहाल घटना के चौबीस घंटे बाद तक दोनों आरोपी पुलिस के हाथ नहीं आए हैं। तीन टीमें अयोध्या के साथ पड़ोस के अमेठी, सुलतानपुर जिलों में छापेमारी कर रही है।

बता दें कि जिला कारागार की विशेष बैरक नंबर एक की कोठरी नंबर चार में एक साथ बंद शेर अली निवासी अमेरमऊ थाना करौंदी कला जिला सुल्तानपुर व गोलू अग्रहरि उर्फ सूरज निवासी मुसाफिरखाना थाना मुसाफिरखाना जिला अमेठी बैरक का रोशनदान निकालकर कंबल व मफलर की रस्सी बनाकर 22 फिट ऊंची जेल की दीवार फांदकर फरार हो गए थे। जानकारी गुरूवार की सुबह हुई। मामले में जेल अधीक्षक समेत 11 अधिकारी व कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया। घटना के बाद पुलिस की तीन टीमें आरोपियों की तलाश में उनके पैतृक निवास व अन्य स्थानों पर छापेमारी कर रही है।

जानकारी के अनुसार नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में थाना इनायतनगर पुलिस ने गोलू को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। दर्ज मुकदमें के विवेचक तत्कालीन मिल्कीपुर सीओ, अब सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने कड़ी मशक्कत के बाद गोलू को मुंबई से पकड़ा था। दोनों के एक साथ फरार होने के बाद एक बार फिर अंदेशा है कि दोनों फिर मुंबई न भाग गए हो। हालांकि पुलिस ने अयोध्या धाम व कैंट रेलवे स्टेशन की सीसीटीवी फुटेज खंगाली है लेकिन कुछ हासिल नहीं हुआ है। अब संभावना जताई जा रही है कि दोनों किसी छोटे स्टेशन से ट्रेन पकड़कर लखनऊ, फिर लखनऊ से मुंबई भाग गए हो। फिलहाल पुलिस की एक टीम मुंबई के लिए रवाना हो चुकी है।

### पूर्वांचल के एक माफिया के साथ भी जुड़ा था गोलू

पुलिस सूत्रों के अनुसार गोलू अग्रहरि के खिलाफ सात मुकदमें दर्ज है। आपराधिक प्रवृत्ति के गोलू के संबंध पूर्वांचल के एक चर्चित माफिया के साथ भी बताए जा रहे हैं। वह उनके साथ ठेकेदारी का काम करता था। हालांकि उसकी बुरी हरकतों के वजह से उसे भगा दिया गया था। इसके बाद से वह गंभीर अपराधों में लिप्त हो गया। बताया जा रहा है कि दूसरा फरार बंदी शेर अली शातिर अपराधी है, उसके खिलाफ हत्या समेत अन्य गंभीर अपराधों में 11 मुकदमें दर्ज हैं। सुलतानपुर की जयसिंहपुर थाना पुलिस ने बीते दिनों उसे अयोध्या के खंडासा थाना क्षेत्र के एक गांव, जो उसकी ससुराल बताई जा रही है, वहां से गिरफ्तार किया था। वह नवंबर 2024 से जेल में निरूद्ध है।

### तन्हाई बैरक में दो बंदियों के रखने पर भी सवाल

जेल की विशेष बैरक (तन्हाई) की प्रत्येक कोठरी इतनी छोटी होती है कि इसमें सिर्फ एक तख्त रखने की ही जगह होती है। नियमानुसार इसमें सिर्फ एक ही बंदी को रखा जाता है। बावजूद इसके दोनों को करीब 10 दिनों से ही एक बैरक में रखा गया। जेल प्रशासन पर यह गंभीर सवाल भी उठ रहे हैं।

### रात 11 से 12 बजे फरार होने की संभावना

पुलिस की टीम ने जेल में लगे सभी 49 सीसीटीवी की फुटेज बारीकी से खंगाली लेकिन इसमें कहीं भी बंदियों के फरार होने की घटना नहीं दिखी। वहीं तन्हाई बैरक में लगे कैमरे में करीब 7:45 बजे दोनों अंदर जाते दिखे थे। दोनों बंदियों की चप्पलें भी बैरक में मिली है, इससे संभावना जताई जा रही है कि दोनों नंगे पांव ही भागे हैं। अब तक की जांच के बाद यह अनुमान लगाया जा रहा है कि दोनों रात 11 से 12 बजे के बीच में फरार हुए हैं।

> जेल से फरार दोनों बंदियों की तलाश में पुलिस की तीन टीमें छापेमारी कर रही हैं। दोनों के परिवार के लोगों के मोबाइल फोन को सर्विलांस पर लगाए गए हैं। शहर में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच के लिए एक स्पेशल टीम लगाई गई है। - श्रीयश त्रिपाठी, सीओ सिटी।

### तालाब में गिरने से बाइक सवार की मौत

**रुदौली, अमृत विचार :** कोतवाली रुदौली के रुदौली-अमानीगंज मार्ग पर मिर्जापुर के निकट मोड़ पर तालाब में गिरने से पल्सर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गए।

मौके पर पहुंचे कोतवाल संजय मौर्य ने बताया मृतक की पहचान आकाश शुक्ला पुत्र हनुमान दास शुक्ला, निवासी परशुरामपुर थाना रौनाही के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार जिस अंधे मोड़ पर यह हादसा हुआ, वहां सड़क के दोनों ओर तालाब होने के कारण दृश्यता बेहद कम हो जाती है। न तो वहां कोई चेतावनी संकेतक है, न सुरक्षा रेलिंग और न ही स्पीड ब्रेकर। तेज रफ्तार वाहन जैसे ही मोड़ पर पहुंचते हैं, अचानक सामने का रास्ता ओझल हो जाता है और वाहन चालक संभल नहीं पाते हैं।

# बिना लेआउट पास कराए प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

अयोध्या कार्यालय



अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त करतीं जेसीबी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सोहावल तहसील क्षेत्र के रौनाही गांव सहित नेशनल हाईवे-27 के आसपास बिना लेआउट पास कराए प्लाटिंग पर विकास प्राधिकरण ने कार्रवाई की। बुलडोजर से अवैध रूप से खड़ी की गई कटरौली, सोहावल चौराहा, धन्नीपुर में, रौनाही पड़ाव पर 12 सौ बिस्वा प्लाटिंग की दीवारों को ध्वस्त कर दिया। जारी विज्ञप्ति में यह प्लाटिंगे मित्रसेन यादव, संजय यादव, शादाब खान, जीशान मिर्जा, नईम खान, मोइनुद्दीन की बताई।

सोहावल प्रतिनिधि के मुताबिक प्राधिकरण के एई राकेश तोमर और जेई चंदन गुप्ता सहित छह सदस्यीय टीम की अगुवाई में लगभग आधा दर्जन ऐसी प्लाटिंग पर कार्रवाई की गई, जिनका विकास प्राधिकरण से लेआउट स्वीकृत नहीं था। कार्रवाई का विरोध भी हुआ। अधिकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि क्षेत्र में जहां-जहां बिना लेआउट पास कराए प्लाटिंग पाई जाएगी, वहां इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# बेसिक के विधार्थियों को मिलेगा 360 डिग्री रिपोर्ट कार्ड

अयोध्या कार्यालय

- विद्यालयों में अध्ययनरत एक से पांच तक के दो लाख बच्चे होंगे लाभान्वित

**अमृत विचार :** प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा एक से पांच तक के बच्चों को अब 360 डिग्री रिपोर्ट कार्ड मिलेगा। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के प्रस्ताव पर विशेषज्ञों ने इसे तैयार किया है। इसी सत्र की मार्च अंत में परीक्षा के बाद बच्चों को यह रिपोर्ट कार्ड वितरित किया जाएगा। योजना से जिले के 1792 परिषदीय विद्यालयों के दो लाख से अधिक बच्चों को सीधा लाभ होगा।

बताया गया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में विद्यार्थियों की रचनात्मक सोच, तार्किक निर्णय क्षमता और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करने पर बल दिया गया है। राज्य शिक्षा संस्थान के प्राचार्य राजेन्द्र प्रताप से जारी आदेश में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समग्र मूल्यांकन आवश्यक है। एनईपी के अनुरूप इस समग्र प्रगति पत्र में बच्चों के शैक्षिक प्रदर्शन, कौशल, संज्ञानात्मक, सामाजिक- भावनात्मक, रचनात्मकता और शारीरिक स्वास्थ्य को भी शामिल किया गया है।

■ **व्यापक मूल्यांकन-** इसमें शैक्षणिक के साथ जीवन कौशल, मानसिक स्वास्थ्य, और कलात्मक रुचियों का विवरण होगा।

■ **बहु-आयामी-** यह संज्ञानात्मक, भावात्मक और मनोप्रेरक क्षेत्रों का विश्लेषण करता है।

■ **स्वयं और सहकर्मी मूल्यांकन-** छात्र स्वयं की प्रगति का आकलन करेंगे और सहपाठी भी फीडबैक देंगे।

■ **योग्यता-आधारित-** यह रटने की क्षमता के बजाय विश्लेषणात्मक, समस्या-समाधान, रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच जैसे कौशलों पर केंद्रित है।

### बेसिक शिक्षा की परीक्षा का प्रश्नपत्र का प्रारूप भी बदलेगा

360 डिग्री मूल्यांकन के लिए कक्षा दो से आठ तक के प्रश्नपत्र का प्रारूप भी बदलेगा। कक्षा दो से पांच तक के प्रश्नपत्र में 40 प्रतिशत प्रश्न ज्ञानात्मक, 30 फीसदी बोधात्मक, 20 फीसदी अनुप्रयोग आधारित जबकि दस फीसदी प्रश्न विश्लेषण, मूल्यांकन एवं सृजनात्मक होंगे। कक्षा छह से आठ तक के प्रश्नपत्र में 30 फीसदी प्रश्न ज्ञानात्मक, 40 फीसदी बोधात्मक और शेष यथावत होंगे। प्रश्नों के कठिनाई स्तर की बात करें तो 30 फीसदी सरल, 50 फीसदी सामान्य और 20 फीसदी प्रश्न कठिन होंगे।

> शिक्षा निदेशालय की ओर से सूचना आई है। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को इसके लिए शिक्षकों को जागरूक करने की जिम्मेदारी दी गई है। यह एक बहुआयामी रिपोर्ट कार्ड होगा। - लालचंद बीएसए, अयोध्या

# संपूर्ण कोशल क्षेत्र में कुल छह जैन तीर्थंकरों का जन्म : प्रो. अमर

अयोध्या कार्यालय





अवध विवि में राष्ट्रीय संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मुख्य नियंता प्रो. एसएस मिश्र।

- श्री ऋषभदेव जैन शोध पीठ में आयोजित हुआ एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में स्थापित श्री ऋषभदेव जैन शोध पीठ में कोशल में जैन धर्म शीर्षक पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के प्राचीन इतिहास एवं कला विभाग के सेवानिवृत्त प्रो. अमर सिंह और राजकीय रमाबाई डिग्री कालेज के इतिहास विभाग के सह-आचार्य डॉ.रवीन्द्र कुमार वर्मा थे। इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के सह- आचार्य डॉ. अवध नारायण ने मुख्य वक्ताओं का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया।

मुख्य अतिथि प्रो. अमर सिंह ने कोशल में जैन धर्म की प्रासंगिकता पर कहा कि जैन धर्म के परिप्रेक्ष्य में कोशल क्षेत्र का महत्वपूर्ण स्थान है। सम्पूर्ण कोशल क्षेत्र में कुल छः जैन तीर्थंकरों का जन्म हुआ। कहा कि इन सभी तीर्थंकरों ने जैन धर्म के अनेकों सिद्धांत प्रतिपादित किया जो आज भी समाज में अत्यंत उपयोगी हैं। जैन धर्म में प्रतिपादित सिद्धांत- सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह एवं ब्रह्मचर्य के बारे मे विस्तार से बताया। प्रो. सिंह ने अवध विश्वविद्यालय को अवध क्षेत्र में जन्में जैन तीर्थंकरों पर ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक अनुसंधान एवं शोध को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित भी किया।

डॉ. रवीन्द्र कुमार वर्मा ने जैन धर्म केऐतिहासिक, पुरातात्विक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व को बताया। कोशल में जैन धर्म के विभिन्न पहलुओं को रेखांकित किया । कहा कि जहाँ हम सभी उपस्थित है, वह धरती जैन धर्म के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है, न केवल सनातन धर्म के लिए बल्कि जैन धर्म के अनुयायियों के लिए भी यह स्थान अत्यन्त पवित्र है। ऋषभदेव जैन शोध पीठ के सह-आचार्य डॉ. देव नारायण वर्मा ने कहा कि आज भी जैन धर्म में वर्णित दैनिक क्रियाओं से संबन्धित सत्कर्म सम्पूर्ण समाज के लिए प्रासंगिक है। प्रो. कविता सिंह, डॉ. राज कुमार सिंह, डॉ. अनूप पाण्डेय, डॉ. लक्ष्मण सिंह आदि ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किया। डॉ. दिव्या वर्मा, डॉ. निहारिका सिंह, डॉ. प्रतिभा सिंह, डॉ. मृदुला पाण्डेय, डॉ. नेहा श्रीवास्तव, डॉ. प्रतिभा त्रिपाठी, डॉ. रचना श्रीवास्तव, डॉ.विनीत सिंह, डॉ. सुरेन्द्र प्रताप यादव, डॉ.अखण्ड प्रताप सिंह, डॉ. आलोक मिश्र सुधीर सिंह, शैलेश, नसीब अली तथा छात्र-छात्राएँ मौजूद रहीं।

# बीमा की रकम ब्याज के साथ पीड़िता को देने का आदेश

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार।** एक लाख रुपए बीमा की रकम बीमा कंपनी से याची को देने का आदेश स्थाई लोक अदालत से हुआ है। आदेश अध्यक्ष मनोज कुमार तिवारी, सदस्य राजेश कुमार शुक्ला और अजीत प्रताप सिंह ने दिया है। तहसील सोहावल के हाजीपुर बरसेंडी के बृजेंद्र कुमार ने यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा पॉलिसी ली थी। पॉलिसी 23 अप्रैल 2010 से 22 अप्रैल 2011 तक प्रभावी थी। 28 अप्रैल 2010 को बृजेंद्र की एक दुर्घटना में मौत हो गई।

उनकी पत्नी गुड़िया ने बीमा धनराशि देने के लिए कंपनी से याचना की लेकिन कंपनी ने क्षतिपूर्ति धनराशि देने से इनकार कर दिया। उन्होंने अस्थाई लोक अदालत में मुकदमा दायर किया। सुनवाई के बाद आदेश हुआ कि बीमा कंपनी एक लाख रुपये याची को अदा करें। साथ ही उस पर माह जनवरी 2012 से माह अप्रैल 2017 तक 10 प्रतिशत साधारण वार्षिक ब्याज और मई 2017 से अदायगी तक 10 फीसदी चक्रवृद्धि ब्याज भी दे। मानसिक कष्ट व दौड़ भाग के लिए 40 हजार व मुकदमे के खर्चे के लिए 10 हजार अलग से गुड़िया को 60 दिन के अंदर अदा करने का भी आदेश दिया। स्थाई लोक अदालत ने आदेश की प्रति कंपनी के प्रबंध निदेशक को भेजने और जिस अधिकारी और कर्मचारी की लापरवाही से बीमा कंपनी को यह अतिरिक्त भुगतान करना पड़ रहा है उसकी वसूली उसके वेतन से रिकवरी करने का भी आदेश दिया है।

**बजट 2026 से उम्मीद** — युवा बेरोजगारी दूर करने, महिलाएं महंगाई पर नियंत्रण, व्यापारी व्यापार में आसानी, टैक्स राहत की उम्मीद

# रोजगार सृजन और इकोनॉमिक ग्रोथ पर फोकस की अपेक्षा



अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** केंद्रीय बजट 2026-27 से युवा, महिलाएं और व्यापारी वर्ग की काफी उम्मीदें हैं। इसमें रोजगार सृजन, स्किल डेवलपमेंट और इकोनॉमिक ग्रोथ पर फोकस की संभावना है। युवा वर्ग बेरोजगारी कम करने वाली मजबूत नीतियों की मांग कर रहा है।



### जीएसटी कम हो तो तभी महंगाई से मिलेगी राहत



ऊषा तिवारी

शाहगंज की ऊषा तिवारी गृहणीं हैं। कहती हैं महंगाई ने किचन का बजट बिगाड़ दिया। बजट में रसोई गैस, सब्जी-दाल और अन्य जरूरी सामानों पर राहत मिले, तो परिवार खुद संभल जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि महंगाई पर लगाम लगाने के लिए सब्सिडी बढ़ाएं या जीएसटी दरों में कमी लाएं, खासकर आवश्यक वस्तुओं पर।

### महंगाई पर ब्रेक लगे, तभी बजट होगा संतुलित



प्रीती

मिल्कीपुर की प्रीती कहतीं हैं कि डेली नीड्स के सामान पर जीएसटी बहुत ज्यादा है, इसे कम किया जाए। उन्होंने ईंधन के दाम कम करने और रोजगार बढ़ाने की भी अपेक्षा जताई। महंगाई के साथ बेरोजगारी ने घरों की आर्थिक स्थिति को और कमजोर किया है।

### स्किल डेवलपमेंट, नए जॉब्स को स्पेशल पैकेज की जरूरत



आकाश

सिविल लाइन की युवा आकाश श्रीवास्तव कहते हैं कि देश की सबसे बड़ी ताकत युवा हैं, लेकिन बेरोजगारी परेशान कर रही है। बजट में स्किल डेवलपमेंट, स्टार्टअप को बढ़ावा और नए जॉब्स के लिए स्पेशल पैकेज की जरूरत है। शिक्षा क्षेत्र में निवेश बढ़ाने, प्रोफेशनल कोर्स सस्ते करने और किताबों-फीस पर राहत की मांग की। चाहते हैं कि बजट में एआई-रेडी वर्कफोर्स के लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम्स पर फोकस हो, ताकि भविष्य की नौकरियां मिल सकें।

### घोषणाएं नहीं, क्रियान्वयन पर भी हो फोकस



विनोद यादव

नियावां के विनोद यादव कहते हैं कि बजट मं सिर्फ घोषणाएं नहीं, बल्कि क्रियान्वयन पर फोकस हो। विशेषकर ग्रामीण युवाओं को ज्यादा रोजगार और उद्योगों को बढ़ावा देने की जरूरत है। कहा कि शिक्षा और रोजगार पर मजबूत निवेश से युवा शक्ति देश की प्रगति का इंजन बनेगी।

### रोजमर्रा की चीजों पर घटे जीएसटी तो बढ़ेगी खरीद



विवेक कुमार

झारखंडी में जनरल स्टोर संचालक विवेक कुमार गुप्ता कहते हैं कि जीएसटी में कई दरें अभी भी उलझन पैदा करती हैं। बेसिक सामान जैसे दूध, चीनी या रोजमर्रा की चीजों पर जीएसटी कम या जीरो हो जाए तो खरीद बढ़ेगी, हमारा टर्नओवर सुधरेगा। उच्च खरीद लागत से उनकी बिक्री प्रभावित हो रही है।

### कम ब्याज दरों पर हो फंडिंग



राजेंद्र कुमार

शहर के प्रतिष्ठित मिष्ठान विक्रेता राजेंद्र मोदनवाल कहते हैं कि सस्ता लोन, क्रेडिट गारंटी, जीएसटी सुधार, सस्ती भूमि और स्टार्टअप इकोसिस्टम के लिए विशेष प्रावधान होना चाहिए। व्यापार में आसानी, टैक्स राहत और विस्तार के लिए कम ब्याज दरों पर फंडिंग भी होनी चाहिए। उन्होंने इंस्पेक्टर राज पर भी अंकुश लगाने की बात कही।

## न्यूज ब्रीफ

### भयमुक्त होकर करें सहयोग, प्रशासन पूरी तरह साथ : एसडीएम



संतोष कुमार एसडीएम रुदौली

**शुजागंज, अयोध्या। अमृत विचार :** एसडीएम रुदौली संतोष कुमार ने क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की कि वे भयभीत न हों। कहा कि मतदाताओं को डरने की कोई आवश्यकता नहीं है, प्रशासन पूरी तरह से उनके साथ खड़ा है। हर समस्या का समाधान नियमानुसार किया जाएगा। एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) के तहत जारी नोटिस को लेकर तहसील, ब्लॉक कार्यालय और नगर पालिका कार्यालय में मतदाताओं की भीड़ देखने को मिल रही है। बड़ी संख्या में लोग अपनी स्थिति स्पष्ट कराने और जानकारी करने के लिए कार्यालयों में पहुंच रहे हैं। पूरे दिन लंबी कतारें लगी रहीं। प्रशासनिक अफसरों ने कहा कि किसी भी पात्र मतदाता के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

### तीन आरोपियों की गिरफ्तारी पर 10-10 हजार का पुरस्कार

**अयोध्या, अमृत विचार :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर ने कोतवाली अयोध्या पर पंजीकृत अभियोग में फरार चल रहे तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु 10-10 हजार का पुरस्कार घोषित किया है। आरोपियों में अपराध संख्या 37/26 धारा 191(2), 115(2), 351(3), 117(2), 109(1) बीएनएस में फरार चल रहे आरोपी अरविन्द उर्फ देवराज व अजय यादव निवासी रामगुलाम का पुरवा भीखापुर व डाबर उर्फ गोलू उर्फ शिवम यादव निवासी पहाड़गंज थाना कोतवाली नगर शामिल हैं।

### डीआईओएस ने मेधावियों को किया सम्मानित

**पूराबाजार, अमृत विचार।** श्री निर्भय सिंह औद्योगिक इंटर कॉलेज रामपुर सरधा के संस्थापक स्व. बाबू देवता सिंह की 42वीं पुण्यतिथि श्रद्धा भाव से मनाई गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मेधावियों को सम्मानित किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ पवन कुमार तिवारी, उप शिक्षा निदेशक कौस्तुभ कुमार सिंह, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, पेट्रोलियम संघ के जिलाध्यक्ष राजेश सिंह, प्रधानाचार्य अमित कुमार सिंह ने किया। डीआईओएस ने हाईस्कूल परीक्षा में विद्यालय में सर्वाधिक अंक पाने वाले मेधावी पूजा वर्मा और आलोक कुमार सिंह को मेडल व नकद धनराशि देकर सम्मानित किया। अध्यक्षता भगवान बक्स सिंह व संचालन प्रवक्ता मनोज सिंह ने किया। प्रधानाचार्य अमित कुमार सिंह ने अतिथियों का आभार जताया।

### अधिवक्ताओं ने किया कोर्ट के निर्णय का स्वागत

**शाहगंज, अमृत विचार।** सर्वोच्च न्यायालय से यूजीसी के नियम को स्थगित करने के बाद अधिवक्ता सभागार बीकापुर में शुक्रवार सुबह बार अध्यक्ष अवध राम यादव के अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। अधिवक्ताओं ने कोर्ट के निर्णय का स्वागत किया। इसे विजय दिवस के रूप में मनाया। एक दूसरे को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया। पूर्व अध्यक्ष उमेश प्रसाद पांडेय ने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह आर्थिक व्यवस्था के आधार पर कानून बनाकर लोगों को आरक्षण का लाभ प्रदान करें। मौके पर मंत्री देवी दयाल मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीकांत के अलावा पूर्व अध्यक्ष पंडित ओमप्रकाश, आबाद अहमद, बैजनाथ यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

### यूजीसी के नियमों में सुधार आज की आवश्यकता

**पूराबाजार।** ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने कहा कि यूजीसी के नियमों में सुधार आज की आवश्यकता है। छात्र जीवन से ही यदि सद्भाव और विश्वास समाप्त होगा तो आगे चलकर समाज की एकता भी कमजोर होगी। कहा कि सभी वर्गों के छात्रों के साथ समान और समान अवसर सुनिश्चित होना चाहिए। किसी भी वर्ग का छात्र किसी अन्य छात्र को परेशान करता है तो उसे पर निष्पक्ष और कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। यदि कोई शिकायत झूठी पाई जाती है तो उसे पर शिकायतकर्ता की विरुद्ध कानूनी कार्रवाई अनिवार्य होना चाहिए।

### 29 दिव्यांगजनों को दी ट्राई साइकिल

**शाहगंज।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से शुक्रवार को बीकापुर ब्लॉक परिसर में दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल वितरित की गई। मुख्य अतिथि विधायक डॉ अमित सिंह चौहान ने क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए 29 दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल दी। उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं को बताया। मौके पर जिला दिव्यांग अधिकारी चंद्रेश त्रिपाठी, खंड विकास अधिकारी अखिलेश समेत अन्य मौजूद रहे।

# संगठनों ने भरी हुंकार तो बैकफुट पर आई पुलिस

## सिराथू की विधायक ने खोला मोर्चा, बैठ गई धरने में ▪ लिखित आश्वासन पर समापित हुई गांधी पार्क की पंचायत

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** पुलिस और प्रशासन ने एक हिस्ट्रीशीटर के जरिए संगठनों के न्याय महापंचायत को दबाने की कोशिश की। जब संगठनों ने हुंकार भरी तो पुलिस बैकफुट पर आ गई। कौशांबी के सिराथू की विधायक पल्लवी पटेल ने संगठनों के साथ मोर्चा खोल दिया। धरना प्रदर्शन भी हुआ और अफसरों ने लिखित आश्वासन भी दिया।

हुआ यह कि विभिन्न सगंठनों और भाकियू तारून सहित अन्य स्थानों पर हुए आंदोलन में पुलिस ने कई दर्जन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। उसी को वापस करने को लेकर संगठनों ने न्याय महापंचायत बुलाई। पुलिस ने दर्ज रिपोर्ट के एक आरोपी दिलीप वर्मा की 51 मुकदमों की हिस्ट्रीशीट जारी कर महापंचायत पर अंकुश लगाने की कोशिश की। गुरुवार की रात ही बैनर, होर्डिंग्स को हटा दिया गया। सुबह संगठन आग बबूला हो गए। मंच लगाया और धरना शुरू कर दिया। महापंचायत में सिराथू की विधायक पल्लवी पटेल ने भी डेरा जमा लिया। उन्होंने संबोधन में कहा कि जब तक कुर्मी समाज एक नहीं होगा, तब तक अधिकार और कुर्सी नहीं मिलेगी। उन्होंने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। भाकियू के राष्ट्रीय महासचिव ने स्थिति साफ कर दी। कहा कि जिस दिलीप वर्मा को आधार बनाकर प्रशासन ने व्यूह रचना की। उसको आंदोलन के दौरान समझौते के लिए तारून पुलिस ने ही बिचौलिया बनाया था। बाद में उसको शामिल करते हुए कई दर्जन आंदोलन कारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दी। साथ ही मंच से चेतावनी दी गई कि यदि घंटे भर के अंदर अधिकारी लिखित आश्वासन नहीं देते तो आंदोलन आगे बढ़ाया जाए। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चौधरी, सीओ बीकापुर पीयूष, सीओ सिटी, सीओ सदर और थानाध्यक्ष तारुन ने पहुंचकर निर्दोष व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई न करने और अन्य समस्याओं के समाधान शिवकुमार वर्मा को शस्त्र लाइसेंस एक हफ्ते के अंदर जारी करने का आश्वासन दिया। अध्यक्षता बीकापुर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मायाराम वर्मा और संचालन रालोदल नेता राम शंकर वर्मा ने किया।पंचायत को संबोधितकरने वालों में सरदार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आरएस पटेल, भाकियू के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा, अपना दल बलिहारी के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मराज पटेल, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष रामदास वर्मा, अजीत वर्मा, सपा नेता विजय बहादुर वर्मा, शोषित समाज दल के नेता महादेव वर्मा, रामकृपाल पटेल, जनता दल यू नेता लवकुश पटेल, भाकियू नेता अभय राज ब्रह्मचारी, शंकरपाल पांडे, रवि शंकर पांडे, फरीद अहमद, सूर्यनाथ वर्मा, विकास वर्मा, विवेक पटेल, सरबजीत वर्मा, महेंद्र वर्मा जगदीश यादव सहित दर्जनों नेताओं ने संबधित किया। इसके बाद न्याय महापंचायत समाप्त करने की घोषणा की गई।


गांधी पार्क में कुर्मी समाज व भाकियू द्वारा किए गए प्रदर्शन के दौरान सिराथू की विधायक पल्लवी पटेल से वार्ता करते एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी।

# कराएं डुप्लीकेट मतदाताओं का गुणवत्तापरक सत्यापन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत निखिल टीकाराम फुंडे ने अफसरों के साथ त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली बृहद पुनरीक्षण की समीक्षा की। मदाता सूची का अंतम प्रकाशन 28 मार्च को होगा। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि सम्भावित डुप्लीकेट मतदाताओं का गुणवत्तापरक सत्यापन कर उनके विवरण की फीडिंग आयोग के पोर्टल पर जल्दी कराएं। बीएलओ से सत्यापन के दौरान जो मतदाता अपने आधार कार्ड के अन्तिम चार अंक उपलब्ध नहीं कराएंगें उनका नाम मतदाता सूची से विलोपित किया जा सकता है। बैठक में निर्वाचन से जुड़े अफसर मौजूद थे।

### कोई मतदाता सूची में जुड़ने से न हो वंचित

रानीबाजार। सोहावल के एक मैरिज लाइन में शुक्रवार को मंडल मसौधा व मंडल भरत कुंड का कार्यकर्ता सम्मेलन व सहभोज का आयोजन किया गया। बीकापुर विधायक डॉ अमित सिंह चौहान ने शुभारंभ किया। कहा कि यह हम कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि कोई मतदाता सूची में जुड़ने से वंचित न हो सके। संचालन अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष निजामुद्दीन खान ने किया। इस दौरान राधेश्याम त्यागी ,मनोज वर्मा, सूर्य प्रसाद श्रीवास्तव, शिव प्रकाश शर्मा व निलेश विश्वकर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

# वेबसाइट मेंटेनेंस को लेकर कार्यशाला का आयोजन

कुमारगंज, अयोध्या

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित समस्त कृषि विज्ञान केंद्रों के कंप्यूटर प्रोग्रामरों के लिए कृषि विज्ञान केंद्रों की वेबसाइट मेंटेनेंस करने वाली संस्था ओमेगा टेली सॉल्यूशन ने विश्वविद्यालय के प्रसार निदेशालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।

कार्यशाला में विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित 25 कृषि विज्ञान केंद्रों के कंप्यूटर प्रोग्रामरों ने प्रतिभाग किया। उद्घाटन निदेशक प्रसार डॉ. आरबी. सिंह ने किया। कहा कि वर्तमान समय में कृषि विज्ञान केंद्रों की लगभग सभी कार्यप्रणाली कंप्यूटर एवं डिजिटल गतिविधियों पर आधारित है। ऐसे में यह अत्यंत आवश्यक है कि केंद्रों से जुड़े वैज्ञानिक एवं कर्मचारी अपने डिजिटल ज्ञान, वेबसाइट संचालन और नवीनतम तकनीकी जानकारियों से निरंतर अद्यतन रहें। ओमेगा टेली सॉल्यूशन से आए संदीप ढोलकिया ने वेबसाइट मेंटेनेंस से संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण दिया। धनंजय ने वेबसाइट को अपडेट करने की प्रक्रिया एवं आवश्यक तकनीकी जानकारियां दी। प्रसार निदेशालय से डॉ. केएम सिंह, अनिल कुमार, डॉ. अश्वनी कुमार, डॉ. संदीप कुमार के साथ-साथ मनीष कुमार, रवि शंकर, एकता, उत्कर्ष, दिव्यांशु, एसके त्रिपाठी एवं अन्य कंप्यूटर प्रोग्रामरों ने सहभागिता की।


कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में मौजूद कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रभारी।

● **कृषि विज्ञान केंद्रों में आयोजित की गई कार्यशाला**

### डॉ. मोहम्मद सादिक का शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के मास्टर ऑफ टूरिज्म और ट्रैवल मैनेजमेंट के शिक्षक डॉ. मोहम्मद सादिक का शोध पत्र विश्व के प्रतिष्ठित पब्लिशिंग हाउस टेलर एंड फ्रांसिस ग्रुप के जर्नल इन्नोवेशन इन एजुकेशन एंड टीचिंग इंटरनेशनल में प्रकाशित हुआ। यह स्कोपस के साथ–साथ विश्व के टॉप 25 परसेंट जर्नल में से एक है जिसका इंपैक्ट फैक्टर 4.9 है। अपने शोध में उन्होंने साइंस और इंजीनियरिंग के छात्रों का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर अध्ययन किया। इसके लिए उन्होंने 596 साइंस और इंजीनियरिंग के छात्रों से डाटा कलेक्ट किया। इसके बाद डाटा को स्ट्रक्चर इक्वेशन मॉडलिंग और मशीन लर्निंग टेक्निक से एनालाइज किया और यह पाया कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का स्टूडेंट के व्यक्तित्व पर सकारात्मक प्रभाव है। डॉ. सादिक की इस उपलब्धि पर विभाग के समन्वयक डॉ. संजय चौधरी एवं विभाग के शिक्षक डॉ. दिलीप सिंह, डॉ. सरोज सिंह ने शुभकामनाएं दी।



# सांप्रदायिक राजनीति को लेकर प्रदर्शन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** प्रांतीय आह्वान पर शुक्रवार को वामदलों ने प्रदेश में बढ़ते साम्प्रदायिक राजनीति पर रोक लगाने व एसआईआर की समय-सीमा बढ़ाने की मांग को लेकर तहसील सदर के तिकोनिया पार्क में विरोध प्रदर्शन किया। नेताओं ने कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में प्रदेश के 2.89 करोड़ मतदाताओं का नाम हटा दिया गया।

अब बड़ी संख्या में लोगों को नोटिस भेजी जा रही है, जिससे जनता में अफरातफरी का माहौल है। ऐसी स्थिति में सभी मतदाताओं का नाम अनिवार्य रूप से सूची में शामिल करने के लिए कम-से-कम तीन महीने की समय सीमा बढ़ाया जाना आवश्यक है। साथ ही नोटिस के जवाब के लिए अभिलेख प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को भी सरल बनाए जाने की मांग की।कहा कि आज महात्मा गांधी का शहादत दिवस है और आज ही के दिन आजाद भारत में आतंकवाद की पहली घटना को अंजाम दे कर महात्मा गांधी की हत्या की गई थी। मौजूदा समय में देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने के लिए बढ़ती हिंसा व नफ़रत की राजनीति को शिकस्त देना बहुत ही जरूरी है। किसी भी अधिकारी से आकर ज्ञापन न लेने पर आक्रोश जताया। इसकी निन्दा की। प्रदर्शन में भाकपा जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी, अशोक यादव, अतीक अहमद, राम भरोस, मया राम वर्मा, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विनोद सिंह, राजेश वर्मा, राम सिंह, ओमप्रकाश यादव, कृष्ण कुमार मौर्य आदि थे।


तिकोनिया पार्क में विरोध प्रदर्शन करते वाम दल के नेता। अमृत विचार


पूराबाजार ब्लाक कार्यालय पर सुनवाई करते बीडीओ अनुराग सिंह।

### नोटिस पर बीडीओ ने की सुनवाई

पूराबाजार, अमृत विचार : पूराबाजार ब्लाक आयोग की ओर से निर्गत नोटिस के संबंध में शुक्रवार को भी सुनवाई आयोजित की गई। सुनवाई अतिरिक्त सहायक निर्वाचन अधिकारी व बीडीओ अनुराग सिंह ने की। संबंधित पक्षों की बात सुनी। निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए पूरा बाजार से संबंधित प्रकरण का विधिवत निस्तारण किया गया। इससे आमजन में विश्वास भी मजबूत हुआ। अधिकारियों ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का सख्ती से पालन किया जा रहा है।

### शहीदों की स्मृति में रखा गया दो मिनट का मौन

अयोध्या। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की स्मृति में शुक्रवार को11 बजे आयुक्त कार्यालय में मंडलायुक्त राजेश कुमार ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कार्मिकों के साथ और कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी नगर योगानंद पांडेय, एडीएम प्रशासन अनिरूद्ध प्रताप व अन्य अधिकारियों एवं कार्मिकों की उपस्थिति में दो मिनट का मौन धारण किया गया। अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभी तहसीलों, ब्लाकों और विभागों में शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया।

# करमडांडा ने जीता एकता कप टूर्नामेन्ट

बारुन, अयोध्या

**अमृत विचार:** ब्लाक मिल्कीपुर के ग्राम पंचायत सोधिहांवा में आयोजित एकता कप क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को हुए फाइनल मुकाबले में करमडांडा की टीम विजेता रही। रोमांचक फाइनल मुकाबले में करमडांडा टीम ने पुरैनी टीम को पांच विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पुरैनी देवरिया टीम ने 14.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 159 रन बनाए। विकास ने सर्वाधिक 49 रनों का योगदान दिया। करमडांडा के दिलशाद बाबा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट लिए। जवाब में करमडांडा की टीम ने 15वें ओवर में दो गेंद शेष रहते 160 रनों का लक्ष्य हासिल कर कर पांच विकेट से मैच जीत लिया। करमडांडा की ओर से विशाल ने 54 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। आयोजक बंटी श्रीवास्तव ने दिलशाद बाबा को मैन ऑफ द मैच से पुरस्कृत किया।

मुख्य अतिथि पूर्व जिपंस साहबलाल यादव ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी व नकद पुरस्कार प्रदान किया। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे आयोजनों से स्थानीय खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। फाइनल मैच में विजय सिंह राजू व रामजी तिवारी ने कमेंटेटर, विकास श्रीवास्तव बंटी व विजय कुमार ने अपांयर व शुभम शर्मा ने स्कोरर की भूमिका निभाई। इस अवसर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लल्लन दुबे, रंजीत कुमार, तिलकधारी समेत बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।


एकता कप टूर्नामेंट विजेता करमडांडा टीम कप के साथ। अमृत विचार

# परिषदीय शिक्षकों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा छलावा : यूटा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) अयोध्या मंडल की इकाई ने बैठक कर प्रदेश सरकार से माध्यमिक व परिषदीय शिक्षकों, अनुदेशकों, शिक्षामित्रों व रसोइयों के लिए लागू की गई कैशलेश चिकित्सा योजना को एक छलावा मात्र बताया है।

यूटा के मंडल अध्यक्ष बलबीर सिंह ने कहा कि इस योजना के नियमों में कुछ भी स्पष्ट नहीं है। इसके लिए विस्तृत निर्देश जारी किए जाने चाहिए। जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने सवाल उठाया कि योजना में नाचीज,सांचीज क्या बला है? इसका नाम तो कोई जानता ही नहीं है। मांग की कि शिक्षकों के लिए ओपीडी चिकित्सा भी आच्छादित होनी चाहिए।जिला महामंत्री रवीन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि अस्पतालों में शिक्षकों के एडमिट होने की दशा में एडमिशन डेट से ही अस्पताल में चलने वाली पूरी चिकित्सा व उसका खर्च व उसके बाद डिस्चार्ज होने के बाद अस्पताल से दिया गया बाद का मेडीकेशन भी इस योजना में शामिल होना चाहिए। जिला कोषाध्यक्ष गोविन्द कुमार वर्मा ने इसे कैशलेस चिकित्सा योजना न बताकर एक सामान्य आयुष्मान कार्ड के माध्यम से चिकित्सा सुविधा मात्र करार दिया। कहा कि आयुष्मान कार्ड अस्पतालों में कितना स्वीकार किया जाता है,कितना कारगर होता है?यह सर्वविदित है। जिला संगठन मंत्री,अनित कुमार दास ने मांग की कि यदि सरकार को शिक्षक समुदाय को कैशलेश चिकित्सा योजना से लाभान्वित ही करना था तो उसे सरकार से पूर्व में घोषित किए गए वायदे के अनुसार राज्य कर्मचारियों की भांति ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस चिकित्सा चिकित्सा योजना से ही आच्छादित करना चाहिए था।

# पुण्य तिथि पर याद किए गए राष्ट्रपिता

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिलाध्यक्ष चेत नारायण सिंह ने कहा कि गांधी जी एक व्यक्ति नहीं विचार थे। वह भारत की आत्मा है। हर हिंदुस्तानी के ह्रदय में आज भी उनके सिद्धांत जीवन्त है। कहा कि शहीद दिवस पर हम बापू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। वे हमारे राष्ट्र के मार्गदर्शक रहे। सत्य, अहिंसा और सर्वधर्म समभाव के उनके विचार हमारे मार्ग को प्रकाशित करते रहते हैं। हमें उन लोगों के खिलाफ लड़ने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए जो समानता और सभी के उत्थान के उनके आदर्शों को नष्ट करना चाहते है। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा गांधीजी ने न सिर्फ आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई बल्कि समाज सुधार के लिए काम किया। उन्होंने भारतीय समाज में व्याप्त छुआछूत जैसी बुराइयों के प्रति लगातार आवाज उठाई। वो चाहते थे कि ऐसा समाज बने जिसमें सभी लोगों को बराबरी का दर्जा हासिल हो। जिला प्रवक्ता शीतला पाठक नेकहा कि गांधी के अहिंसा और सत्य के सिद्धांत का लोहा पूरी दुनिया ने माना। उनकी मूर्तियां भारत के अलावा पाकिस्तान, चीन, जापान, ब्रिटेन, अमेरिका, स्विट्जरलैंड, अफ्रीकी देशों और जर्मनी सहित 84 देशों में लगी हुई हैं। रूस और कम्यूनिस्ट देश चीन तक में उनकी मूर्तियां स्थापित हैं।

कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य राम अवध पासी, कविंद्र साहनी, महिला महानगर अध्यक्ष नाजिश फातिमा, राम सागर रावत, बसंत मिश्रा,अशोक कुमार शर्मा,कल्लू शर्मा, धर्मेंद्र सिंह फास्टर अशोक कुमार राय देव कुमार वर्मा,डॉ विनोद गुप्ता, ताज मोहम्मद, चंचल सोनकर आदि थे।


कांग्रेस कार्यालय में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर चित्र पर माल्यार्पण करते कांग्रेस के पदाधिकारी।

### वर्षों से बंद पड़ी नाली को तहसील प्रशासन ने खुलवाया

तारुन, अमृत विचार। वर्षों से बंद पड़ी नाली को तहसील प्रशासन ने स्थानीय प्रधान की मौजूदगी में खुलवाकर लोगों को समस्या से निजात दिलाई। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत एसडीएम बीकापुर से की थी। मामला ग्राम पंचायत तारुन के सराय शेख महमूद गांव का है। गांव के मुख्य मार्ग पर बनी इंटरलॉकिंग सड़क के किनारे सरकारी नाली बनी हुई है। जिसमें गांव के कई घरों के लोगों का नापदान का पानी बहता है। ग्रामीण जनार्दन सिंह, राजू सिंह, राकेश सिंह, चंदन सिंह, सुखलाल शर्मा आदि का आरोप है कि गांव के भूतपूर्व प्रधान रहे चुन्नीलाल शर्मा ने अपने घर के सामने मेन गेट के पास नाली को मिट्टी डालकर अवरुद्ध कर दिया था। नायब तहसीलदार रामखेलावन ने शुक्रवार को प्रधान हरीराम निषाद के साथ पहुंचकर दोनों पक्षों की मौजूदगी में नाली को खुलवाया। शेष बची नाली निर्माण को पूरा कार्य कराने का निर्देश ग्राम सचिव श्रेया पांडेय को दिया।

### लगाई फर्जी परिवार रजिस्टर की नकल, रिपोर्ट

अयोध्या, अमृत विचार : अमानीगंज ब्लाक क्षेत्र के मंझनपुर के रहने वाले राम दास पुत्र मटरू ने एसआईआर की नोटिस के बाद फर्जी परिवार रजिस्टर की नकल लगा दी। मामला पकड़ में आया तो जिला पंचायत राज अधिकारी अविनाश कुमार ने गांव के सचिव हेमंत कुमार को रिपोर्ट दर्ज कराने का निर्देश दिया। बताया कि हेमंत कुमार ने थानाध्यक्ष खंडासा को तहरीर दे दी है।

### कानून में एकरूपता को भेजा प्रधानमंत्री को ज्ञापन

अयोध्या, अमृत विचार : शुक्रवार को तहसील सदर स्थित तिकोनिया पार्क में सरकार से लाए गए यूजीसी के नए रेगुलेशंस समेत अन्य सभी जाति–वर्ग आधारित नीति, नियम एवं व्यवस्थाओं का पुरजोर विरोध किया। जिला प्रशासन के जरिए प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता रामानंदन त्रिपाठी,अभय मिश्रा, गुलशन तिवारी,वरुण शुक्ला सहित अन्य लोग मौजूद थे।


**मां वैष्णों देवी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय**
**सियाराम नगर (देवराकोट) पो. गोंड़वा अयोध्या**

**में आवश्यकता है**

प्राचार्य 01 पद। परास्नातक स्तर पर कला संकाय (एम.ए.) पाठ्यक्रम में हिन्दी, अंग्रेजी, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र विषयों में 02–02 पद प्रवक्ताओं की।
स्नातक स्तर पर कला संकाय (बीए) पाठ्यक्रम में हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, राजनीति शास्त्र विषयों में 01–01 पद प्रवक्ताओं की।
शिक्षा संकाय बी. एड्. पाठ्यक्रम में विभागाध्यक्ष 01 पद, प्रवक्ता 15 पद ।
**योग्यता एवं वेतनमान** यू.जी.सी., एन.सी.टीई एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 कार्य दिवस के अंदर अपने शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति के साथ विद्यालय के पते पर संपर्क करें।

भवदीय– 9838728932, 9414056336



**सार्वजनिक नीलामी–सूचना**
**कार्यालय उप जिलाधिकारी पयागपुर, जनपद–बहराइच**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील क्षेत्र–पयागपुर अन्तर्गत वृहद गौसंरक्षण केन्द्र गुलरिहा में कुल 140 वृक्षों की नीलामी दिनांक **04 फरवरी 2026** को प्रातः **11** बजे तहसील सभागार कक्ष में की जायेगी ।

नीलामी में भाग लेने हेतु 23000/– धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य होगा ।

नीलामी से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की जानकारी कार्यालय समय में राजस्व निरीक्षक कार्यालय में किसी भी दिवस में प्राप्त की जा सकती है ।

**अश्वनी पाण्डेय**
उप जिलाधिकारी–पयागपुर


# कार्यकत्री के 12 पदों पर चयन प्रक्रिया पूरी, अब दीजिए आपत्ति

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के 12 रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण कदम पूरा हो गया है। यह उन महिलाओं के लिए बहुत अच्छी खबर है जो इस सरकारी नौकरी के लिए आवेदन की थीं और अब अंतिम चरण की ओर बढ़ रही हैं।

जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी के अनुसार आवेदन की अंतिम तिथि 29 दिसंबर 2025 थी। वरीयता प्राप्त अभ्यर्थिनियों के दस्तावेजों का सत्यापन 27 जनवरी को विकास भवन सभागार में पूरा किया गया है। सीडीओ की अध्यक्षता में चयन समिति की बैठक 28 जनवरी को हुई। सत्यापन सूची को 29 जनवरी से संबंधित ग्राम पंचायत भवनों पर चस्पा (प्रदर्शित) कर दी गई है।

### इन स्थानों पर चस्पा की गई सूची

**ब्लाक मसौधा :** जगदीशपुर, डाभासेमर, पोरा ग्राम सभा
**ब्लाक तारून :** बैसूपाली
**विकास खण्ड मवई :** पूरे कामगार
**ब्लाक सोहावल :** सोहावल, पूरे उमराव
**विकास खण्ड बीकापुर :** बैंतीकला **ब्लाक रुदौली :** कोटरा
**ब्लाक पूराबाजार :** नारा, सहनवा **शहर में :** पुलिस लाइन वार्ड
विकास भवन में भी सूचना पट्ट पर चस्पा की गई है।

### चार तक कर सकते आपत्ति

यदि सूची में कोई आपत्ति है, तो साक्ष्यों के साथ शिकायती पत्र 4 फरवरी तक संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी या विकास भवन (द्वितीय तल) जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आपत्तियों का परीक्षण कर अंतिम सूची तैयार की जाएगी।


जैन तीर्थंकर भगवान धर्मनाथ के जन्मोत्सव पर निकली शोभा यात्रा में भक्त।

### भक्ति व उल्लास के बीच मनाया जैन तीर्थंकर धर्मनाथ का जन्मोत्सव

सोहावल, अमृत विचार : जैन धर्म के 15 वें तीर्थंकर भगवान धर्मनाथ का जन्मोत्सव शुक्रवार को जैन श्रद्धालुओं की आस्था व तपस्या भूमि रौनाही के रत्नपुरी में श्रद्धा, भक्ति व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। तीर्थंकर धर्मनाथ का जन्म करोड़ों वर्ष पूर्व रौनाही क्षेत्र की पावन व ऐतिहासिक भूमि रत्नपुरी में हुआ था। इसी धार्मिक व ऐतिहासिक महत्व के कारण ग्राम रौनाही को जैन धर्मावलंबियों में रत्नपुरी के नाम से जाना जाता है। इस अवसर पर रत्नपुरी तीर्थ क्षेत्र को आकर्षक ढंग से सजाया गया। पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण व्याप्त रहा। आयोजन गणिनी प्रमुख ज्ञानमती माता के आशीर्वाद व प्रेरणा से और दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष व पीठाधीश स्वस्ति रविंद्र तीर्थ स्वामी के मंगल सानिध्य में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि दिल्ली के अनिल कुमार जैन व अतुल जैन, रौनाही के नायब तहसीलदार रेशु जैन रही। प्रतिष्ठा आचार्य विजय कुमार जैन हस्तिनापुर ने कार्यक्रम सम्पन्न कराया। महोत्सव में विबिन्न जिलों के लोग शामिल हुएष। भव्य शोभायात्रा रत्नपुरी तीर्थ परिसर से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्गों से होती हुई पुन: मंदिर परिसर में संपन्न हुई। समारोह में प्रवेंद्र जैन, पारस जैन, निधेश जैन, अयोध्या तीर्थ क्षेत्र प्रबंधक मनोज जैन, रत्नपुरी मैनेजर अनिल जैन, दीपक जैन सहित अन्य लोग शामिल थे।


**अयोध्या विकास प्राधिकरण, अयोध्या**

संदर्भ संख्या: 61/अ0वि0प्रा0–अयो0/2025–26 दिनांक: 30/1/26

**सामान्य–निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्यालय– अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा ठेकेदारों (ओपेन टू आल) से निम्नानुसार प्रतिस्पर्धात्मक निविदा के माध्यम से आमन्त्रित की जाती है। विस्तृत नियम व शर्तो की जानकारी कार्यालय कार्य दिवस में अभियन्त्रण अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य (GST सहित) | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अयोध्या स्थित साकेतपुरी कालोनी स्थित मार्ग का जनमानस सुगम आवागमन हेतु पैचअप वर्क तथा मीडियन के पेन्टिंग का कार्य। | 1.84.654.55 | 3,700.00 | 1,180.00 | 06.02.2026 | 07 दिवस |
| 2 | अयोध्या स्थित वशिष्ठकुंज आवासीय योजना में नर्सरी हेतु फेन्सिंग का कार्य। | 131,746.95 | 2.700.00 | 1.180.00 | 06.02.2026 | 15 दिवस |

1. विस्तृत जानकारी प्राधिकरण की वेबसाइट www.ayodhya.in से प्राप्त की जा सकती है।
2. टेण्डर डालने से पूर्व टेण्डर कास्ट व अर्नेस्टमनी https://emdada.ayodhyada.in/ login Withotp के माध्यम से आनलाइन जमा किया जाना ही मान्य होगा।

सचिव

## न्यूज ब्रीफ

### 4,132 बूथों पर विशेष अभियान आज

**अमृत विचार, लखनऊ:** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का 6 जनवरी 2026 को आलेख प्रकाशन किया गया है। इस क्रम में 31 जनवरी को जिले के 4,132 केंद्रों पर विशेष अभियान आयोजित किया जाएगा। प्रशासन ने जनमानस से अपील की है कि सुबह 10:30 से शाम 4:30 बजे तक अपने बूथों पर उपस्थित होकर अपना नाम आलेख्य निर्वाचक नामावली में चेक कर लें। यदि मतदाता का नाम आलेख्य सूची में नहीं है तो घोषणा पत्र के साथ फार्म-6 भरकर अपने बीएलओ को जमा करें। या फिर ऑनलाइन voters.eci.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं।

### झांसी में ऑटो चालक बनेंगे 'हेरिटेज एंबेसडर'

**अमृत विचार, लखनऊ:** पर्यटन विभाग ने बुंदेलखंड में पर्यटन अनुभव को समृद्ध बनाने के लिए एक अभिनव पहल की है। झांसी में स्थानीय ऑटो और ई-रिक्शा चालकों को 'हेरिटेज एम्बेसडर' के रूप में तैयार किया जा रहा है। उक्त क्रम में बीते दो दिन 28-29 जनवरी को आयोजित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में 150 से अधिक चालकों को विरासत, शिष्टाचार और आधुनिक सेवाओं से जुड़ा प्रशिक्षण दिया गया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को बताया कि अब प्रशिक्षित चालक केवल परिवहन सेवा प्रदाता नहीं रहेंगे, बल्कि पर्यटकों को यात्रा के दौरान झांसी और बुंदेलखंड की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक कहानियां भी सुनाएंगे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में झांसी में 1.34 करोड़ से अधिक पर्यटक पहुंचे, जो बुंदेलखंड में पर्यटन की बढ़ती संभावनाओं का संकेत है।

### मतदाताओं के नाम हटाने का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ:** सपा ने मतदाता सूची से अपने समर्थकों के नाम अवैध रूप से हटाने के आरोप को लेकर राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि भाजपा के जिलाध्यक्षों द्वारा मेरठ शहर विधानसभा क्षेत्र के पोलिंग बूथ संख्या-01 में 135 सपा समर्थक, विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय के वैध मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची से हटाने के लिए जिलाधिकारी को पत्र भेजा गया है। सपा प्रदेश अध्यक्ष ने शुक्रवार को सौपे ज्ञापन में कहा कि बाराबंकी विधानसभा क्षेत्र में फार्म-7 भरकर बड़े पैमाने पर सपा समर्थक मतदाताओं के नाम डिलीट करने की कोशिश की जा रही है। इसी प्रकार इटावा, आगरा, कानपुर देहात और भदोही में नो-मैपिंग और लॉजिकल एरर वाले मतदाताओं की सुनवाई के लिए असुविधाजनक स्थल बनाए गए हैं।

### कांग्रेस ने राष्ट्रपिता को दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ:** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस के अवसर पर उप्र. कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में सर्व धर्म शांति पाठ एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। पूर्वान्ह 10:59 बजे सायरन बजते ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। माल एवेन्यू स्थित नेहरू भवन में आयोजित विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ल ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के सिद्धांत आज भी पूरी दुनिया के लिए प्रासंगिक हैं। श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश कांग्रेस कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, पूर्व मंत्री राज बहादुर, वरिष्ठ नेता रमेश मिश्रा, मनीष हिंदवी, सरदार रंजीत सिंह, अनीस अंसारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### भाजपा का 20 लाख नए वोट बनाने का लक्ष्य

**अमृत विचार, लखनऊ:** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार तक 20 लाख नए वोट बनवाने का लक्ष्य तय किया है, जबकि फर्जी वोटों को हटाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। अभियान की निगरानी प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह कर रहे हैं। अब तक 49 लाख फार्म-6 भरे गए हैं, जिनमें से करीब 37 लाख डिजिटलाइज हो चुके हैं। 200 विधानसभाओं में 80-85 प्रतिशत फार्म जमा हुए हैं। लक्ष्य हासिल करने के लिए 17 नगर निगमों में वरिष्ठ पदाधिकारियों को उतारा गया है। प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह (अलीगढ़-मथुरा), सुभाष यदुवंश (मेरठ-सहारनपुर), गोविंद नारायण शुक्ला (लखनऊ), प्रियंका रावत (अयोध्या), संजय राय (वाराणसी) और उपाध्यक्ष त्र्यंबक त्रिपाठी (प्रयागराज) में तैनात किए गए हैं। पार्टी 5 फरवरी तक अभियान जारी रखेगी।

# सत्य-अहिंसा से सशक्त भारत का निर्माण संभव

## महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री ने लखनऊ के जीपीओ पार्क में स्थित प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सत्य, अहिंसा और मानवता के गांधीवादी आदर्श आज भी देश और समाज को दिशा देने वाले हैं। इसी मार्ग पर चलकर सशक्त भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने आमजन से बापू के विचारों को आत्मसात कर एक समृद्ध, न्यायपूर्ण और विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने लखनऊ स्थित जीपीओ पार्क में प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने पुष्पांजलि अर्पित कर कुछ क्षण मौन रखकर राष्ट्रपिता के योगदान का स्मरण किया। श्रद्धा और अनुशासन से भरे वातावरण में आयोजित कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत 'रघुपति राघव राजाराम' सहित गांधी भजनों ने माहौल को भाव-विभोर कर दिया। मुख्यमंत्री ने एकाग्रता के साथ भजनों का श्रवण किया और बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए उनके साथ स्मृति-चित्र भी खिंचवाए।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, जय देवी, विधान परिषद सदस्य महेंद्र सिंह, मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

### दीपदान कर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार अपरान्ह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर शहीद स्मारक में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। योगी ने गांधी जी के चित्र पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने गांधी जी के प्रिय भजनों का श्रवण किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने गोमती नदी के तट पर दीपदान कर राष्ट्रपिता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर लखनऊ के जीपीओ पार्क में लगी प्रतिमा के सामने मौन धारण कर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि देते मुख्यमंत्री योगी, साथ में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल व अन्य।

# प्रदेश के ट्रेनिंग सेंटर्स में अखबार पढ़ना अनिवार्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कौशल विकास के साथ अब अपडेट भी होंगे युवा



**अमृत विचार:** योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर युवाओं को केवल हुनरमंद ही नहीं, बल्कि जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। उप्र कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) ने प्रदेश के सभी अल्पकालीन कौशल प्रशिक्षण केंद्रों पर दैनिक समाचार-पत्र पठन अनिवार्य कर दिया है।

प्रदेश के 75 जिलों में संचालित 800 से अधिक प्रशिक्षण केंद्रों पर एक लाख से ज्यादा प्रशिक्षणार्थी विभिन्न ट्रेड्स में प्रशिक्षण ले रहे हैं। नए निर्देशों के तहत प्रत्येक केंद्र पर प्रतिदिन कम से कम दो अखबार (एक हिंदी और एक अंग्रेजी) उपलब्ध कराए जाएंगे और कक्षा की शुरुआत खबरों के पठन से होगी। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य युवाओं की रोजगार-क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, संवाद कौशल और समालोचनात्मक सोच विकसित करना है।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए जिला समन्वयक, डीपीएम और बीपीएम नियमित निरीक्षण करेंगे। मिशन निदेशक पुलकित खरे के अनुसार, अखबार पठन से युवाओं में करंट अफेयर्स, भाषा कौशल और वैश्विक जागरूकता मजबूत होगी, जो उन्हें प्रतिस्पर्धी और जिम्मेदार नागरिक बनाएगी।

# लखनऊ के सात प्रवेश मार्गों पर बनेंगे आध्यात्मिक-सांस्कृतिक द्वार

## राजधानी को मिलेगा नया भव्य स्वरूप, प्रवेश द्वारों पर होगा यूपी का राजकीय चिन्ह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी लखनऊ को विशिष्ट, आकर्षक और सांस्कृतिक पहचान से युक्त स्वरूप देने के उद्देश्य से शहर के सात प्रमुख प्रवेश मार्गों पर भव्य प्रवेश द्वार विकसित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी में कदम रखते ही उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक विरासत स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए।

शुक्रवार को हुई महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ से प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, नैमिषारण्य, हस्तिनापुर, मथुरा और झांसी की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गों पर ऐसे प्रवेश द्वार बनाए जाएं, जो संबंधित गंतव्यों की पौराणिक, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक पहचान को प्रतिबिंबित करें। मुख्यमंत्री ने नामकरण और स्वरूप पर स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि रायबरेली-प्रयागराज मार्ग पर त्रिवेणी संगम व महाकुंभ परंपरा को दर्शाने वाला 'संगम द्वार', सुल्तानपुर-वाराणसी मार्ग पर श्री काशी विश्वनाथ धाम से प्रेरित 'नंदी द्वार', बाराबंकी-अयोध्या मार्ग पर भगवान श्रीराम व सूर्यवंश परंपरा आधारित 'सूर्य द्वार', सीतापुर-नैमिषारण्य मार्ग पर 'व्यास द्वार', हरदोई-हस्तिनापुर मार्ग पर 'धर्म द्वार', आगरा-मथुरा मार्ग पर 'कृष्ण द्वार' और उन्नाव-झांसी मार्ग पर वीरता और पराक्रम का प्रतीक 'शौर्य द्वार' बनाए जाएंगे। सभी प्रवेश द्वारों पर उत्तर प्रदेश का राजकीय चिन्ह अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किया जाएगा।

### पारंपरिक वास्तुकला और आधुनिक सौंदर्य का संगम

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि डिजाइन में भारतीय पारंपरिक वास्तुकला, शिल्पकला और सांस्कृतिक प्रतीकों का प्रभावी समावेश हो। पत्थर की नक्काशी, स्तंभ, म्यूरल, फव्वारे, सुदृढ़ प्रकाश व्यवस्था और हरित परिदृश्य के जरिए द्वारों को सौंदर्यपूर्ण के साथ-साथ अर्थपूर्ण बनाया जाए, ताकि यात्रियों को राजधानी में प्रवेश करते ही सांस्कृतिक अनुभूति मिले।

### सीएसआर फंड और समन्वय से होगा निर्माण

मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्यों में कारपोरेट-सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड का उपयोग किया जाए। सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप हों और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सहित संबंधित एजेंसियों से आवश्यक अनुमतियां लेकर समन्वय के साथ कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

# यूपी की विमानन नीति को राष्ट्रीय सम्मान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आरसीएस-उड़ान में प्रदेश बना 'मोस्ट प्रोएक्टिव स्टेट'
- नॉन-प्रायोरिटी एरिया श्रेणी में रहा अव्वल



**अमृत विचार:** रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (आरसीएस-उड़ान) के तहत उत्तर प्रदेश ने देशभर में बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। नॉन-प्रायोरिटी एरिया श्रेणी में यूपी को 'मोस्ट प्रोएक्टिव स्टेट' का राष्ट्रीय अवॉर्ड दिया गया है। यह श्रेणी उन राज्यों के लिए होती है जो न पर्वतीय हैं और न ही उत्तर-पूर्व क्षेत्र में आते हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने हवाई कनेक्टिविटी को विकास का मजबूत आधार बनाया है। बीते वर्षों में एयरपोर्ट आधुनिकीकरण, नाइट लैंडिंग सुविधा, नए रनवे और क्षेत्रीय उड़ानों को बढ़ावा देकर छोटे शहरों को बड़े महानगरों से जोड़ा गया।

नागरिक उड्डयन निदेशक ईशान प्रताप सिंह के अनुसार, 2016 में जहां यूपी में 59.97 लाख हवाई यात्री थे, वहीं 2024 में यह बढ़कर 1.28 करोड़ और 2025 में 1.55 करोड़ से अधिक हो गए। घरेलू यात्रियों की संख्या 2016 के 52.30 लाख से बढ़कर 2025 में 1.41 करोड़ से ज्यादा हो गई है।

नए एयरपोर्ट और क्षेत्रीय नेटवर्क यूपी को देश का प्रमुख विमानन और लॉजिस्टिक्स हब बना रहे हैं। विशेष रूप से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) जैसे प्रोजेक्ट प्रदेश की वैश्विक कनेक्टिविटी को नई ऊंचाई देंगे।

# प्रदेश में एक करोड़ घरौनियों का किया गया वितरण

**अमृत विचार, लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्रामीण संपत्ति अधिकारों के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। केंद्र सरकार की स्वामित्व योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश में अब तक एक करोड़ से अधिक घरौनियों का वितरण किया जा चुका है। योजना के तहत 72,961 ग्रामों में डिजिटाइज्ड प्रपत्र-10 जारी किए गए हैं, जिससे ग्रामीण परिवारों को अपने मकान और भूमि पर स्पष्ट कानूनी स्वामित्व मिला है। अब ये दस्तावेज बैंक ऋण, सरकारी योजनाओं और वित्तीय सुविधाओं का मजबूत आधार बन रहे हैं।

# केंद्रीय आम बजट कल, यूपी को उम्मीदें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### प्रदेश सरकार की प्रमुख मांगें

- पश्चिमी यूपी में एम्स और बुंदेलखंड में आईआईटी की स्थापना
- मेट्रो विस्तार व नए शहरों में मेट्रो नेटवर्क
- 17 नगर निगमों को सोलर सिटी बनाने के लिए 1005 करोड़ रुपये
- 60 हजार तालाबों के लिए 6000 करोड़ की केंद्रीय सहायता
- केंद्रीय करों में यूपी की हिस्सेदारी 19.67 फीसदी करने की मांग
- उत्तर-दक्षिण एक्सप्रेसवे व सौर अनुसंधान केंद्र की स्थापना

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार द्वारा रविवार को संसद में पेश किए जाने वाले वित्तीय वर्ष 2026-27 के आम बजट से उत्तर प्रदेश को कई अहम सौगातें मिलने की उम्मीद है। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए यह बजट प्रदेश के लिए राजनीतिक और विकास दोनों दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राज्य सरकार को अपेक्षा है कि बजट में प्रदेश की बड़ी आबादी, तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए विशेष प्रावधान किए जाएंगे।

हाल ही में प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर राज्य की प्राथमिकताओं से अवगत कराया। इसमें पश्चिमी यूपी में एम्स, बुंदेलखंड में आईआईटी, मेट्रो रेल नेटवर्क के विस्तार और नए शहरों तक मेट्रो पहुंचाने के लिए वर्ष 2047 तक 32,075 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता की मांग शामिल है। इसके साथ ही 17 नगर निगमों को सोलर सिटी बनाने के लिए 1005 करोड़ रुपये, ग्राम पंचायतों में 60 हजार तालाबों के पुनरुद्धार के लिए 6000 करोड़ रुपये तथा उत्तर-दक्षिण एक्सप्रेसवे के निर्माण की आवश्यकता भी रखी गई। राज्य ने केंद्रीय करों में अपनी हिस्सेदारी 17.93 प्रतिशत से बढ़ाकर पूर्व की तरह 19.67 प्रतिशत करने की भी मांग की है, जिससे केंद्र से मिलने वाली धनराशि में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है।

# कर्तव्य पथ पर चमकी यूपी की झांकी, मिला सम्मान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




समारोह में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अपर निदेशक अरविंद कुमार मिश्र पुरस्कार ग्रहण करते हुए।

**अमृत विचार:** विकास पथ पर अग्रसर प्रदेश को गणतंत्र दिवस परेड में एक बार फिर राष्ट्रीय सम्मान मिला है। नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड में प्रदेश की झांकी ने पॉपुलर च्वॉइस श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। यह उपलब्धि लगातार सातवें वर्ष प्रदेश को मिली, जिससे उत्तर प्रदेश की सृजनात्मक पहचान और मजबूत हुई।

कुल 30 झांकियों के बीच लोकप्रियता के आधार पर उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर रहा। राष्ट्रीय रंगशाला शिविर में हुए पुरस्कार वितरण समारोह में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अपर निदेशक अरविंद कुमार मिश्र को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया। परेड में 17 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों और 13 मंत्रालयों की झांकियां शामिल थीं। 'समृद्धि का मंत्र-आत्मनिर्भर भारत' थीम पर आधारित झांकी में बुंदेलखंड की सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा का संतुलित चित्र प्रस्तुत किया गया। कालिंजर दुर्ग की शैलकला, एकमुख लिंग, मृद्भांड कला, मनका शिल्प, पारंपरिक हस्तशिल्प के साथ एक जनपद एक उत्पाद, ब्रह्मोस मिसाइल, एक्सप्रेसवे नेटवर्क और आधुनिक अवसंरचना की झलक ने दर्शकों का ध्यान खींचा। गौरतलब है कि 2020 से 2026 तक विभिन्न श्रेणियों में मिले पुरस्कारों की यह श्रृंखला उत्तर प्रदेश की निरंतर सृजनशीलता और विकासोन्मुखी दृष्टि को रेखांकित करती है।


रेल भूमि विकास प्राधिकरण

ई-निविदा के माध्यम से निविदा आमंत्रित करता है

न्यू लोको कॉलोनी में 15,800 वर्ग मीटर रेलवे भूमि को वाणिज्यक विकास हेतु 60 वर्ष की अवधि के लिए पट्टे पर देने एवं चालीसवां रेलवे कॉलोनी, अयोध्या, उत्तर प्रदेश में 32 टाइप-II रेलवे क्वार्टर का पुनर्विकास हेतु

राजस्व साझांकरण मॉडल पर

(आरएफपी संख्याः आरएलडीए/आरएफपी/सीआरडी-07 ऑफ 2026 दिनांकः 12.01.2026)




परियोजना की प्रमुख विशेषताएं

- फ़ैज़ाबाद-अयोध्या ट्विन सिटी क्षेत्र में प्रमुख स्थान, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और धार्मिक पर्यटन के बढ़ते प्रभाव से प्रत्यक्ष रुप से लाभान्वित।
- मुख्य धार्मिक और पर्यटन स्थलों के निकट – जैसे श्री राम जन्मभूमि मंदिर (9.5 किमी) – जोकि तीर्थ आधारित पर्यटकों के सतत आगमन को सुनिश्चित करता है।
- मजबूत बहुआयामी संपर्क व्यवस्था – साइट से मात्र 1 किमी से कम दूरी पर अयोध्या कैंट (फ़ैज़ाबाद) रेलवे स्टेशन और 4.5 किमी दूर महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्या धाम – क्षेत्रीय और राष्ट्रीय पर्यटकों की सुगम पहुँच बढ़ रही है।
- अयोध्या में तेजी से विकसित होती आधारभूत संरचना और लगातार बढ़ती धार्मिक पर्यटन गतिविधियों के कारण होटल एवं वाणिज्यिक उपयोगों के लिए बेहतर विकास संभावनाएँ।

आरक्षित मूल्य (एनपीवी के अनुसार) रु. 122.87 करोड़

पट्टा अवधि 60 वर्ष

लीज़ हेतु उपलब्ध निर्मित क्षेत्रफल 15,800 वर्ग मी.

पुनर्विकास लागत रु. 8.13 करोड़ (32 नं. क्वार्टरों के लिए)

ऑफलाइन एवं ऑनलाइन प्री-बिड मीटिंग का विवरण: 04.02.2026 को 11:30 बजे

अधिक जानकारी हेतु यहाँ स्कैन करें।

ऑनलाइन ई-बिड जमा करने की अंतिम तिथि व समय: 10.03.2026 को 15:00 बजे तक

इस परियोजना से संबंधित अधिक जानकारी हेतु, कृपया हमारी वेबसाइट https://rlda.indianrailways.gov.in पर जाएँ या ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://www.tenderwizard.in/rlda पर 'ई-टेंडर' शीर्षक के अंतर्गत देखें।

नोटः- कोई भी शुद्धिपत्र या परिशिष्ट केवल उपर्युक्त वेबसाइटों पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

स्पष्टीकरण हेतु सम्पर्क करें

श्री संजय कुमार यादव, महाप्रबंधक/निविदा/आरएलडीए, ई-मेल: gmtenderlda@gmail.com, मो.: 9220937333

श्री जगमोहन सी. लांबा, संयुक्त महाप्रबंधक/पी-3, ई-मेल: dgm_p3@rlda.railnet.gov.in, फ़ोन: 011-23232854, एक्सटेंशन: 220, मो.: 7678149900

सलाहकार: मेसर्स नाइट फ्रैंक श्री राहुल गांगुली, ई-मेल: rahul.ganguly@in.knightfrank.com, मो.: 9882140068

ई-निविदा पूछताछ हेतु: श्री सूरज सिंह, ई-मेल: suraj@etenderwizard.com, मो.: 9599653885

आरएलडीए प्रधान कार्यालय पता: रेल भूमि विकास प्राधिकरण, यूनिट संख्या 702-बी, 7वां तल, कन्नेक्टस टावर-II, डीएमआरसी बिल्डिंग, अजमेरी गेट, दिल्ली - 110002

न्यूज ब्रीफ

### नौकरी दिलाने के नाम पर 40 हजार की ठगी

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार: गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के अरवल कीरी करवत गांव निवासी अनीता पत्नी गोविंद ने आरोप लगाया कि कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव निवासी राधेश्याम ने नौकरी लगवाने का झांसा देकर एक लाख रुपये मांगे थे। दिसंबर 2025 में पीड़िता ने 40 हजार रुपये नगद दे दिए, लेकिन न नौकरी मिली और न पैसा वापस हुआ। उल्टे फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### जान से मारने की धमकी देने पर केस दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार: शिवगढ़ थाना क्षेत्र के गोथुआ गोपालपुर जागीपुर निवासी राममिलन 27 जनवरी को पत्नी जमुना देवी के साथ कादीपुर रिश्तेदारी आए थे। आरोप है कि वापस जाते समय चांदा रोड पर बाइक सवार एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें गाली दी और जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### बोलेरो की टक्कर से वृद्ध गंभीर घायल

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के खालिसपुर मुबारकपुर गांव निवासी रामराज (80) बोलेरो की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए। 26 जनवरी को अपराह्न तीन बजे वह मुडिला डीह बाजार से घर लौट रहे थे। प्राथमिक विद्यालय मुडिला डीह के पास पीछे से आ रही बोलेरो ने उन्हें टक्कर मार दी। घायल वृद्ध को शाहगंज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# जानलेवा हमले में 3 दोषियों को 10 वर्ष की सजा

## कोर्ट ने 75 हजार का अर्थदंड व 50 हजार बतौर क्षतिपूर्ति चोटहिल को देने का दिया आदेश

विधि संवाददाता, सुलतानपुर



**अमृत विचारः** करौंदीकला थाना क्षेत्र के पूरे गजाइनपुर गांव में 14 वर्ष पूर्व हुए जानलेवा हमले के मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार की अदालत ने शुक्रवार को तीनों दोषियों की सजा पर निर्णय सुनाया। अदालत ने सभी दोषियों को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाते हुए जेल भेज दिया।

कोर्ट ने प्रत्येक दोषी पर 25-25 हजार रुपये अर्थदंड लगाने के साथ ही घायल बृजेश मिश्र को 50 हजार रुपये क्षतिपूर्ति के रूप में प्रदान करने का आदेश दिया है। एडीजीसी मनोज कुमार दुबे के अनुसार, यह मामला वादी शोभनाथ मिश्र के पुत्र बृजेश मिश्र पर खेत-जमीन से जुड़े विवाद के चलते हुए हमले से संबंधित था। घटना के दौरान रामसूरत मिश्र और माता गुलाम के उकसावे पर आरोपी पप्पू ने अवैध तमंचे से फायर किया था, जिससे बृजेश गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

मुकदमे की सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से छह गवाहों के बयान और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने पूर्व में ही तीनों आरोपियों को दोषसिद्ध कर जेल भेजा था। शुक्रवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई के बाद अदालत ने 10 वर्ष की सजा एवं अर्थदंड के आदेश जारी किए।

### जगदेव निषाद हत्याकांड मे 12 को होगी सुनवाई

संवाददाता, सुलतानपुर: जगदेव निषाद की हत्या व उनके साथी विनय यादव की हत्या के प्रयास के आरोप से जुड़े मामले में पेश की गई पुलिस की अंतिम रिपोर्ट पर सुनवाई अब 12 फरवरी को होगी। शुक्रवार को कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा के बार काउंसिल चुनाव में होने के कारण सुनवाई टल गई। धनपतगंज के मयंग गांव के रहने वाले वादी रामदेव निषाद ने 28 जून 2024 की घटना बताते हुए गोसाईगंज थाने में अपने भाई जगदेव निषाद की हत्या व उनके साथ मोटरसाइकिल पर सवार विनय यादव की हत्या के प्रयास में पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू, उनके भाई यशभद्र सिंह मोनू व अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस मामले में विवेचक ने आरोपियों को क्लीन चिट देते हुए अपनी रिपोर्ट अदालत में पेश की है, जिस पर सुनवाई लंबित चल रही है।

### गुंगवाछ हत्याकांड कांड में सुनवाई 10 को

संवाददाता, सुलतानपुर: अमेठी के बहुचर्चित गुंगवाछ हत्याकांड में शुक्रवार को कोर्ट न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर की अदालत में सुनवाई टल गई। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया मामले में अभियोजन गवाह प्रभारी जामो विनोद सिंह से अगली नियत तारीख 10 फरवरी को जिरह होगी। अभियोजन के अनुसार 15 मार्च 2022 को अमेठी जनपद के ग्राम पूरे राजापुर, मौजा गुंगवाछ में जमीन विवाद के चलते पूर्व ग्राम प्रधान संकठा यादव, उनके पुत्र हनुमान उर्फ बजरंगी, अमरेश यादव तथा पत्नी नइका उर्फ पार्वती देवी की निर्मम हत्या कर दी गई थी।

# कांग्रेसियों ने मनाया राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का शहादत दिवस

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का शहादत दिवस श्रद्धा और संकल्प के साथ मनाया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व तथा शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की उपस्थिति में शहर के सुपर मार्केट स्थित गांधी पार्क में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत 'रघुपति राघव राजा राम' के सामूहिक पाठ से हुई, इसके बाद विचार गोष्ठी आयोजित कर महात्मा गांधी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर चर्चा की गई। कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि भाजपा सरकार सुनियोजित तरीके से महात्मा गांधी के नाम, विचार और प्रतीकों को मिटाने की साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि गांधीजी ने सत्य और अहिंसा के बल पर देश को आज़ादी दिलाई, जबकि वर्तमान सरकार झूठ, डर और दमन के सहारे सत्ता चला रही है। संविधान और लोकतंत्र पर लगातार हमले हो रहे हैं। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से देश में बेरोजगारी, महंगाई और सामाजिक वैमनस्य चरम पर है। कार्यक्रम के अंत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर सुब्रत सिंह सनी, आवेश अहमद, रंजीत सिंह सलूजा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे। जनपद के अन्य ब्लॉकों में भी 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत गांधी शहादत दिवस पर चौपाल व धरना प्रदर्शन कर मनरेगा की बहाली की मांग की गई।

# पहले दिन शांतिपूर्ण मतदान में 39.20 प्रतिशत वोटिंग

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के सदस्य पद हेतु जनपद में 30 व 31 जनवरी को दो दिवसीय मतदान होना निर्धारित है। इसी क्रम में शुक्रवार को पहले दिन का मतदान दीवानी न्यायालय स्थित मतदान केंद्र पर शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। जिसमें 3264 मतदाताओं में से 1279 वोटर्स ने मताधिकार का उपयोग किया। शुक्रवार को कुल 39.20 प्रतिशत वोटिंग हुई जबकि शनिवार को अंतिम वोटिंग होनी है।

चुनाव प्रक्रिया की निगरानी के लिए एडीजे चतुर्थ जलाल मोहम्मद अकबर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। बार



चुनाव का निरीक्षण करते जिला जज सुनील कुमार। ● अमृत विचार

एसोसिएशन के अध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह व महासचिव दिनेश कुमार दूबे ने बताया कि जनपद के 3,264 अधिवक्ताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल है। तीन बूथों पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कराया जा रहा है। कुल 333 प्रत्याशी चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया। अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा, अब्बास अहमद खान, संतोष पांडेय, आनंद पांडेय और

● **बार काउंसिल चुनाव : 3264 मतदाताओं में से 1279 वोटरों ने किया मतदान**

अयूब उल्ला खान ने शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित मतदान की सराहना करते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया प्रभावशाली और निष्पक्ष रही। वहीं बार अध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह व महासचिव दिनेश कुमार दूबे ने पहले दिन मतदान के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि मतदान हेतु अधिवक्ताओं को अपना मतदाता पहचान पत्र लाना अनिवार्य है। शनिवार को अंतिम चरण का मतदान संपन्न होगा, जिसके लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

### खेत में पॉलिथीन में मिला महिला का कटा हाथ और पैर

लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार: लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के बनकटवा गांव के समीप सड़क किनारे स्थित गेहूं के खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में पॉलिथीन में लिपटा महिला का कटा हुआ हाथ और पैर मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शनिवार को स्थानीय लोगों ने खेत में पॉलिथीन देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अंगों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड को भी घटनास्थल पर बुलाया गया है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में लापता महिलाओं की जानकारी जुटाने के साथ ही शव के अन्य हिस्सों की तलाश में भी जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

# 7.35 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** विधानसभा क्षेत्र लंभुआ के तीनों विकास खंडों में शुक्रवार को कुल 7 करोड़ 35 लाख रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा ने इन योजनाओं का शुभारंभ किया। सभी शिलान्यास कार्य विधायक निधि से स्वीकृत बताए गए हैं।

विधायक ने शिवगढ़ क्षेत्र में हरिलाल वैद्य के घर से विजय बहादुर के घर तक सड़क निर्माण, चौकिया में अजय पांडे के घर से प्रवीण कुमार सिंह के घर तक निर्माण कार्य तथा भदैया ब्लॉक के ग्राम पंचायत कैभे में महेश्वर रोड से



परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करते विधायक सीताराम वर्मा।

काली माता मंदिर तक सड़क के नव निर्माण का शिलान्यास किया। इसी क्रम में पीपी कमैचा ब्लॉक के ग्राम सोनवा में एनएच-730 से नीरज के घर होते हुए अवधेश मिश्रा के घर तक सड़क निर्माण तथा ग्राम भीटी में भोला यादव के घर से हरिश्चंद्र यादव की दुकान तक सड़क के नव निर्माण समेत कुल 64 योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया गया। विधायक सीताराम वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार पूरे उत्तर प्रदेश में विकास की गंगा बहा रही है। सरकार की प्राथमिकता है कि विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

# समाज को जोड़ने का कार्य करती हैं भाषाएं

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** भाषाएं समाज को जोड़ने का कार्य करती हैं, लेकिन आज भारतीय भाषाओं के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती उनके अपने अध्यापक हैं। भाषा शिक्षकों पर समाज को नई दिशा देने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, जो वर्तमान समय में कमजोर होती दिखाई दे रही है। यह विचार डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिजेन्द्र सिंह ने व्यक्त किए। वह राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विवेकानंद सभागार में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की भारतीय भाषा समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

सम्मेलन के मुख्य वक्ता भारतीय भाषा समिति के महासचिव एवं काशी हिंदू विश्वविद्यालय के भाषाविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अभिनव मिश्र ने कहा कि भारत में भाषाओं को कभी भी पहचान के संकीर्ण दायरे में नहीं बांधा गया। यहां एक व्यक्ति



भारतीय भाषा समिति ने किया प्रकाशित पुस्तकों का लोकार्पण।

● **भारतीय भाषा समिति के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन**

अनेक भाषाओं में सोचने, प्रार्थना करने, व्यापार और शासन करने में सक्षम रहा है। दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो रमेश चंद्र शर्मा ने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि भारतीय भाषा परिवार सह-अस्तित्व की भावना को स्वीकार करता है। अध्यक्षता करते हुए क्षत्रिय शिक्षा समिति के अध्यक्ष एडवोकेट संजय सिंह ने कहा कि भाषाई बहुलता ने भारत में बौद्धिक और सामाजिक समरसता को मजबूत किया है। इस अवसर पर भारतीय भाषा समिति द्वारा प्रकाशित दो पुस्तकों का लोकार्पण भी किया गया।

# नारायणपुर गांव सभा की बैठक पर उठा विवाद

लंभुआ, सुलतानपुर

अमृत विचार : विकास खंड लंभुआ की ग्राम पंचायत नारायणपुर में 30 जनवरी 2026 को आयोजित गांव सभा की बैठक को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने बैठक की प्रक्रिया और स्थान चयन पर गंभीर आपत्ति जताई है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत भवन उपलब्ध होने के बावजूद गांव सभा की बैठक जूनियर हाईस्कूल परिसर में कराई गई, वह भी उस समय जब विद्यालय में नियमित शिक्षण कार्य चल रहा था। नियमों के अनुसार गांव सभा की यह बैठक वर्ष में एक बार आयोजित की जाती है, जिसमें ग्राम पंचायत के सभी मतदाताओं को आमंत्रित किया जाना अनिवार्य है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधान और उनके मेट नंदलाल सोनी द्वारा यह कहकर कई लोगों को बैठक में शामिल नहीं होने दिया गया कि यह बैठक "केवल समूह के लिए" है। आरोप है कि बैठक में केवल स्वजातीय लोगों को ही बुलाया गया, जबकि अन्य वर्गों और समुदायों के ग्रामीणों को जानबूझकर सूचना नहीं दी गई। इस कथित भेदभाव को लेकर गांव में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का सवाल है कि यदि गांव सभा जैसी महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सभी की भागीदारी सुनिश्चित नहीं की जाएगी, तो विकास और पारदर्शिता की बात कैसे की जा सकती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# राज्य स्तरीय वॉलीबॉल में गोरखपुर बना विजेता

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** लंभुआ वॉलीबॉल क्लब के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का खिताब गोरखपुर की टीम ने अपने नाम कर लिया। रोमांचक फाइनल मुकाबले में गोरखपुर ने मेजबान सुलतानपुर की टीम को सीधे सेटों में पराजित कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

प्रतियोगिता का अंतिम मुकाबला गोरखपुर और सुलतानपुर के बीच खेला गया, जो दर्शकों के लिए बेहद रोमांचक रहा। पहले सेट में गोरखपुर की टीम ने बेहतर तालमेल और आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए सुलतानपुर को चार अंकों के अंतर से मात दी। दूसरे सेट में भी गोरखपुर का दबदबा कायम रहा और उन्होंने नौ अंकों के बड़े अंतर से



विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करते अतिथि। ● अमृत विचार

● **फाइनल मुकाबले में सुलतानपुर को मिली करारी शिकस्त**

जीत दर्ज कर प्रतियोगिता अपने नाम कर ली। खिलाड़ियों के शानदार खेल पर मैदान दर्शकों की तालियों से गूंज उठा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आशीष तिवारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं। इस तरह की प्रतियोगिताएं ग्रामीण अंचलों की छिपी प्रतिभाओं को पहचान दिलाने के साथ उन्हें आगे बढ़ने का अवसर भी प्रदान करती हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक अवनीश सिंह की देखरेख में प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। आयोजन को सफल बनाने में इमरान अहमद, स्वतंत्र तिवारी, दिव्यांश त्रिपाठी, अंकित सोनी और देवी प्रसाद अग्रहरि का विशेष योगदान रहा। मैच का संचालन रेफरी विनय सिंह एवं कमलेश कुमार ने किया। इस अवसर पर संरक्षक के रूप में सेवानिवृत्त शिक्षक चित्रसेन सिंह, प्रो पीयूष झा, विकास सिंह और उमेश चंद्र पांडेय मौजूद रहे।

लगाई गुहार | राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के सामने रखीं गईं सात प्रमुख मांगें

# यूजीसी कानून के विरोध में संयुक्त मंच ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** सवर्ण एकता मंच एवं राजपूताना शौर्य फाउंडेशन के संयुक्त बैनर तले यूजीसी से संबंधित प्रस्तावित कानून के विरोध में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन को सौंपा गया।

ज्ञापन में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा उक्त बिल पर अंतरिम रोक लगाए जाने के लिए आभार व्यक्त किया गया। साथ ही सरकार द्वारा भविष्य में इस कानून को पुनः लागू किए जाने की स्थिति में गंभीर विचार हेतु सात प्रमुख मांगें रखी गईं। ज्ञापन में कहा गया कि किसी भी छात्र, छात्रा, शिक्षक या कर्मचारी के साथ किसी प्रकार का भेदभाव न किया जाए। यदि किसी जांच अथवा अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए कमेटी का गठन होता है तो उसमें सभी जातियों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए। गलत एवं फर्जी शिकायत करने वालों के विरुद्ध भी सख्त से सख्त दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान हो।

इसके अलावा मांग की गई कि जाति के आधार पर देश में कोई नया कानून न बनाया जाए। आरक्षण व्यवस्था को या तो पूर्ण रूप से समाप्त किया जाए अथवा केवल आर्थिक आधार पर लागू किया जाए। भारतीय संविधान



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते संयुक्त मोर्चा के लोग। ● अमृत विचार

निर्माताओं की भावना के अनुरूप समान नागरिक संहिता लागू करने तथा किसी भी नए कानून को लागू करने से पहले देश की जनता के बीच व्यापक सर्वेक्षण कराने की भी मांग की गई। ज्ञापन के माध्यम से यह भी कहा गया कि इन मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर कार्रवाई की जाए, जिससे समाज में जाति के आधार पर विभाजन की राजनीति पर रोक लगे और सरकार का "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" का संकल्प साकार हो। साथ ही भारत को "एक भारत, नेक भारत" बनाकर विश्व गुरु के मार्ग पर अग्रसर करने की अपील की गई।

इस अवसर पर रज्जन सिंह, आनंद पांडेय, प्रनीत सिंह, बृजेश सिंह, केपी सिंह, सजल सिंह, रामकुमार पांडेय, प्रेमनाथ तिवारी, गौरव सिंह, बसंत सिंह, आलोक सिंह, नितिन सिंह, रणशेर सिंह, इंजीनियर भानु सिंह, आलोक पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे।

### मीरपुर प्रतापपुर का फाइनल नक्शा उपलब्ध कराने की अपील

सुलतानपुर, अमृत विचार : मुख्य राजस्व अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी, राजस्व अभिलेखागार, कलेक्ट्रेट सुलतानपुर द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया गया है कि तहसील कादीपुर अंतर्गत परगना अल्देमऊ के राजस्व ग्राम मीरपुर प्रतापपुर का फाइनल नक्शा (बन्दोबस्त नक्शा) वर्तमान में राजस्व अभिलेखागार सुलतानपुर में उपलब्ध नहीं है। यदि किसी भी व्यक्ति के पास उक्त ग्राम का फाइनल नक्शा उपलब्ध हो, तो जनहित को ध्यान में रखते हुए किसी भी कार्यदिवस में डीएम कार्यालय स्थित राजस्व अभिलेखागार में कार्यरत कामता प्रसाद उपाध्याय, राजस्व अभिलेखपाल को अंतिम तिथि 09 फरवरी तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें।


अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैं किरन वैश्य पत्नी उमाशंकर निवासी ग्राम नईबस्ती, म. बेनीगंज देहात, तहसील संडीला की निवासिनी हूं। मेरा नाम किरन वैश्य उर्फ सुषमा पत्नी उमाशंकर भी है। मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाए। **किरन वैश्य उर्फ सुषमा पत्नी उमाशंकर, निवासी ग्राम नईबस्ती, म. बेनीगंज देहात, तहसील संडीला**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरी पत्नी का नाम पासपोर्ट में ताहिरा खातून अंकित है, जो कि गलत है। आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में सही नाम ताहिरा बानो दर्ज है। यही नाम सही समझा व जाना जाए। **अहमददीन पुत्र मोहम्मद रजा, निवासी ग्राम नईबस्ती, म. बेनीगंज देहात परगना व तहसील संडीला, जिला हरदोई।**

**सूचना**

मैने अपना नाम बिनोद से बदल कर विनोद पुत्र श्री कन्हैया रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **विनोद पुत्र श्री कन्हैया निवासी–मझिगवां, पिपरगाओं, भरावन, जिला–हरदोई 241202**

**सूचना**

सूचित किया जाता है। कि मैने अपना नाम SANA FATIMA से SANA JAMAL कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जानी व पहचानी जाऊ SANA JAMAL 295/130, DEEN DAYAL ROAD ASHARFABAD LUCKNOW-226003

**सूचना**

मेरा पहला नाम अरबुन निशा था। अब मैंने अपना नाम बदलकर किताबुन निशा (kitabun nisha) कर लिया है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। किताबुन निशा (kitabun nisha) w/0 गुलाम मोहम्मद ग्राम ढोढरी पोस्ट जेवनार जिला बलरामपुर

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम RITESH KUMAR AGARWAL S/O KAILASH NATH AGARWAL था जो कि मैंने अपना नाम बदलकर RITESH KUMAR AGRAWAL S/O KAILASH NATH रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। निवासी राज स्टूडियो गली ब्राह्मणीपुरा थाना कोतवाली नगर जिला बहराइच यूपी।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम SAJIYA w/o MOHD JIYA ASHRAF था जो दिनांक 20/01/2026 को मैने अपना नाम बदलकर SHOOBI w/o MOHD JIYA ASHRAF रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। निवासी ग्राम महराजगंज पोस्ट जोत चांदपारा थाना हरदी जिला बहराइच यूपी।



**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम RITESH KUMAR AGARWAL S/O KAILASH NATH AGARWAL था जो कि मैंने अपना नाम बदलकर RITESH KUMAR AGRAWAL S/O KAILASH NATH रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। निवासी राज स्टूडियो गली ब्राह्मणीपुरा थाना कोतवाली नगर जिला बहराइच यूपी।



**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम GANGESH GOYAL S/O TEK CHANDRA GOYAL था जो दिनांक 15/01/2026 को मैने अपना नाम बदलकर GANGESH KUMAR GOEL S/O TEK CHANDRA GOEL रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। निवासी मोहल्ला छावनी निकट अग्रवाल प्रेस थाना दरगाह जिला बहराइच यूपी।

**सूचना**

मै नन्दनी राजपूत पुत्री राजाराम ग्राम भुवादेव पो. धरई तह. सलोन जिला रायबरेली की निवासी हूं। मेरा वर्ष 2018 हाईस्कूल अनुक्रमांक 1816621 का मूल अंकपत्र सह प्रमाणपत्र वास्तव में कही खो गया है।काफी तलाश किया परन्तु अंकपत्र सह प्रमाणपत्र नही मिल सका।

**सूचना**

सूचित हो कि मै जय कृष्ण प्रताप सिंह पुत्री ADYA SINGH ग्राम रसवादा पोस्ट– धम्मौर, जिला सुलतानपुर के विद्यालय अभिलेखों में तथा पिता का त्रुटिपूर्ण नाम JAI KRISHN PRATAP SINGH है जबकि सही नाम JAY KRISHNA PRATAP SINGH है। पिता का सही नाम संशोधित कर विद्यालय अभिलेखों में अंकित किया जाय।

**सूचना**

मैं **चम्पा पत्नी नान्हे निवासी ग्राम मांझा रायपुर पोस्ट गिदरापुर तहसील सिरौली गौसपुर थाना टिकैतनगर जनपद बाराबंकी** की निवासिनी हूँ। मेरे मतदाता पहचान पत्र व अन्य अभिलेखों में वास्तविक नाम और पता यही है। जबकि आधार कार्ड में त्रुटिवश ननकई उर्फ चम्पा दर्ज हो गया था। जबकि दोनों नाम मेरे ही है। मेरे वास्तविक नाम चम्पा पत्नी नान्हे के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पासपोर्ट में त्रुटिवश MOHAMMAD ZAFAR अंकित हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम जफर मो0 शेख (ZAFAR MOHD SHAIKH) है। अबसे मैं सभी जगह कानूनी रुप से जफर मो0 शेख ZAFAR MOHD SHAIKH नाम का उपयोग करूंगा और इसी नाम से जाना जाऊँगा। **जफर मो0 शेख** (ZAFAR MOHD SHAIKH) **पुत्र लाल मोहम्मद निवासी सम्राट सिटी कालोनी, सिकौरी, हरदोई मार्ग, काकोरी लखनऊ उ0प्र0–227107**

**सूचना**

मेरी मूल रजिस्ट्री भवन सं.–3/1083 सेक्टर–3 जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ की दि. –17/06/2011 बही सं.–I जिल्द सं.–8017 पृस्ट सं.–91 सं.–120 क्रमांक सं.–7216 जो कि भवानी चौराहा जानकीपुरम लखनऊ दि. –28/01/2026 को खो गयी है। मैने काफी तलाश किया परन्तु पता नही चल सका जिसका उपयोग अवैध होगा। **श्री कमला कान्त तिवारी, पुत्र हरीश कुमार तिवारी, नि.–104/11 सबदल बाग लालकुआं लखनऊ, मो.नं.–9005583840**

**सूचना**

मैं **राम कमार पुत्र भीखा निवासी ग्राम व पोस्ट परियर तहसील व जिला उन्नाव** अपने पुत्र सूरज व पुत्रवधू रोशनी पत्नी सूरज के क्रिया कलापों से आजिज होकर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। अब मेरे पुत्र सूरज व पूत्रवधू रोशनी द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेनदेन के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित हो कि मेसर्स आर0एन0 कान्ट्रैक्टर एण्ड सप्लायर जो कि 5/4/93 अमानीगंज, फैजाबाद जिला–अयोध्या उत्तर प्रदेश में स्थित है के साझीदार श्री अवनीश पाण्डेय निवासी 5/4/93ए अमानीगंज, फैजाबाद जिला–अयोध्या का व्यक्तिगत कारणों से उपरोक्त फर्म से पृथक हो रहे हैं तथा उक्त फर्म के भागीदार नहीं रहेगें। उनके स्थान पर नये साझेदार के रूप में श्रीमती कात्यायनी पाण्डेय पत्नी श्री अवनीश पाण्डेय निवासी 5/4/93ए अमानीगंज, फैजाबाद जिला–अयोध्या उत्तर प्रदेश नये साझीदार के रूप में शामिल किये गये है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **अनवर अली पुत्र मुबारक अली, मोहल्ला गाड़ी बाजार पूर्वी तहसील करनैलगंज जिला गोंडा** का निवासी हूँ। मेरे समस्त अभिलेख में जन्मतिथि 01/01/1976 दर्ज है, जोकि सही एवं सत्य है। भविष्य में मेरे अन्य अभिलेख का सत्यापन इसी जन्मतिथि के आधार पर माना जाए।

न्यूज ब्रीफ

### रसायन विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा

**रुपईडीह, अमृत विचार :** जनता इंटर कॉलेज कौड़िया बाजार में इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के रसायन विज्ञान के छात्र-छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षा संपन्न हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार शुक्ल ने बताया कि इस परीक्षा में 181 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। रसायन विज्ञान के प्रवक्ता सूर्य प्रकाश विश्वकर्मा भी उपस्थित रहे।

### नामावली पर आई आपत्तियों पर सुनवाई

**रुपईडीह, अमृत विचार :** विधानसभा निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण के दौरान विधानसभा कटरा बाजार के एईआरओ/खंड शिक्षा अधिकारी शशांक कुमार सिंह ने उसरैना व बेलवाभान मतदान केंद्रो से संबंधित प्राप्त दावा आपत्तियों के बारे में ब्लॉक संसाधन केंद्र पर सुनवाई की। बताया कि इन दोनों मतदान केंद्रो को मिलाकर 28 आपत्तिकर्ताओं से पूछताछ की गई।

### सरयू तट पर आयोजित होगी भजन संध्या और भव्य महाआरती

**करनैलगंज, अमृत विचार :** करनैलगंज के सरयू घाट पर रविवार को भजन संध्या और सरयू महाआरती का आयोजन किया जाएगा। वन दरोगा अशोक पांडेय ने बताया कि जिला गंगा समिति, नमामि गंगे व वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 01 फरवरी, रविवार की सायंकाल बसेहिया वन विभाग नर्सरी स्थित सरयू तट पर भव्य सरयू महाआरती होगी। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भागीदारी अपेक्षित है। मुख्य विकास अधिकारी व प्रभागीय वनाधिकारी ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर महाआरती में शामिल होने की अपील की है।

# स्मार्ट पीडीएस की टेस्टिंग में आई तेजी

## सभी कोटेदार ई-पॉश मशीनों के माध्यम से करेंगे पांच डेमो ट्रांजेक्शन, जारी किए गए निर्देश

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** खाद्य एवं रसद विभाग स्मार्ट-पीडीएस योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से जिले की सभी उचित दर दुकानों पर ई-पॉस मशीनों के माध्यम से डेमो ट्रांजेक्शन कराए जाने के निर्देश जारी किए हैं। अपर आयुक्त, खाद्य एवं रसद विभाग, उत्तर प्रदेश ने जिला पूर्ति अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार की स्मार्ट-पीडीएस योजना के अंतर्गत एकीकृत डिस्ट्रीब्यूशन मॉड्यूल के माध्यम से राशन वितरण प्रणाली की टेस्टिंग की जा रही है। यह कार्य राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी), नई दिल्ली एवं हैदराबाद के सहयोग से कराया जा रहा है। इसके तहत जिले में कार्यरत सभी सिस्टम इंटीग्रेटर संस्थाओं की ई-पॉस मशीनों में स्मार्ट-पीडीएस का डेमो डिस्ट्रीब्यूशन एप्लीकेशन इंस्टॉल किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि जिले की प्रत्येक उचित दर दुकान पर अनिवार्य रूप से 5-5 डेमो ट्रांजेक्शन कराए जाने हैं। वितरण के अंतिम दिवस 28 जनवरी 2026 को सायं 6 बजे के बाद तथा 29 और 30 जनवरी 2026 को प्रातः 8 बजे से सायं 6 बजे तक यह प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। डेमो ट्रांजेक्शन का उद्देश्य वास्तविक वितरण से पूर्व तकनीकी समस्याओं की पहचान कर उन्हें दूर करना है। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि सभी डेमो ट्रांजेक्शन से संबंधित फीडबैक संकलित कर 31 जनवरी 2026 तक विभाग को उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने सभी कोटेदारों एवं संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशों का कड़ाई से पालन करने की अपील करते हुए कहा कि स्मार्ट-पीडीएस प्रणाली लागू होने से राशन वितरण व्यवस्था अधिक पारदर्शी, सुचारू और लाभार्थी-केंद्रित बनेगी।

### अधिक पारदर्शी होगी राशन वितरण व्यवस्था

स्मार्ट पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम लागू होने से जिले में राशन वितरण व्यवस्था अधिक पारदर्शी, तकनीकी रूप से सुदृढ़ और सुचारू हो जाएगी। जिला इंजीनियर शिवम शुक्ला ने बताया कि इस प्रणाली से राशन कार्ड धारकों को कई अतिरिक्त लाभ भी मिलेंगे। स्मार्ट-पीडीएस के माध्यम से राशन वितरण की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन और रियल टाइम निगरानी में रहेगी। इससे फर्जीवाड़े और अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण लगेगा। राशन कार्ड धारकों को समय पर और निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध हो सकेगा। बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण से वास्तविक लाभार्थियों को ही राशन मिलना सुनिश्चित होगा। स्मार्ट-पीडीएस से लाभार्थी अपनी राशन से जुड़ी जानकारी मोबाइल पर भी प्राप्त कर सकेंगे।


कुष्ठ रोग के खिलाफ शपथ दिलातीं डीएम प्रियंका निरंजन। अमृत विचार

### शहीद दिवस पर कुष्ठ रोग से ठीक हुए लोगों को दिए उपहार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** कुष्ठ निवारण दिवस/शहीद दिवस पर कुष्ठ सेवा केंद्र में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। समाज में कुष्ठ रोग को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया गया। रोग से ठीक हो चुके व्यक्तियों को सम्मान दिया गया। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने उपस्थित सभी लोगों को कुष्ठ उन्मूलन की शपथ दिलाई। शपथ के माध्यम से यह संकल्प लिया गया कि कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्तियों के साथ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा तथा समय पर जांच, उपचार और पुनर्वास के लिए सहयोग किया जाएगा। साथ ही, लोगों से यह भी आग्रह किया गया कि वे अपने परिवार, मोहल्ले और समाज में कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता फैलाएं। कार्यक्रम के दौरान नोडल अधिकारी/अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सी के वर्मा, डॉक्टर संदीप तिवारी, ओजस्वी विशाल शरण सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मुजेहना को ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचारः** जिला स्तरीय बाल क्रीड़ा स्पर्धा में किए धांधली के दांव पेंच शुक्रवार को हवा हो गए। बीएसए ने अफसरों की रिपोर्ट सुनने के बाद मुजेहना ब्लाक को स्पर्धा का ओवरऑल चैंपियन घोषित कर ट्राफी प्रदान की। विभाग की तरफ से आयोजित परिषदीय स्कूलों की बाल क्रीड़ा स्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर मुजेहना ब्लाक की टीम को ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया था लेकिन ट्रॉफी देने के पहले जिला व्यायाम शिक्षक संजय सिंह की लापरवाही से चैंपियनशिप को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। संजय सिंह मुजेहना के साथ झंझरी ब्लॉक को भी संयुक्त रूप से विजेता बनाना चाह रहे थे। आरोप है कि झंझरी टीम को विजेता बनाने के लिए उन्होंने अंकों में हेरफेर किया। जूड़ो और कुश्ती की जो स्पर्धाएं खेल मैदान पर नहीं कराई गयीं उनका अंक सीधे झंझरी ब्लाक के खाते में जोड़कर उसे अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंचा दिया गया। इसकी जानकारी मिलने पर मुजेहना से खिलाड़ी आक्रोशित हो गए थे और विवाद बढ़ गया था। शिक्षकों का आरोप था कि 229 अंक पाकर प्रतियोगिता की अव्वल टीम को पीछे कर दिया गया और 189 अंक पाने वाली झंझरी की टीम को एकमुश्त 105 अंक देकर उसे अंक तालिका में 294 पर पहुंचा दिया गया। विवाद बढता देख खंड शिक्षा अधिकारियों ने हस्तक्षेप करते हुए इसे बीएसए के पास ले जाने का फैसला किया था। खंड शिक्षा अधिकारियों की रिपोर्ट पर बीएसए अमित सिंह ने मुजेहना को ओवरऑल चैंपियन घोषित किया है। शुक्रवार को ट्राफी प्रदान की गयी।


मुजेहना के व्यायाम शिक्षक को ट्रॉफी देते बीएसए अमित सिंह। अमृत विचार

## उत्कृष्ट योगदान पर बीपीएम संग स्वास्थ्य टीम सम्मानित

**करनैलगंज, अमृत विचार :** मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य व परिवार नियोजन कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने पर सीएचसी करनैलगंज के ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक संजय कुमार यादव, एएनएम सोनम भार्गव व खुशबू वर्मा तथा आशा रामवती को मुख्य चिकित्साधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। यह सम्मान परिवार नियोजन के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने में उनके सराहनीय योगदान के लिए दिया गया। स्वास्थ्य विभाग, पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया एवं मोबियस फाउंडेशन द्वारा संचालित उम्मीद परियोजना के तहत बीपीएम संजय यादव के नेतृत्व में प्रचार वैन के माध्यम से ब्लॉक क्षेत्र के गांवों में लगातार अभियान चलाया गया। इस दौरान पोस्टर, फिल्में और जागरूकता जिंगल्स के जरिए ग्रामीणों को परिवार नियोजन के महत्व से जोड़ा गया। अधिकारियों ने कहा कि मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन कार्यक्रम में बीपीएम संजय यादव सहित टीम का सराहनीय योगदान है।

### हिंदू सम्मेलन में सनातन विचारों की गूंज


हिंदू सम्मेलन में मौजूद लोग। अमृत विचार

**गौरा चौकी, गोंडा :** विधानसभा गौरा अंतर्गत हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें हिंदू सनातन की गूंज देखने को मिली। सम्मेलन श्रीवास्तव मैरिज हॉल, गौरा चौकी में आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता अभय धर्म जागरण प्रमुख उत्तर क्षेत्र उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि सुबुही खान अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट, महंत चिन्मयानंद महाराज कटरा कुटी धाम अयोध्या तथा महंत छोटे बाबा सोनबरसा पोखरा मंदिर शामिल हुए। वक्ताओं ने हिंदू सनातन धर्म पर सारगर्भित विचार रखे। अध्यक्षता पवन कुमार गुप्ता ने की। इस अवसर पर नीरज पटेल, अनिल कुमार पासवान, सम्मानित प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य आदि मौजूद रहे।

### रिक्रूट सिपाहियों को पढ़ाया पुलिसिंग का पाठ


करनैलगंज कोतवाली में सिपाहियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण। अमृत विचार

**करनैलगंज, अमृत विचार :** कोतवाली करनैलगंज में नई भर्ती हुए रिक्रूट सिपाहियों का प्रशिक्षण जारी है। करीब तीन दर्जन सिपाहियों को आधुनिक पुलिसिंग का पाठ पढ़ाया जा रहा है। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि प्रशिक्षक के रूप में अमित कुमार, हेड मुहर्रिर दिनेश कुमार व दीपक कुमार मिश्र को लगाया गया है। ये प्रशिक्षक सिपाहियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, रात्रि गश्त, बदमाशों व शोहदों से निपटने के तरीके तथा बीट बुक तैयार करने की प्रक्रिया की जानकारी दे रहे हैं। कोतवाल ने बताया कि कोतवाली स्तर पर प्रशिक्षण पूरा होने के बाद सिपाहियों को ड्यूटी पर लगाया जाएगा जहां उन्हें मार्गदर्शन भी दिया जाएगा।

### मंडलायुक्त ने की विकास कार्यों की समीक्षा


समीक्षा करते आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील व मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील की अध्यक्षता में एक करोड़ रुपये से अधिक लागत की निर्माणाधीन सड़क परियोजनाओं एवं अन्य विकास कार्यों की समीक्षा की गई। विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं द्वारा संचालित 193 निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा की गई। उप्र राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमि. उप्र राजकीय निर्माण निगम लिमि., उप्र आवास विकास परिषद, उप्र जल निगम (नगरीय), यूपी सिडको, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग तथा सीएंडडीएस सहित अन्य विभागों की परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त, मुख्य विकास अधिकारी गोंडा सहित सभी संबंधित मंडलीय एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**गोंडा, अमृत विचार :** कांग्रेस भवन में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जिला मीडिया प्रभारी शिव कुमार दुबे, सेवादल के हरी राम वर्मा, भगवती प्रसाद सोनी ने उनके देश के प्रति किए गए समर्पण को याद किया। शिवकुमार दूबे ने कहा देश की आजादी में अहिंसात्मक रूप से अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन से भारत छोड़ना पड़ा जिसमें तमाम देश के वीर क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों को गांधी जी के साथ न्योछावर किया। आज हम सभी देशवासी ऐसे महान् विभूतियों के त्याग बलिदान के कारण स्वतंत्र भारत में देश के संविधान के अनुसार अपना अपना अधिकार प्राप्त कर अपने कर्तव्यों के अनुसार अपना विकास करने के साथ देश के विकास में अपनी भूमिका निभाने का अवसर मिला है। आधी धोती पहन आजादी का विगुल बजाया साथ ही संकल्पित होकर आजादी ही लक्ष्य को प्राप्त कर ही संकल्प पूरा किया।

# सड़क हादसे में किसान की मौत

**मनकापुर, गोंडाः** अंधियारी बाजार में सड़क हादसे में गन्ना लेकर दतौली चीनी मिल जा रहे किसान की मौत हो गई। सामने से आ रहे अज्ञात वाहन को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे पलट गया। सूचना पर पहुंचे लोगों ने उसे बाहर निकाला व सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान रक्षाराम वर्मा (54) निवासी बीरेपुर, थाना मोतीगंज के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर पुलिस ने परिजनों को अवगत कराया। खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया और परिजन बदहवास हो गए। रक्षाराम वर्मा अपने पीछे पत्नी सुनीता सहित पांच बेटियां और एक बेटा छोड़ गए हैं। बड़ी बेटियां संगीता (32) और विद्यावती (30) विवाहित हैं। पुत्र अनिल कुमार वर्मा (27) एमएससी एग्रीकल्चर की पढ़ाई पूरी कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। अन्य बेटियों में रानीमती (23), ज्ञानमती (21) और ममता वर्मा (17) हैं। परिवार पर दुखों का पहाड़ उस समय टूट पड़ा जब बताया गया कि रानीमती की शादी आगामी 5 मार्च को तय थी और घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। मृतक पिछले 20 वर्षों से नवाबगंज स्थित एक निजी विद्यालय की बस चलाकर परिवार का पालन-पोषण कर रहा था। वह पूर्व में क्षेत्र पंचायत सदस्य भी रह चुका था और क्षेत्र में एक शांत, कर्मठ व समाजसेवी व्यक्ति के रूप में जाना जाता था। पोस्टमार्टम के बाद मृतक के पुत्र अनिल कुमार वर्मा ने अयोध्या में सरयू नदी के तट पर पिता को मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के दौरान मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम थीं। इस अचानक हुई घटना से न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।


रक्षा राम वर्मा।

## कमरे में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**नवाबगंज, गोंडाः** महंगूपुर गांव के मजरा बखिरा में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक युवक का शव उसके ही कमरे में फंदे से लटका मिला। परिजनों के अनुसार योगेश (24) लंबे समय से मानसिक बीमारी से जूझ रहे थे और अधिकांश समय घर पर ही रहते थे। गुरुवार को उनके भाई दुर्गेश तिवारी और बृजेश तिवारी कामकाज के सिलसिले में बाजार गए थे। रात करीब नौ बजे दोनों भाई लौटे तो योगेश के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी देर तक आवाज देने के बाद भी जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो दरवाजा तोड़ा गया। भीतर का दृश्य देख सभी सन्न रह गए, योगेश सिलिंग फैन से साड़ी का फंदा लगाकर झूल रहे थे। मृतक के भाई दुर्गेश ने बताया कि योगेश का विवाह करीब दो वर्ष पूर्व हुआ था। करीब दस दिन पहले पत्नी मायके गई हुई थी। दंपती की कोई संतान नहीं थी। मृतक के पिता ज्ञानचंद का निधन लगभग पांच वर्ष पूर्व हो चुका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अयोध्या रिंग रोड निर्माण में मिट्टी का संकट, बढ़ी परेशानी

**गोंडा कार्यालयः** अयोध्या रिंग रोड के निर्माण कार्य मे मिट्टी की उपलब्धता न होने से समस्या आ रही है ।सरकार के महत्वाकांक्षी योजना प्रभावित हो रही है। परियोजना की समय-सीमा और लागत दोनों पर गंभीर संकट खड़ा हो गया है। अयोध्या रिंग रोड निर्माण के लिए स्थानीय किसानों की आपसी सहमति के आधार पर तथा अनुमति लेकर मिट्टी खनन किया जा रहा था। किसानों के अनुसार, बाढ़ के बाद खेती संभव नहीं रह गई थी, ऐसे में रिंग रोड परियोजना के लिए मिट्टी निकालने की अनुमति दी गई थी, ताकि भूमि को दोबारा कृषि योग्य बनाया जा सके।स्थानीय किसानों का कहना है कि पिछले सप्ताह जिला प्रशासन की एक टीम ने मौके पर पहुंचकर मिट्टी से संबंधित सभी कार्यों को बंद करा दिया, जिसके बाद से रिंग रोड की पटाई का कार्य पूरी तरह ठप पड़ा है। इसका सीधा असर परियोजना की प्रगति पर पड़ रहा है। करीब 983 करोड़ रुपये की लागत वाली इस महत्वपूर्ण परियोजना का कार्य जुलाई 2025 में प्रारंभ हुआ था और इसे दिसंबर 2026 तक पूरा किया जाना है। परियोजना से जुड़े लोगों का कहना है यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो अयोध्या रिंग रोड परियोजना निर्धारित समय में नहीं पूरी हो पाएगी।


ताइक्वांडो का प्रशिक्षण लेते बच्चे। अमृत विचार

### आत्मरक्षा व ताइक्वांडो प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**गोंडा, अमृत विचार :** पीएम श्री योजना अंतर्गत स्थानीय पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय रेलवे में बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा एवं बालकों के लिए ताइक्वांडो प्रशिक्षण का तीन माह का शिविर आयोजित हुआ। इसमें गोंडा ताइक्वांडो एसो. की प्रशिक्षक जिया सिंह व संजय ने बालक-बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए उनमें खेल भावना का विकास किया। प्रशिक्षक जिया सिंह ने बालिकाओं को आत्मरक्षा की पांच विभिन्न तकनीकों के साथ-साथ संबंधित वीडियो प्रशिक्षण भी प्रदान किया, जिससे तीन माह में 200 से अधिक बालिकाएं आत्मरक्षा में पारंगत हो सकीं। प्रधानाचार्य डॉ. अपर्णा सक्सेना ने प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खेल शिक्षक गणेश कुमार ने छात्र-छात्राओं से खेल गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान किया।

## पंचायत चुनाव व त्योहार के मद्देनजर किया फ्लैग मार्च

**खरगूपुर, गोंडाः** आगामी त्योहारों और पंचायती राज्य चुनाव के मद्देनज़र जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए गृह मंत्रालय भारत सरकार के दिशा निर्देश और 91 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स के कमांडेंट जीतेन्द्र कुमार ओझा के मार्गदर्शन में ए/91 आरएएफ द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में परिचितिकरण एवं फ्लैग मार्च कराया जा रहा है। खरगूपुर थाना क्षेत्र में रैपिड एक्शन फोर्स ने पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च और क्षेत्रीय भ्रमण किया। इस दौरान लोगों को जागरूक करते हुए शांति बनाए रखने की अपील की गई। खरगूपुर थाना प्रभारी शेषमणि पांडेय सहित परिचितिकरण अभियान में ए/91 बटालियन आरएएफ लखनऊ के असिस्टेंट कमांडेंट प्रेम प्रकाश ,निरीक्षक चन्दन कुमार व् मदन मोहन शर्मा मौजूद रहे। सुरक्षाबलों ने गश्त के साथ-साथ संवेदनशील मार्गों और भीड़भाड़ वाले इलाकों का निरीक्षण भी किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के सभी थानों में इस तरह का अभ्यास चलेगा।



स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी को सम्मानित करते एडी एवं सीएमओ। अमृत विचार

### 62 स्वास्थ्य कर्मियों को किया गया सम्मानित

**गोंडा, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत परिवार नियोजन कार्यक्रम को सुदृढ़ एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उम्मीद परियोजना के तहत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग, पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया एवं मोबियस फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। 01 अप्रैल 2025 से 30 सितंबर 2025 के दौरान परिवार नियोजन कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ब्लॉक एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों, सेवा प्रदाताओं, प्रेरकों एवं सहयोगियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान सीएमओ डा संतलाल पटेल, ए सीएमओ डॉ. आदित्य वर्मा ने उम्मीद परियोजना के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सम्मान समारोह स्वास्थ्य कर्मियों का मनोबल बढ़ाते हैं और उन्हें बेहतर कार्य के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर परिवार नियोजन कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 62 स्वास्थ्य कर्मचारियों एवं अधिकारियों को सम्मानित किया गया।

सौगात

शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों तथा रसोइयों को मिलेगा लाभ, संगठनों ने किया प्रदेश सरकार के फैसले का स्वागत

# जिले के 8 हजार शिक्षकों समेत 18 हजार कर्मियों को मिलेगी कैशलेस चिकित्सा सुविधा

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार:**शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों व रसोइयां को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ दिए जाने के प्रदेश सरकार के फैसले को लेकर शिक्षक संगठनों में उत्साह है। फैसले से जिले के 8023 शिक्षक, 2639 शिक्षामित्र, अनुदेशक-426 अनुदेशक व 7612 रसोइयां लाभान्वित होंगे।

संगठन के पदाधिकारियों ने इसे ऐतिहासिक बताते हुए इसे अपने संघर्षों की जीत कहा है। साथ ही यह भी जोड़ा है कि इसे सिर्फ आयुष्मान कार्ड तक न सीमित रखा जाए बल्कि राज्य कर्मचारियों की तरह ही शिक्षकों को भी कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उत्तर प्रदेशीय प्राशिसं के प्रदेश अध्यक्ष विनय तिवारी ने इस निर्णय का स्वागत किया है। कहा कैशलेस चिकित्सा सुविधा का यह तोहफा शिक्षक एवं उनके परिवार के स्वास्थ्य की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होगा। पूर्व माशिसं के जिलाध्यक्ष अशोक पांडेय ने कहा देर से ही सही व्यवस्था ने यह स्वीकार किया कि शिक्षक केवल दायित्व निभाने वाली इकाई नहीं, बल्कि अधिकारों वाला नागरिक भी है। अखिल भारतीय प्राशिसं के जिलाध्यक्ष शरद सिंह ने कहा कि शिक्षक समाज लंबे समय से ऐसी सुविधा की अपेक्षा कर रहा था। विबीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसो. के जिलाध्यक्ष अनूप सिंह ने फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कैशलेस इलाज राज्यकर्मियों की तरह होना चाहिए और इलाज के लिए धनराशि की सीमा तय नहीं की जानी चाहिए। प्राशिसं के मीडिया प्रभारी वीरेंद्र त्रिपाठी ने कहा शिक्षकों को राज्य कर्मचारियों की तरह ही कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। अगर यह शिक्षकों को आयुष्मान कार्ड पकड़ाने की कोशिश भर है तो निराश करने वाला कदम है। ऑल इंडिया एनपीएस इंप्लॉयज फेडरेशन के जिला संयोजक कृष्ण गोपाल दूरबार ने इस निर्णय को अत्यंत सराहनीय एवं दूरदर्शी बताते हुए कहा कि यह योजना शिक्षकों और उनके परिवारों को समय पर, बेहतर एवं बिना आर्थिक चिंता के स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएगी। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष उदयभान वर्मा ने कहा कि सरकार का सराहनीय कदम है। संगठन काफी अरसे से इसकी मांग करता आ रहा था। इस स्कीम में विद्यालय की रसोइयां जो कि परिषदीय विद्यालय में सबसे कम मानदेय पर नौकरी कर रही हैं उन्हें भी शामिल किया गया है, जो कि अत्यंत सराहनीय है। सबका साथ सबका विकास की थीम पर सरकार का यह कदम काबिले तारीफ है। शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष अवधेश मणि मिश्रा ने प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 5 सितंबर को मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक व रसोईया को कैशलेस इलाज की घोषणा की गई थी, जिसे अब कैबिनेट में पास कर दिया गया है। उन्होने मुख्यमंत्री से शिक्षामित्रों के लिए सम्मानजनक वेतन देने ने की भी मांग की।


अशोक पांडेय। अमृत विचार


विनय कुमार तिवारी। अमृत विचार


शरद कुमार सिंह। अमृत विचार


वीरेंद्र त्रिपाठी। अमृत विचार


अनूप कुमार सिंह। अमृत विचार


उदयभान वर्मा। अमृत विचार


अवधेश मणि मिश्र। अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

### सरयू घाट पर बाल भंडारे का आयोजन

**करनैलगंज, अमृत विचार :** सरयू तट स्थित कटरा घाट के हनुमान मंदिर पर शुक्रवार को 63वां विशाल बाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें भारी संख्या में बच्चों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। यह भंडारा जायसवाल परिवार की ओर से आयोजित किया गया। भंडारे में सरयू घाट के आसपास के करीब एक दर्जन गांवों व एक दर्जन से अधिक स्कूलों के छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया गया था। बच्चों को सरयू घाट तक लाने के लिए वाहनों की व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा की दृष्टि से मौके पर पुलिस बल भी तैनात रहा। भंडारे में बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर उमा देवी, सावित्री देवी, सियाराम जायसवाल, रामजियावन, राकेश कुमार, कृष्णानंद जायसवाल, रामानंद, परमानंद, अमन, अंशुमान, मोहित जायसवाल, सौरभ जायसवाल, शोभित, गीता देवी, सोनी, सरोज, सुधा जायसवाल, वंदना, रश्मि जायसवाल, काली प्रसाद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### संदिग्ध हालात में महिला हुई लापता

**धानेपुर, गोडा :** कस्बा धानेपुर में रहकर मेहनत मजदूरी करने वाले एक युवक की पत्नी दुधमुंहे बच्चे के साथ रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई है ।पति की ओर से तहरीर दी गई है जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। मोतीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बनकटी सूर्यबली सिंह के मजरा जोलहटी गांव के रहने वाले युवक रिजवान के मुताबिक वह अपने पत्नी व बच्चे के साथ कस्बा धानेपुर में पिछले तीन साल से किराये पर कमरा लेकर रहता है और परिवार के भरण पोषण के लिए मेहनत मजदूरी करता है। बताया कि गुरुवार को दोपहर में पत्नी तरन्नुम तीन साल के दुधमुंहे बच्चे के साथ कहीं चली गई है। काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिलने पर शुक्रवार को सूचना दी गई है। पुलिस ने बताया कि गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराकर बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है।

### प्रांतीय संयुक्त मंत्री निर्वाचित होने से हर्ष

**मनकापुर, गोंडा :** उत्तर प्रदेशीय जूनियर शिक्षक संघ के पवन सिंह को प्रांतीय संयुक्त मंत्री के पद पर जीत मिलने पर शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी और संयुक्त मंत्री को बधाई देने का तांता लगा रहा। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल संघ का त्रिवर्षीय प्रांतीय अधिवेशन 25 जनवरी को फरुखाबाद में हुआ। जिसमें शिक्षक पवन सिंह प्रांतीय संयुक्त मंत्री के पद पर जीत मिली। इस जीत की खुशी में उच्च प्राथमिक विद्यालय गुनौरा, उच्च प्राथमिक विद्यालय तिलहरवा में शुक्रवार को भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

आंगनबाड़ी भर्ती में रिश्वतखोरी का भंडाफोड़

# सलाखों के पीछे दो बाबू और एक बिचौलिया

- 1.40 लाख की डील पर प्रशासन की सर्जिकल स्ट्राइक
- जिलाधिकारी के निर्देश पर की गयी त्वरित कार्रवाई

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार:** जिले में आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया को दागदार करने की साजिश पर जिला प्रशासन ने बड़ा प्रहार किया है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री भर्ती-2025 के नाम पर 1.40 लाख की रिश्वत वसूली के मामले में दो बाबू और एक बिचौलिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। यह कार्रवाई जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन के सख्त रुख और त्वरित निर्देशों का प्रत्यक्ष परिणाम है।

विकास खंड तुलसीपुर अंतर्गत ग्राम लालबोझी में भर्ती के नाम पर धन उगाही की शिकायत मिलते ही डीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए 05 सदस्यीय उच्चस्तरीय जांच समिति का गठन किया। समिति में जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य, सीडीपीओ हरैया सतघरवा तथा सीडीपीओ बलरामपुर देहात को शामिल किया गया। जांच समिति की रिपोर्ट में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। परियोजना कार्यालय तुलसीपुर में तैनात परियोजना लिपिक जमुना प्रसाद और जिले में तैनात तत्कालीन आंगनबाड़ी नियुक्ति पटल के बाबू रामसूचित वर्मा ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए शिकायतकर्ता से आंगनबाड़ी चयन के बदले 1,40,000 (एक लाख चालीस हजार रुपये) की अवैध वसूली की। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि पूरे खेल में बिचौलिया मुन्नालाल जायसवाल की सक्रिय भूमिका रही। समिति ने यह भी संस्तुति की है कि चयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्री के आय प्रमाण पत्र की पुनः तहसील स्तर से जांच कराई जाए, ताकि पूरी प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके। जांच रिपोर्ट के आधार पर जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए दोनों बाबुओं एवं बिचौलिये के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई, उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा गया, वहीं दोनों बाबुओं के निलंबन की कार्रवाई भी प्रचलित कर दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिया है कि भ्रष्टाचार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। जिला प्रशासन ने दो टूक कहा है कि जनपद में होने वाली सभी भर्तियां पूरी तरह पारदर्शी और मेरिट आधारित होंगी। किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार को न तो सहन किया जाएगा और न ही दबने दिया जाएगा। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी भी भर्ती या जनकल्याणकारी योजना के नाम पर कोई धनराशि की मांग करता है, तो तुरंत जिला प्रशासन को सूचना दें। किसी के झांसे में न आएं, दोषियों को कानून के दायरे में लाकर कठोर दंड सुनिश्चित किया जाएगा।

## वेंकटाचार्य क्लब में मेगा कैंप का आयोजन 22 को

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जनपद न्यायाधीश दुर्ग नरायन सिंह के निर्देश में आगामी 22 फरवरी को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मेगा कैंप का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए सिविल जज सीनियर डिवीजन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव अपेक्षा सिंह ने बताया कि पात्र व्यक्तियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए इस मेगा कैंप का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस मेगा कैंप में जिला प्रशासन के सहयोग से 40 से ज्यादा विभागों से लाभार्थियों को चिन्हित करके उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 22 फरवरी को अंबेडकर चौराहा स्थित वेंकटाचार्य क्लब में मेगा कैंप का आयोजन किया जाएगा। मेगा कैंप को सफल बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

# विज्ञान-चित्रकला प्रदर्शनी में दिखा नवाचार कौशल

## कार्यशील मॉडलों और कलाकृतियों ने मोहा मन, छात्रों की सराही गयी प्रतिभा

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार:** नगर के कालीथान स्थित पायनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में शुक्रवार को वार्षिक विज्ञान एवं चित्रकला प्रदर्शनी समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. एम.पी. तिवारी, प्रधानाचार्य समरजीत सिंह नंदा, कोषाध्यक्षा मीता तिवारी एवं मुख्य अतिथि डॉ. राजीव रंजन, विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान, एमएलके पीजी कॉलेज द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम को सांस्कृतिक रंग प्रदान किया।


विज्ञान प्रदर्शनी में अपना मॉडल दिखाते विद्यार्थी। अमृत विचार

प्रदर्शनी में प्राइमरी से सीनियर वर्ग तक के विद्यार्थियों ने हरित ऊर्जा, जल प्रबंधन, प्रदूषण नियंत्रण, वेबसाइट निर्माण, जैव विविधता, त्रिकोणमिति, परमाणु ऊर्जा, ग्रीन हाउस प्रभाव सहित अनेक विषयों पर आकर्षक व कार्यशील मॉडल प्रस्तुत किए।

अनुभवी जज पैनल ने छात्रों से मॉडलों पर प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर बच्चों ने आत्मविश्वास से दिया। अतिथियों ने विज्ञान व कला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा जजों को सम्मानित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## बेड पर मृत अवस्था में पाई गयी युवती

**गोंडा, अमृत विचार:** घर के कमरे में बिस्तर पर युवती का शव संदिग्ध अवस्था में पाया गया ।सूचना पर पहुंची पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली देहात पुलिस के मुताबिक स्थानीय थाना क्षेत्र के ठोरहस गांव के मुजरे बाबा पुरवा निवासी चंद्रप्रकाश पांडेय ने पुलिस को सूचना दी कि शुक्रवार सुबह उनकी 19 वर्षीय बेटी रोशनी को घर के कमरे में बिस्तर पर मृत अवस्था में पाया गया। कोतवाल देहात शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मृत्यु का कारण पता चलेगा।

# कुष्ठ रोग के प्रति जागरुकता फैलाने व भ्रांतियों को दूर करने की दिलाई शपथ

**उतरौला, बलरामपुर:** सीएचसी उतरौला में शुक्रवार को कुष्ठरोग उन्मूलन एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएचसी अधीक्षक डॉ. चंद्र प्रकाश सिंह ने की। इस दौरान उपस्थित चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ एवं कर्मचारियों को कुष्ठरोग के प्रति जागरूकता फैलाने और सामाजिक भ्रांतियों को दूर करने की शपथ दिलाई गई। डॉ. सिंह ने कुष्ठरोग के लक्षण, पहचान, उपचार एवं रोकथाम पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह रोग समय पर इलाज से पूरी तरह ठीक होने योग्य है। प्रारंभिक अवस्था में पहचान होने पर मरीज को पूर्णतः स्वस्थ किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि समाज में फैले डर और भेदभाव को समाप्त करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कर्मचारियों से अपील की कि वे अपने क्षेत्रों में संदिग्ध मामलों की पहचान कर समय रहते जांच व उपचार सुनिश्चित कराएं तथा किसी भी मरीज के साथ भेदभाव न होने दें। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा कुष्ठरोग का उपचार निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है।


सीएचसी उतरौला में कुष्ठ उन्मूलन की शपथ लेते डॉक्टर व अन्य कर्मचारी।

# बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों से झूमा विद्यालय परिसर

संवाददाता बलरामपुर

**अमृत विचार:** सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव समारोह हर्षोल्लास एवं सांस्कृतिक रंगों के साथ भव्य रूप से मनाया गया। विशुनापुर स्थित गर्ल्स डिग्री कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग, सांस्कृतिक एवं देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अतिथियों व अभिभावकों का मन मोह लिया। फिल्मी गीतों की धुन पर थिरकते नौनिहालों की मनमोहक अदाओं ने पूरे परिसर को तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी बृजेश यादव एवं विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू' द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक शाश्वत जोशी ने विद्यालय के प्रबंधक स्व. पटमेश्वरी प्रसाद जोशी एवं संस्थापिका स्व. मंजूलता जोशी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शिक्षिका अंजली पाठक के निर्देशन में छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना तथा महजबीन बानो के निर्देशन में स्वागत गीत से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात केजी व कक्षा एक के नन्हे-मुन्नों ने धड़क-धड़क गीत पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा एक व दो के बच्चों ने माता-पिता को समर्पित गीत, कक्षा तीन व चार की छात्राओं ने सौगंध मुझे इस मिट्टी की गीत पर देशभक्ति से भरपूर प्रस्तुति दी। कक्षा पांच की छात्राओं ने गर्ल्स क्रिकेट थीम पर नृत्य कर आत्मविश्वास का संदेश दिया, वहीं कक्षा नौ के विद्यार्थियों ने कहब ता लग जाई धक से गीत पर शानदार प्रस्तुति दी। राम नाम का टिकट कटा लो, सांस्कृतिक एकता, हरियाणवी, पंजाबी, डार्लिंग एवं धुरंधर मैशअप पर समूह नृत्यों ने दर्शकों की जमकर तालियां बटोरीं। वहीं 'पोंगा पंडित बहरी बीवी' और इंटरनेट मीडिया पर आधारित नाटक ने सामाजिक संदेश के साथ दर्शकों को खूब गुदगुदाया और विशेष सराहना प्राप्त की। संचालन कर रहे प्रधानाचार्य के.पी. यादव ने अतिथियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह को सफल बनाने में मायाशंकर जोशी, जावेद सईद आदि ने योगदान दिया।


एकल नृत्य प्रस्तुत करती छात्रा।



वार्षिकोत्सव में समूह नृत्य पेश करतीं छात्राएं। अमृत विचार

### कलेक्ट्रेट में राष्ट्रपिता को किया नमन


कलेक्ट्रेट में महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते डीएम और अन्य अधिकारी।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** सत्य, अहिंसा और मानवता के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि तथा देश की आज़ादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में कलेक्ट्रेट परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान डीएम विपिन कुमार जैन, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), अपर उपजिलाधिकारी सहित कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। अधिकारियों ने महात्मा गांधी के जीवन मूल्यों, सत्य, अहिंसा, त्याग और सेवा को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

### 87 छात्रों को दस्तार बांधकर दिए प्रमाण-पत्र


जलसा-ए-दस्तारबंदी में मौजूद मदरसे के छात्र। अमृत विचार

**उतरौला, बलरामपुर :** उतरौला स्थित मदरसा जामिया अली हसन अहले सुन्नत में गुरुवार शाम सालाना जलसा-ए-दस्तारबंदी व अता-ए-रसूल कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ। मगरिब की नमाज के बाद कादरी मंच पर खत्म-ए-बुखारी शरीफ सम्पन्न हुई। ईशा की नमाज के उपरांत कारी मोहम्मद उमर की क़िराअत से जश्न-ए-दस्तारबंदी का आगाज़ हुआ। नातख्वानों ने पैग़म्बरे इस्लाम हज़रत मोहम्मद मुस्तफा की शान में नात व मनक़बत पेश की। मुख्य अतिथि सैयद खलीक अशरफ, मौलाना मोहम्मद हाशिम अशरफी, मौलाना डॉ. रूहुल अमीन एवं मदरसा प्रबंधक अबुल हसन खान अशरफी ने 87 छात्रों को दस्तार बांधकर प्रमाण पत्र प्रदान किए, जिनमें मुफ्ती, आलिम, कारी, फज़ीलत व हाफिज़-ए-कुरान शामिल हैं। तीन श्रेष्ठ छात्रों को नगद व विशेष उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौलानाओं ने दीनी तालीम के साथ दुनियावी शिक्षा की अहमियत पर जोर दिया। दुआ के साथ जलसे का समापन हुआ।

### नगर संसाधन केंद्र में आयोजित हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम से शिक्षा को मिली नई दिशा


कार्यक्रम में बच्चों को पुरस्कृत करते नगरपालिका अध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** नगर संसाधन केंद्र बलरामपुर में सरकार की मंशा के अनुरूप "हमारा आंगन, हमारे बच्चे" कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू' रहे। उन्होंने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नगर क्षेत्र की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। खंड शिक्षा अधिकारी नगर राम कुमार एवं प्रधानाध्यापक अरुण कुमार मिश्रा द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में निपुण भारत अभियान, नई शिक्षा नीति, बालवाटिका, लर्निंग कॉर्नर, स्मार्ट क्लास, शारदा कार्यक्रम सहित विभिन्न शैक्षिक योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को निपुण बनाने पर जोर दिया, वहीं बाल विकास परियोजना अधिकारी ने आंगनवाड़ी से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह ने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में डीपी सिंह बैंस सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य का निरीक्षण करते कुलपति। अमृत विचार

### मां पाटेश्वरी विवि में उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन शुरू

**बलरामपुर, अमृत विचार :** मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर में परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य विधिवत रूप से प्रारंभ हो गया है। मूल्यांकन के पहले दिन कॉमर्स विषय की परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच की गई। इसके लिए घुघुलपुर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है, जहां कड़ी निगरानी और पूर्ण पारदर्शिता के साथ मूल्यांकन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने मूल्यांकन कार्य को सुचारु एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने के लिए अनुभवी शिक्षकों की टीम गठित की है। मूल्यांकन केंद्र पर प्रो. विमल प्रकाश वर्मा को समन्वयक, डॉ. अरुण कुमार को सह-समन्वयक तथा डॉ. विनीत कुमार को सदस्य नियुक्त किया गया है। प्रथम दिवस एमएलके पीजी कॉलेज के वाणिज्य विभाग के डॉ. श्रीकृष्ण त्रिपाठी और डॉ. के.पी. मिश्रा ने कॉमर्स विषय की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रवि शंकर सिंह ने स्वयं मूल्यांकन केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## दहेज न मिलने पर घर से निकाला

**नवाबगंज, गोंडा:** दहेज की बढ़ती मांग ने एक विवाहिता का ससुराल उजाड़ दिया। अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर पति और ससुरालियों द्वारा मारपीट कर घर से निकालने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पति समेत पांच पर केस दर्ज हुआ है। बस्ती जिले के घोरसाएं मल्लूपुर निवासी मधु मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह कस्बे के तिकोना पार्क निवासी अजय कुमार तिवारी के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज के रूप में दस लाख रुपये नकद और एक बुलेट मोटरसाइकिल की मांग करने लगे।


उर्स के जुलूस में शामिल जायरीन। अमृत विचार

### ख्वाजा हसन जैनुल्लाह शाह शफी का उर्स शुरू

**उतरौला, बलरामपुर :** मोहल्ला रफी नगर स्थित बाबा हज़रत ख्वाज़ा हसन जैनुल्लाह शाह शफी के 125वें तीन दिवसीय सालाना उर्स का आगाज़ शुक्रवार को अकीदत और एहतराम के साथ हुआ। कमेटी सदर महफूज़ गनी की अगुवाई में सुबह मज़ार शरीफ को गुस्ल दिया गया, जिसके बाद लंगरखानी में बड़ी संख्या में जायरीन व अकीदतमंदों ने प्रसाद ग्रहण किया। दोपहर बाद कमेटी अध्यक्ष की ज़ेरे क़यादत मज़ार शरीफ से गागर व चादर का भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस हाटन रोड होते हुए शाहजहानी शाह रहमतुल्लाह अलैहि की दरगाह पहुंचा, जहां चादरपोशी की गई। इसके पश्चात जुलूस रजया हरनीडीह से होते हुए बाबा मलंग शाह की मज़ार पहुंचा और अंत में नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए वापस बाबा की दरगाह पर समाप्त हुआ। मज़ार शरीफ पर फातिहा पढ़कर देश में अमन-चैन की दुआ की गई। कमेटी अध्यक्ष ने बताया कि शुक्रवार रात तकरीरी कार्यक्रम में नामचीन नातख्वान व उलमा शिरकत करेंगे।

### महात्मा गांधी की मनाई गयी पुण्यतिथि

**बलरामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव एवं पूर्व विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू' ने कहा कि गांधी जी का जीवन सत्य, अहिंसा और सामाजिक समरसता का प्रतीक है, जिनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। जिला अध्यक्ष शिवलाल कोरी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने जाति-भेद मिटाकर एकजुट समाज के निर्माण पर बल दिया। राजबहादुर यादव (पूर्व ब्लॉक प्रमुख) व अनुज कुमार सिंह (पूर्व जिलाध्यक्ष) ने कहा कि गांधी जी के सिद्धांत गरीब और श्रमिक वर्ग के अधिकारों की रक्षा का आधार हैं। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# समुदायों में बढ़ता विवाद देख प्रबंधक ने मांगी माफी

मनकापुर, गोंडा

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के निर्मल नगर बल्लीपुर स्थित गुरु चरण श्रीवास्तव एआर इंटर कॉलेज में 26 जनवरी को आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान मंच पर की गई सांस्कृतिक प्रस्तुति का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से गंभीर विवाद उत्पन्न हो गया है। वायरल वीडियो में छात्राएं बुर्का पहनकर डांस करती नजर आ रही हैं, जिसे लेकर दोनों समुदायों में नाराजगी व्याप्त है। सोशल मीडिया पर लोगों ने इस प्रस्तुति को धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला कृत्य बताते हुए कड़ी आपत्ति जताई है। लोगों का कहना है कि राष्ट्रीय पर्व जैसे संवेदनशील अवसर पर इस प्रकार का कार्यक्रम कराना न केवल अनुचित है, बल्कि यह कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाला भी हो सकता है। मामले को लेकर विद्यालय प्रशासन की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े किए जा रहे हैं तथा जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। आरोप है कि वीडियो में छह से अधिक हिंदू छात्राएं बुर्का पहनकर बॉलीवुड गानों पर नृत्य करती दिखाई दे रही हैं। वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने कॉलेज पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रबंधन से जवाबदेही की मांग की। स्थिति बिगड़ती देख कॉलेज प्रशासन को सफाई देनी पड़ी। कॉलेज के प्रबंधक राजू श्रीवास्तव ने लिखित रूप से माफी मांगते हुए बताया कि यह प्रस्तुति सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत 'भूतों की टोली' नामक मिक्स हॉरर सॉन्ग पर आधारित थी, लेकिन परिधान का चयन त्रुटिपूर्ण हो गया। उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पर वीडियो के बैकग्राउंड म्यूजिक से छेड़छाड़ कर इसे भ्रामक रूप में प्रस्तुत किया गया है। यदि किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं तो विद्यालय परिवार क्षमाप्रार्थी है। विवाद तूल पकड़ने पर कॉलेज प्रबंधक और प्रधानाचार्य ने मनकापुर कोतवाली में लिखित माफीनामा सौंपते हुए भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित न करने का आश्वासन दिया। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. रामचंद्र ने पूरे प्रकरण की जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कॉलेज प्रबंधन व प्रधानाचार्य को तलब कर स्पष्टीकरण मांगा है। जांच के दौरान यह भी देखा जाएगा कि क्या कार्यक्रम आयोजन में निर्देशों का उल्लंघन किया गया तथा क्या इससे शांति व्यवस्था भंग होने की स्थिति उत्पन्न हुई। रिपोर्ट के आधार पर विभागीय व प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

# ई-केवाईसी की प्रगति खराब होने पर कारण बताओ नोटिस जारी

**गौरा चौकी, गोंडा:** विकास खंड बभनजोत में मनरेगा श्रमिकों की ई-केवाईसी प्रगति अत्यंत खराब पाए जाने पर खंड विकास अधिकारी ने कड़ा रुख अपनाया है। इस संबंध में बभनजोत विकास खंड के 10 ग्राम पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

जारी नोटिस के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा अंतर्गत श्रमिकों की ई-केवाईसी पूर्ण कराने की स्थिति संतोषजनक नहीं है। ग्राम पंचायतों में ई-केवाईसी की प्रगति 9.11 प्रतिशत से लेकर अधिकतम 42.71 प्रतिशत तक ही पाई गई है, जबकि शत-प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश पूर्व में दिए जा चुके हैं। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि दिनांक 27 जनवरी 2026 तक विकासखंड में कुल पंजीकृत 9543 श्रमिकों के सापेक्ष 2597 श्रमिकों की ही ई-केवाईसी पूर्ण कराई जा सकी है, जो मात्र 27.22 प्रतिशत है। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि संबंधित ग्राम पंचायत अधिकारियों द्वारा शासन एवं उच्चाधिकारियों के निर्देशों के प्रति गंभीरता नहीं बरती जा रही है। इसे लापरवाही एवं उदासीनता का द्योतक मानते हुए तीन दिवस के भीतर संतोषजनक स्पष्टीकरण के साथ शेष सभी सक्रिय श्रमिकों की ई-केवाईसी शत-प्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं। खंड विकास अधिकारी ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समयावधि में ई-केवाईसी पूर्ण न होने एवं संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत न किए जाने की स्थिति में संबंधित ग्राम पंचायत सचिवों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति की जाएगी।

**न्यूज ब्रीफ**

### आगले दौर में पहुंची मंडफ, गोरखपुर व अचलपुर की टीमें

**बभनान (गोंडा) :** आरपी किसान इंटर कॉलेज मंडफ में शुक्रवार को तीन दिवसीय चंद्रभान सिंह स्मारक महिला व पुरुष प्रांतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें आरपी इंटर कॉलेज मंडफ, गोरखपुर, अचलपुर व शंकरपुर की टीम ने जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रभात कुमार वर्मा व विशिष्ट अतिथि अजीत कुमार पांडेय ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। पहला मुकाबला आरपी किसान इंटर कालेज मंडफ व चंद्रभान महा विद्यालय की टीम के बीच हुआ। इसमें आरपी मंडफ ने चंद्रभान महाविद्यालय को 2-1से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। दूसरे मुकाबले में अचलपुर की टीम ने विक्रमजीत की टीम को2-1 से पराजित किया। एक और मुकाबले में शंकरपुर की टीम ने मनकापुर टीम को 2-0 के अंतर से पराजित किया।वही गोरखपुर की टीम ने कादिराबाद की टीम को 2-0 के अंतर से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के व्यवस्थापक जितेंद्र नारायण प्रताप सिंह व आयोजक जिला पंचायत सदस्य बृजेश प्रताप नारायण सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 18 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। संचालन शेषराम भारती ने किया।जिला विद्यालय निरीक्षक राम चन्द्र, सांसद प्रतिनिधि कमलेश पांडेय, पूर्व प्रमुख यूपी सिंह, पूर्व प्रमुख बाबूराम यादव, उपनिदेशक लेखा परीक्षा अधिकारी देवी पाटन मंडल शेषनाथ सिंह, आनंद सिंह मौजूद रहे।

### राजकीय विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा 15 मार्च को

**बहराइच :** समाज कल्याण/जनजाति विकास विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बभनी रिसिया एवं राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय (जनजाति विकास) बिछिया मिहींपुरवा, बहराइच में शिक्षा सत्र 2026-27 में कक्षावार रिक्त स्थानों के सापेक्ष 15 मार्च को परीक्षा के माध्यम से छात्राओं को प्रवेश दिया जायेगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि कक्षा 11 में प्रवेश हेतु कक्षा 10 में प्राप्तांक के आधार पर मेरिट द्वारा प्रवेश दिया जायेगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि प्रवेश के लिए विभागीय वेबसाइट एटीएस डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर 20 फरवरी 2026 तक ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किये जायेंगे।

# स्वास्थ्य योजनाओं में ढिलाई बर्दाश्त नहीं: डीएम

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कार्रवाई के दिए गए निर्देश

संवाददाता, बहराइच



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में मौजूद जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व मौजूद अन्य अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में डीएम ने निर्देश दिया कि जहां प्रगति कमजोर मिलेगी, वहां जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई होगी। बैठक में आयुष्मान भारत, टीबी, कुष्ठ नियंत्रण, नेत्र और मानसिक स्वास्थ्य, मीजल्स रूबेला अभियान ,फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रमों सहित 19 कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की गई। डीएम ने आयुष्मान भारत योजना के तहत हर विकास खंड में प्रतिदिन कम से कम 100 गोल्डन कार्ड बनाने का निर्देश दिया और पंचायत सहायकों, कोटेदारों, आशा और आरोग्य मित्रों को इसमें सक्रिय रूप से शामिल करने को कहा।

उन्होंनें राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में सभी ब्लाकों में नोटिफिकेशन बढ़ाने व हर संभावित मरीज की समय पर जांच करने के निर्देश दिए। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी ने जरवल ब्लॉक में 10 फरवरी से चलने वाले एमडीए अभियान की प्रगति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि अभियान सिर्फ औपचारिकता न बने। उन्होंने सभी पात्र व्यक्तियों को फाइलेरिया से बचाव की दवा सेवन कराने पर जोर दिया। उन्होंने चेतावनी के बाद निष्क्रिय आशा कार्यकर्ताओं और एएनएम को हटाने के निर्देश दिए। इस पर डीसीपीएम मोहम्मद राशिद ने बताया कि पिछले तीन डीएचएस में 39 आशाओं को हटाया जा चुका है। साथ ही डीएम ने कहा कि स्वास्थ्य योजनाओं में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कार्यक्रमों की माइक्रो प्लानिंग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने मीजल्स रूबेला अभियान के बेहतर संचालन के लिए शिक्षा विभाग से बच्चों की सूची लेने की सलाह दी। राष्ट्रीय दृष्टिहीनता कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि वर्तमान में सड़क सुरक्षा माह चलाया जा रहा है और इसके अंतर्गत परिवहन विभाग से समन्वय स्थापित कर ढाबों और बस स्टैंड जैसी जगहों पर ट्रक व बस ड्राइवरों के नेत्र परीक्षण का कैम्प लगाकर आंखों की जांच करने के निर्देश दिए। मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की जांच सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने आत्महत्या के मामलों के आंकड़े पुलिस विभाग से लेने और इसकी रोकथाम के लिए विशेष योजना बनाने के निर्देश दिए साथ ही झाड़फूँक तथा बिना डिग्री वाले अनाधिकृत व्यक्तियों के विरूद्व नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। साथ ही जिलाधिकारी ने स्कूल न जाने वाली लड़कियों के एडमिशन के लिए सहयोगी संस्थाओं से समन्वय बढ़ाने और वीएचएसएनडी सत्रों में आवश्यक टूल्स न होने पर वीएचएसएनसी फंड का उपयोग करने के दिशा-निर्देश दिए।

### योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वित कराएं

ई-संजीवनी के माध्यम से किस प्रकार के मरीजों का इलाज हो रहा है, इसकी जानकारी उपलब्ध कराने और जनपद में एफआरयू व एसएनसीयू के विस्तार की तैयारी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। एम्बुलेंस सेवाओं में देरी और मरीजों को घर छोड़ने की सुविधा की व्यवस्था बेहतर करने के लिए भी स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य योजनाओं को शासन की मंशानुरूप धरातल पर क्रियान्वित कराएं। उन्होंने कहा कि कमजोर प्रदर्शन पर समीक्षा नहीं बल्कि कार्रवाई होगी और हर कार्यक्रम की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक के दौरान कुष्ठ उन्मूलन की शपथ दिलायी गयी तथा 31 जनवरी 2026 को सेवानिवृत्त होने वाले एसीएमओ डॉ. आर.बी. वर्मा को अंग वस्त्र भेटकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. संजय कुमार, सीएमएस एम.एम. पाण्डेय, डीपीएम सरजू खां, डीएचआईओ बृजेश सिंह सहित प्रभारी चिकित्साधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# पयागपुर में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का हुआ शुभारंभ

संवाददाता, पयागपुर (बहराइच)

- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को प्रतिवर्ष कुष्ठ निवारण दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वास्थ्य क्षेत्र में शुक्रवार से 13 फरवरी तक सीएमओ डॉ. संजय कुमार शर्मा के निर्देशन में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा।

प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ.शरद भारती ने बताया कि कुष्ठ रोग से जुड़े सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने तथा लोगों को इस रोग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वर्ष 2017 से स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस वर्ष अभियान की थीम "भेदभाव समाप्त कर, गरिमा सुनिश्चित करें " रखी गई है। बीपीएम पयागपुर अनुपम शुक्ल ने बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम कार्यक्रमआज से 13 फरवरी तक क्षेत्र के सभी 87 राजस्व ग्रामों में स्वास्थ्य कर्मियों और ग्राम पंचायतों के सहयोग से मनाया जाएगाकुष्ठ रोग के उपचार हेतु ट्रेस, टेस्टिंग एवं ट्रीटमेंट की रणनीति अपनाई जाती है, जिससे रोगी की शीघ्र पहचान, जांच और इलाज सुनिश्चित हो सके। कुष्ठ रोग का इलाज मल्टी ड्रग ट्रीटमेंट के माध्यम से सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर निशुल्क उपलब्ध है। लक्षण दिखने पर आशा या एएनएम सीएचओ से संपर्क करें अथवा निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच व उपचार कराएं।

उन्होंने कुष्ठ एक संक्रामक रोग है, जो माइकोबैक्टीरियम लेप्रे नामक जीवाणु के कारण होता है। यह त्वचा, नसों और मांसपेशियों को प्रभावित करता है। समय पर इलाज न होने पर यह गंभीर विकृति और स्थायी दिव्यांगता का कारण बन सकता है। कुष्ठ रोगियों में पैरों के तलवों में छाले, मांसपेशियों की कमजोरी तथा वजन में कमी जैसी समस्याएं देखने को मिलती हैं।

कुष्ठ रोग के प्रमुख लक्षण के बारे में एनएमए अनिरुद्ध पाण्डेय ने विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की।

त्वचा पर रंगहीन, हल्के या गहरे रंग के धब्बे, त्वचा के दाग-धब्बों में संवेदनहीनता, हाथ या पैरों में झुनझुनी या सुन्नपन, हाथ, पैर या पलकों में कमजोरी, नसों में दर्द, चेहरे या कान में सूजन/घाव, हाथ या पैरों में दर्द रहित घाव।

इस दौरान डॉ प्रमोद तिवारी, डॉ पल्लवी सिंह, जुगल किशोर चौबे, चन्द्रेश्वर पाठक, पवन कुमार, मनीष द्विवेदी रोहित मिश्रा हिमांशु मिश्रा सहित स्वास्थ्य कर्मी व आशाएं उपस्थित रहे।

# शहीद दिवस पर अधिकारियों ने मौन रहकर दी श्रद्धांजलि



कलेक्ट्रेट में श्रद्धांजलि देते डीएम व अन्य अधिकारी। अमृत विचार



कलेक्ट्रेट में मौन रहने के दौरान मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता, श्रावस्ती

**शहीद दिवस**

- शहीदों एवं महापुरुषों को दी गई श्रद्धांजलि

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को डीएम अश्वनी कुमार पांडेय की अध्यक्षता में स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में शहीद दिवस मनाया गया। इस दौरान अधिकारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान डीएम ने कहा कि देश में प्रतिवर्ष 30 जनवरी व 23 मार्च को भारत की स्वतंत्रता, गौरव, कल्याण एवं देश की शान के लिए लड़ने वाले शहीदों एवं महापुरुषों को श्रद्धांजलि देने के लिए शहीद दिवस मनाया जाता है। आज के ही दिन 30 जनवरी 1948 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर प्रत्येक वर्ष शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर एडीएम अमरेन्द्र कुमार वर्मा, एसडीएम प्रवीण यादव, वरिष्ठ कोषाधिकारी विनीत कुमार, नाजिर सदर चन्द्रमौली श्रीवास्तव, आशुलिपिक केके वैश्य, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर शरद श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

**मौन धारण कर याद किये गये अमर सेनानी, बहराइच:** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्य तिथि के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति एवं सम्मान में कलेक्ट्रेट सभागार में 02 मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, डीजीसी रेवन्यू अजय शर्मा सहित कलेक्ट्रेट व कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### जिला स्तरीय चयन का ट्रॉयल आज

**श्रावस्ती।** जिला क्रीड़ाधिकारी शिवकुमार यादव ने बताया समन्वय प्रदेश स्तरीय सबजूनियर बालक वॉलीबॉल प्रतियोगिता कराया जाना है। प्रतियोगिता का आयोजन 31 जनवरी को जनपद स्तर पर, दो फरवरी को मण्डल स्तर पर तथा तीन से छह फरवरी तक प्रदेश स्तरीय आयोजन गोरखपुर में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शनिवार को जिला खेल कार्यालय परिसर में सुबह 11 बजे से जनपद स्तरीय चयन, ट्रॉयल का आयोजन होगा। जिसमें भाग लेने वाले खिलाड़ियों को जन्म प्रमाण पत्र, मूल आयु प्रमाण पत्र सम्बन्धी प्रमाण पत्र व आधार कार्ड, शैक्षिक प्रमाण पत्र साथ में लाना होगा। साथ ही अधिक जानकारी के लिए कनिष्ठ सहायक विकाश कुमार गिरी मोबाइल नम्बर 9651385722 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### छह फरवरी से शुरू होगा स्वास्थ्य मेला

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** जिले में आयोजित होने वाले गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा- 6.0 को लेकर गुरुवार को भिनगा स्थित जिला पंचायत कार्यालय के सभागार में प्रेस वार्ता हुई। किंग जार्ज मेडिकल कालेज लखनऊ के विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप तिवारी ने बताया कि नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन अवध प्रांत के तत्वावधान में जिले में तीन दिवसीय स्वास्थ्य सेवा मेले का आयोजन किया जाएगा। विभागाध्यक्ष ने बताया कि छह, सात व आठ फरवरी को जिले में राष्ट्रसेवा का संकल्प लेकर विशाल स्वास्थ्य मेले का आयोजन होगा। छह फरवरी को जमुनहा व हरिहरपुररानी ब्लाक के 20 गांवों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित होगा। सात फरवरी को सीमावर्ती ब्लाक सिरसिया के 20 गांवों में इसका आयोजन होगा। आठ फरवरी को भिनगा नगर में मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित होगा। मेले में 175 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सकों की ओर से लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष 48 हजार 866 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया था। यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों में समाजसेवा की भावना का विकास करना है। मेगा शिविर में प्रदेश सरकार के मंत्री असीम अरुण व महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव भी शामिल होंगी। इस दौरान डा. कृतिका, प्रिंस प्रताप सिंह, अजय मिश्र, जिला कार्यवाह दिवाकर, जिला प्रचारक भानु प्रकाश, शिविर के व्यवस्था प्रमुख सुभाष सत्या, बलविंदर सिंह आदि रहे।



प्रेस वार्ता करते केजीएमयू लखनऊ के विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप तिवारी व मौजूद अन्य लोग।

### कोटेदार बनायेंगे लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड

**बहराइच।** अन्नपूर्णा भवनों के संचालन व निर्माण कार्य की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने निर्देश दिया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 अन्तर्गत निर्मित होने वाले अन्नपूर्ण भवनों के लिए 250 ग्राम पंचायतों हेतु भूमि का चिन्हांकन कर लिया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि 01 माह के अन्दर सहायक विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिवों तथा लेखपालों के साथ बैठक करके भूमि का फार्मेट तैयार कर लिया जाए। डीएम ने एडीओ की बैठक के पश्चात सभी सम्बन्धित उप जिलाधिकारी भी अपने स्तर पर बैठक कर लें। डीएम श्री त्रिपाठी ने निर्देश दिया कि निर्माणाधीन अन्नपूर्णा भवन को यथाशीघ्र पूर्ण कर उन्हें हैण्डओवर कराते हुए संचालन कराया जाए। वहीं डीएम ने आयुष्मान भारत के अंतर्गत अवशेष लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए जाने हेतु मुख्य सचिव के निर्देशानुसार संचालित होने वाले अभियान अन्तर्गत समस्त कोटेदारों के माध्यम से गोल्डेन कार्ड बनाए जाने डीएचईआईओ को निर्देश दिए।

# संजय सेतु बंद होने की सुगबुगाहट से बढ़ी बेचैनी

जरवलरोड (बहराइच)

- वैकल्पिक मार्गों को लेकर अटकलें हुईं तेज

**अमृत विचार।** घाघरा नदी पर बने देवीपाटन मंडल की लाइफलाइन कहे जाने वाले संजय सेतु (घाघरा घाट पुल) पर आवागमन अस्थायी रूप से बंद होने की सुगबुगाहट अब तेज होती जा रही है। तकनीकी सर्वे अपने अंतिम चरण में पहुंचने के साथ ही क्षेत्र की आम जनता, व्यापारी वर्ग और रोज़ाना यात्रा करने वाले लोगों की चिंताएं बढ़ने लगी हैं। पुल बंद होने की संभावित तिथि को लेकर भले ही आधिकारिक घोषणा अभी न हुई हो, लेकिन प्रशासनिक हलकों में चल रही तैयारियों ने लोगों को वैकल्पिक व्यवस्था के बारे में सोचने पर मजबूर कर दिया है।

संजय सेतु के बंद होने का सबसे बड़ा असर बहराइच, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती अयोध्या सिद्धार्थ नगर और नेपाल सीमा से जुड़े क्षेत्रों पर पड़ना तय माना जा रहा है। लखनऊ आने-जाने वाले छात्र, नौकरीपेशा लोग, मरीज और व्यापारी पहले से ही सवाल उठा रहे हैं कि पुल बंद होने की स्थिति में उन्हें किन मार्गों से सफर करना होगा। खासतौर पर रुपईडीहा बॉर्डर से जुड़े अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर असर को लेकर व्यापारियों में बेचैनी देखी जा रही है।



मशीनों के जरिये पुल का निरीक्षण करती इंजीनियरों की टीम। अमृत विचार

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पुल को पूरी तरह बंद किया जाता है तो वैकल्पिक मार्गों पर यातायात का दबाव अचानक कई गुना बढ़ जाएगा। इससे न सिर्फ यात्रा समय बढ़ेगा बल्कि सड़कों की हालत और जाम की समस्या भी गंभीर हो सकती है। कुछ लोग गोंडा–अयोध्या या सीतापुर की ओर से लंबे चक्कर वाले मार्गों की चर्चा कर रहे हैं, तो कुछ प्रशासन से अस्थायी बाइपास या नदी मे पीपे का पुल निर्माण यातायात डायवर्जन की स्पष्ट योजना सामने लाने की मांग कर रहे हैं।

हालांकि, प्रशासन और एनएचएआई की ओर से अब तक वैकल्पिक मार्गों की कोई औपचारिक अधिसूचना जारी नहीं की गई है, लेकिन अंदरखाने तैयारी होने के संकेत मिल रहे हैं। जानकारों का मानना है कि पुल बंद होने से पहले ट्रैफिक डायवर्जन, भारी वाहनों के लिए अलग रूट बनाने की व्यवस्था की घोषणा की जा सकती है। फिलहाल, घाघराघाट संजय सेतु पर संभावित प्रतिबंध को लेकर कब और कितने दिन शेष हैं, यह का सवाल हर किसी की जुबान पर है।

### तेज गति से हो रहा स्वर्गधाम का निर्माण

**रुपईडीहा (बहराइच)।** वर्षों से उपेक्षित पड़े स्वर्गधाम का निर्माण तेजी से चल रहा है। शव दाह हेतु दो चबूतरे अलग-अलग बनवाये जा चुके हैं। वहां धुंआ निकलने के लिए होल भी बनवाये गए हैं। उसके ऊपर भी छतरियां हैं। दो कमरे भी बनवाये गए हैं। इनमें लकड़ी व अन्य सामग्री रखी जायेगी। भारी गड्ढों को पाटकर टायल्स लगवाए जा रहे हैं। चबूतरे तक पहुंचने के लिए मार्ग पर टायल लगवाए जा रहे हैं। बरसात के दिनों में पूरे परिसर में कीचड़ हो जाता था। शव दाह होते समय बरसात के दिनों में बारिश के समय अंतिम क्रिया में बड़ा व्यवधान पड़ता था। अब छत के नीचे होने से शव दाह मे कोई रुकावट नही आएगी। इससे नगर पंचायत के लोग अत्यंत प्रसन्न हैं। वहीं इस संबंध में जब नगर पंचायत के कार्यालय में जब चेयरमैन डॉ उमाशंकर वैश्य से बात की गई तो उन्होंने कहा कि सम्पन्न लोग तो गायघाट व अयोध्या ले जाया करते थे। गरीबों के लिए अंत्येष्टि के लिए यहां अत्यंत कष्टदायी था। उन्होंने आगे बढ़कर यह भी कहा कि मुझे भी इस पुण्य कार्य के लिए कुछ लगाना पड़ा तो मैं और लगाकर इसे और सुविधा जनक बनाने की कोशिश में हूं। वाटर सोलर पंप लगा दिया गया है। अब पानी के लिए कोई समस्या नही रहेगी। एक और जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि डेड बॉडी फ्रीजर भी मंगवाया जाएगा। जिससे डेड बॉडी के लिए बर्फ की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# यूजीसी पर सुप्रीम कोर्ट की रोक लगने से सवर्ण छात्रों में उत्साह

संवाददाता, पयागपुर (बहराइच)

**अमृत विचार।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के एक हालिया नीतिगत मामले पर माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने के आदेश के बाद सवर्ण छात्र संगठनों और युवाओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस फैसले को अपनी बड़ी जीत मानते हुए भूपगंज बाजार के मुख्य चौराहों पर कई छात्रों ने जमकर जश्न मनाया और एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर अपनी खुशी का इजहार किया।

फैसले की सूचना मिलते ही भूपगंज बाजार के विभिन्न चौक-चौराहों पर छात्र और स्थानीय लोग एकत्र होने लगे। छात्र सूरज शर्मा का कहना है कि यह निर्णय न्यायसंगत है और इससे योग्य उम्मीदवारों के हितों की रक्षा होगी। इस दौरान युवाओं ने उत्साहपूर्वक नारेबाजी की और फैसले का स्वागत किया इस अवसर पर चंदन त्रिपाठी ने अपनी बात रखते हुए कहा कि न्यायालय का यह आदेश छात्र हितों के संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका पर हमारा अटूट विश्वास और मजबूत हुआ है। यह जीत उन सभी संघर्षरत छात्रों की है जो लंबे समय से निष्पक्ष नीति की उम्मीद लगाए बैठे थे जश्न मनाने वालों में मुख्य रूप से सूरज शर्मा, प्रशांत सिंह, अनुभव शुक्ल, गोलू मिश्र, छोटू शुक्ल, मोहित शुक्ल शामिल रहे इनके अलावा बड़ी संख्या में अन्य छात्र और स्थानीय नागरिक भी इस विजय उत्सव का हिस्सा बने। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिठाई बांटकर एकता का संदेश दिया।



एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाते युवा। अमृत विचार

### जनता और कार्यकर्ताओं से पूछकर लूंगा अगला फैसला: नसीमुद्दीन सिद्दीकी

**कैसरगंज, (बहराइच)।** पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कांग्रेस पार्टी से हालिया इस्तीफे के बाद शुक्रवार को जनपद बहराइच का भ्रमण किया। इस दौरान वे कैसरगंज मे रुके, जहां बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने उनका गर्मजोशी से अभिवादन किया। उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि वे पिछले 36 वर्षों से जनता और अपने कार्यकर्ताओं के निरंतर संपर्क में हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका अगला राजनीतिक निर्णय जनता और कार्यकर्ताओं की भावना के अनुरूप होगा। श्री सिद्दीकी ने कहा मैं जनपदवार भ्रमण कर रहा हूं। और अपने पुराने साथियों, कार्यकर्ताओं व आम जनता से सीधा संवाद कर रहा हूं। उन्हीं की राय के आधार पर भविष्य का निर्णय लिया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मेहनौन अरशद अली खान, अमानत अली, सिराज अहमद एडवोकेट, अरशद मलिक, सुफियान, मो. सैफ, शरीफ अहमद प्रधान, आवेश अहमद प्रधान, साजिद अली प्रधान, कादिर पूर्व प्रधान, धनलाल क्षेत्र पंचायत सदस्य, विक्कू सिंह, अफजल अंसारी, मुबीन अहमद आदि मौजूद रहे।

### चौपाल में जी राम जी योजना की दी जानकारी

**जमुनहा (श्रावस्ती)।** विकास खंड जमुनहा के मल्हीपुर खुर्द स्थित यूनुस खान के ईट भट्ठा पर जी राम जी जनजागरण चौपाल का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य रूप से मौजूद एमएलसी साकेत मिश्र ने जी राम जी की विशेषताओं और उद्देश्यों को विस्तार से बताया। चौपाल में एमएलसी ने कहा कि जी राम जी के तहत प्रत्येक मजदूर को 125 दिन का रोजगार सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। ताकि ग्रामीणों को रोजगार की तलाश में बाहर न जाना पड़े और उन्हें गांव में ही सम्मानजनक आजीविका मिल सके। इस जनजागरण चौपाल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इस दौरान ब्लाक प्रमुख शिवम जायसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष शंकर दयाल पांडे, महेश मिश्रा ओम, अमित श्रीवास्तव, प्रहलाद सिंह, यूनुस खान, पूर्व ब्लाक प्रमुख जमुनहा अच्छन खान, इबरार अहमद राजू, क्षेत्र पंचायत सदस्य व प्रधान मौजूद रहे।

### 25 मास्टर ट्रेनर को मिला प्रशिक्षण

**श्रावस्ती।** विद्यालय प्रबंधन समिति एवं शारदा कार्यक्रम के जिलास्तरीय 25 मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया गया है। यह आउट ऑफ़ स्कूल व ड्रॉप आउट बच्चों को विशेष प्रशिक्षण देंगे। जिले में समग्र शिक्षा के टीआहट बीएसए अजय कुमार के निर्देशन में ब्लाक संसाधन केंद्र हरिहरपुर रानी में एक दिवसीय विद्यालय प्रबंधन समिति एवं तीन दिवसीय शारदा कार्यक्रम अन्तर्गत आउट आफ स्कूल एवं ड्राप आउट बच्चों को विशेष प्रशिक्षण देने के लिए ब्लाकवार पांच पांच शिक्षकों का चयन किया गया ही। इस दौरान प्रणव त्रिपाठी जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता, शिक्षक आलोक कुमार गुप्ता, नुसरत बानो, फज़ले अली, सुनीता यादव, महविशा नक़वी, अनूप श्रीवास्तव, दीपक केसरवानी, खुशहाल खान, संतोष कुमार सोनी, आशुतोष गुप्ता, रूबीना खानम, अरूण कुमार मिश्र, अशोक पाठक, मेराज अहमद, मनीष पाठक, चांद बाबू, अशोक कुमार शाक्य, दिनेश कुमार मिश्र, घनश्याम, अजीमुद्दीन, एकता सिंह, अभिनव प्रताप सिंह तथा सुधीर कुमार जिला समन्वयक मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** परिषदीय शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

# संवैधानिक व मानवीय मूल्यों की दी गई जानकारी

संवाददाता, पयागपुर (बहराइच)

**अमृत विचार।** जनपद के परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक-शिक्षिकाओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में मानवीय व संवैधानिक मूल्यों का बोध कराने के उद्देश्य से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पयागपुर में तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

प्रभारी डायट प्राचार्य आशीष कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण में प्रशिक्षण प्रभारी रामपाल वर्मा, संदर्भदाता प्रदीप कुमार पांडेय व विनोद कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को "प्रज्ञा प्रवाह" माड्यूल आधारित शिक्षण नीतियों की जानकारी दी। प्रशिक्षण प्रभारी रामपाल वर्मा ने बताया कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मानवीय एवं संविधानिक मूल्यों, मौलिक कर्तव्यों , मूल्यों के विकास में प्रभावी संप्रेषण की भूमिका, विद्यालयों में मानवीय एवं संवैधानिक मूल्यों को विकसित करने की रणनीतियां, विद्यालयों में मानवीय एवं संवैधानिक मूल्यों का समावेशन, विद्यालय एवं कक्षा प्रबंधन, मूल्यों के विकास में परिवार एवं समाज की भूमिका आदि बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के अंत में प्रशिक्षण प्रभारी रामपाल वर्मा द्वारा सभी प्रतिभागियों के प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।



प्रशिक्षण के दौरान मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

### अचार और मुरब्बा का दिया जाएगा प्रशिक्षण

**बहराइच ।** राजकीय फल संरक्षण केन्द्र के प्रभारी ने बताया कि उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग बहराइच द्वारा उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ.प्र. के अधीन कार्यरत राजकीय फल संरक्षण केन्द्र, बहराइच हेतु मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत विकास खण्ड स्तरीय 03 कार्यक्रमों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। चार, मुरब्बा, जैम आदि बनाने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु इच्छुक व्यक्ति 03 फरवरी 2026 तक जिला उद्यान अधिकारी, बहराइच के कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं। अभ्यर्थियों का चयन पहले आओ, पहले पाओं के आधार पर किया जायेगा।

### जरूरतमंदों के चेहरों पर आई मुस्कान

**मल्हीपुर (श्रावस्ती)।** हरिहरपुर रानी विकास क्षेत्र ग्राम पंचायत अशरफ़ा में बलविंदर सिंह की ओर से शुक्रवार को बृहद कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें मुख्य रूप से मौजूद जिला पंचायत अध्यक्ष व पूर्व सांसद दद्दन मिश्र व उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष तथा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुभाष सत्या ने दिव्यांग, असहाय, विधवा व जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया। इस दौरान पूर्व सांसद ने आयोजक की तारीफ करते हुए कहा कि आज आपने इस सेवा कार्य को और भी सार्थक, प्रेरणादायी एवं यादगार बना दिया। सेवा, संवेदना और सहयोग के माध्यम से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचने का यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

अमृत विचार
शनिवार, 31 जनवरी 2026





हमें बीते हुए समय के लिए परेशान नहीं होना चाहिए, न ही हमें भविष्य के बारे में चिंतित होना चाहिए। विवेकशील लोग केवल वर्तमान क्षण में ही जीते हैं।
–चाणक्य, दार्शनिक

# सुखद आर्थिक संकेत

आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 एक ऐसे समय में आया है, जब वैश्विक अर्थव्यवस्था भू-राजनीतिक तनाव, व्यापार विखंडन और वित्तीय अस्थिरता के दौर से गुजर रही है। ऐसे विकट समय में यह सुखद है कि 7.4% वास्तविक जीडीपी वृद्धि का अनुमान भारत को लगातार चौथे वर्ष सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करता है। यह उपलब्धि भारतीय बाजार के आत्मविश्वास को मजबूत करती है, किंतु इसके सामाजिक और संरचनात्मक आयामों का संतुलित मूल्यांकन आवश्यक है। मांग और निवेश विकास का दोहरा इंजन है। ऐसे में निजी उपभोग का 7% की वृद्धि यह संकेत देती है कि अपेक्षाकृत कम मुद्रास्फीति और स्थिर रोजगार ने क्रयशक्ति को सहारा दिया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि की मजबूती और शहरी क्षेत्रों में मांग का आधार विस्तृत हुआ है। सकल स्थिर पूंजी निर्माण में 7.8% वृद्धि और पूंजीगत व्यय का 4% तक पहुंचना अवसंरचनात्मक विकास को बल देगा, जिससे भविष्य में निर्माण, स्टील, सीमेंट और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों को लाभ होगा, हालांकि उच्च सार्वजनिक पूंजीगत व्यय के साथ राज्यों का बढ़ता राजकोषीय घाटा जो तकरीबन सवा तीन फीसद है, चिंताजनक है। दीर्घकालिक वित्तीय अनुशासन के लिए यह एक चेतावनी है। यदि विकास ऋण-निर्भर हो जाए, तो भविष्य में ब्याज भार सामाजिक व्यय को सीमित कर सकता है। बैंकों का बट्टा खाता या जीएनपीए 2.2% और निवल एनपीए 0.5% तक गिरना वित्तीय क्षेत्र की सुदृढ़ता का संकेत है। 55 करोड़ जनधन खाते, 36 लाख करोड़ से अधिक मुद्रा ऋण वितरण और 21.6 करोड़ डीमैट खाते इस क्षेत्र की स्थिरता और समावेशन सत्यापित करते हैं। यह आंकड़ा बाजार में वित्तीय भागीदारी के विस्तार को दर्शाता है कि निवेश संस्कृति और उद्यमिता को बल मिला है, हालांकि खुदरा निवेशकों की तेज़ी से बढ़ती संख्या पूंजी बाजार में अस्थिरता के जोखिम भी लाती है। सेवाओं का निर्यात 387.6 अरब डॉलर तक पहुंचना भारत की तकनीकी और पेशेवर क्षमता को दर्शाता है। परंतु माल व्यापार घाटा अभी भी चुनौती है। सेवा-आधारित वृद्धि टिकाऊ है, पर विनिर्माण के बिना व्यापक रोजगार सृजन कठिन रहेगा। रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और बागबानी क्षेत्र का विस्तार ग्रामीण आय को सहारा देते लगते हैं। पीएम-किसान के तहत 4.09 लाख करोड़ रुपये का हस्तांतरण उनकी आय सुरक्षा को मजबूत करता है, लेकिन आय-सहायता दीर्घकालिक उत्पादकता सुधार का विकल्प नहीं हो सकती। रोजगार के मोर्चे पर 56.2 करोड़ कार्यरत आबादी और विनिर्माण में 6% वृद्धि सकारात्मक संकेत तो हैं। सेमीकंडक्टर मिशन और एआई पारिस्थितिकी तंत्र दीर्घकालिक प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित कर सकते हैं, परंतु तकनीकी परिवर्तन से पारंपरिक रोजगारों पर दबाव भी बढ़ेगा।

आर्थिक सर्वेक्षण एक सशक्त, विविध और लचीली अर्थव्यवस्था की तस्वीर प्रस्तुत करता है। बाजार के लिए यह विश्वास और विकास का दस्तावेज़ है, पर विकास की यह रफ्तार तभी सार्थक होगी, जब वृद्धि के लाभ समान रूप से वितरित हों, राजकोषीय अनुशासन कायम रहे और रोजगार सृजन केंद्र में रहे। अन्यथा ऊंची वृद्धि दर सामाजिक असमानता की खाई को गहरा सकती है।

## प्रसंगवश

# नई शिक्षा नीति का बेटियों की तालीम पर असर

शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावशाली साधन रही है। नई शिक्षा नीति 2020 इसी परिवर्तन की बड़ी परिकल्पना लेकर आई, परंतु इस नीति को यदि सबसे संवेदनशील दृष्टि से देखा जाए, तो यह भारतीय बेटियों के भविष्य से गहराई से जुड़ी हुई दिखाई देती है। वर्षों से सामाजिक बंधन, आर्थिक सीमाएं, घरेलू जिम्मेदारियां और लैंगिक भेदभाव लड़कियों की शिक्षा में बाधा बनते रहे हैं। ऐसे में यह नीति केवल शैक्षिक सुधार नहीं, बल्कि उन लाखों बेटियों के लिए उम्मीद की किरण हैं, जो शिक्षा के सहारे अपने जीवन की दिशा बदलना चाहती हैं।

नई संरचना 5+3+3+4 और प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा पर दिया गया जोर बालिकाओं के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। अक्सर देखा गया है कि लड़कियां प्राथमिक स्तर से आगे नहीं बढ़ पातीं। अब खेल-आधारित, गतिविधि-आधारित और मातृभाषा में सीखने की प्रक्रिया, उन्हें शिक्षा से जोड़कर रखने मंद सहायक हो सकती है। जब पढ़ाई डर का विषय न होकर आनंद का अनुभव बनती है, तो परिवार भी बालिकाओं की शिक्षा के प्रति अधिक सकारात्मक होते हैं। प्रारंभिक साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान पर ध्यान उनकी बुनियाद को मजबूत करता है, जिससे आगे की शिक्षा उनके लिए सरल हो जाती है।



डॉ. सुनिधि मिश्रा
शिक्षिका

इस नीति का सबसे क्रांतिकारी पहलू है लचीलापन। मल्टीपल एंट्री-एग्ज़िट, विषय चयन की स्वतंत्रता और कौशल-आधारित शिक्षा उन बालिकाओं के लिए वरदान साबित हो सकती है, जो विवाह, पारिवारिक जिम्मेदारियों या आर्थिक परिस्थितियों के कारण पढ़ाई बीच में छोड़ देती थीं। अब वे अपनी सुविधा अनुसार शिक्षा को फिर से शुरू कर सकती हैं। यह व्यवस्था शिक्षा को एक बार मिलने वाला अवसर न बनाकर जीवनभर उपलब्ध रहने वाला अवसर बनाती है। कौशल और व्यावसायिक शिक्षा पर दिया गया जोर बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

अब शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं, बल्कि रोजगार, उद्यमिता और तकनीकी दक्षता से जुड़ती है। डिजिटल कौशल, कंप्यूटर शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बना सकता है। यह आत्मनिर्भरता ही उन्हें समाज में सम्मान और निर्णय लेने की शक्ति देती है। डिजिटल शिक्षा ने नई संभावनाएं खोली हैं। ऑनलाइन कक्षाएं, ई-लर्निंग सामग्री और वर्चुअल संसाधन उन बालिकाओं तक शिक्षा पहुंचा सकते हैं, जो सामाजिक कारणों से स्कूल नहीं जा पातीं। पर यही डिजिटल विस्तार एक चुनौती भी है। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट और स्मार्ट उपकरणों की कमी का सबसे अधिक प्रभाव लड़कियों पर पड़ता है। कई घरों में यदि एक ही मोबाइल है, तो उसका उपयोग पहले लड़कों को मिलता है। यह डिजिटल विभाजन बेटियों के अवसरों को सीमित कर देता है।

मातृभाषा में शिक्षा का प्रावधान बालिकाओं के लिए सहज सीख का माध्यम बनता है। वे अपनी भाषा में बेहतर समझ विकसित कर पाती हैं, जिससे आत्मविश्वास बढ़ता है। पर अभिभावकों की चिंता यह भी है कि अंग्रेज़ी की कमी भविष्य के अवसरों को सीमित कर सकती है। इस संतुलन को साधना नीति के सफल क्रियान्वयन की कुंजी है। आंकड़े बताते हैं कि प्राथमिक स्तर पर बालिकाओं का नामांकन बढ़ा है, पर माध्यमिक स्तर पर ड्रॉपआउट दर अब भी चिंता का विषय है। कम उम्र में विवाह, घरेलू कार्यों का बोझ, सुरक्षा की चिंता और आर्थिक दबाव बालिकाओं की शिक्षा को रोक देते हैं।

# ग्रीनलैंड: शक्ति से बड़ा विज्ञान का सच





राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार

भू-राजनीति ने ग्रीनलैंड को अचानक वैश्विक विमर्श के केंद्र में ला खड़ा किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ग्रीनलैंड पर कब्जे की बयानबाज़ी से अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में हलचल मचा रहे हैं। रणनीतिक और आर्थिक कारणों का हवाला देते हुए उन्होंने ग्रीनलैंड को अमेरिका के हित में बताया है। दूसरी ओर डेनमार्क और यूरोपीय देशों ने इस दावे को सिरे से खारिज किया है, जिससे राजनयिक तनाव बढ़ता दिख रहा है, लेकिन यह विशाल द्वीप किसी एक दौर की रणनीतिक प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं रहा है। विज्ञान के लिए ग्रीनलैंड दशकों से एक अनोखी प्रयोगशाला रहा है, जहां पृथ्वी के अतीत, वर्तमान और भविष्य को एक साथ पढ़ा जा सकता है।

उत्तरी अटलांटिक और आर्कटिक महासागर के बीच स्थित यह द्वीप क्षेत्रफल में लगभग 21.6 लाख वर्ग किलोमीटर है, यानी भारत के आकार के लगभग दो-तिहाई के बराबर, लेकिन इसकी आबादी केवल 56 हजार के आसपास है। इतनी कम जनसंख्या और विशाल बर्फीला भूभाग इसे वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए आदर्श बनाते हैं, क्योंकि यहां मानवीय हस्तक्षेप अपेक्षाकृत न्यूनतम है और प्राकृतिक प्रक्रियाएं अपेक्षाकृत शुद्ध रूप में देखी जा सकती हैं।

ग्रीनलैंड की आइस शीट लगभग 17 लाख वर्ग किलोमीटर में फैली है और औसतन इसकी मोटाई 1.5 से दो किलोमीटर तक मानी जाती है। यदि ग्रीनलैंड की पूरी बर्फ पिघला दी जाए, तो विश्व के समुद्र स्तर में लगभग सात मीटर की वृद्धि हो सकती है। यही कारण है कि जलवायु परिवर्तन के अध्ययन में यह क्षेत्र केंद्रीय महत्व रखता है। सेटेलाइट्स के आंकड़ों के अनुसार 1990 के दशक के बाद से ग्रीनलैंड हर साल औसतन 250 से 280 अरब टन बर्फ खो रहा है। केवल 2019 में ही लगभग 530 अरब टन बर्फ पिघली, जिसे अब तक का सबसे तेज पिघलाव माना जाता है। यह आंकड़े केवल स्थानीय परिवर्तन नहीं, बल्कि दुनिया के तटीय शहरों, द्वीपीय देशों और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के भविष्य से भी जुड़े हुए हैं।

विज्ञान के लिए ग्रीनलैंड दशकों से एक अनोखी प्रयोगशाला रहा है, जहां पृथ्वी के अतीत, वर्तमान और भविष्य को एक साथ पढ़ा जा सकता है।

ग्रीनलैंड में की जाने वाली आइस-कोर ड्रिलिंग ने पृथ्वी के जलवायु इतिहास को समझने में क्रांतिकारी योगदान दिया है। इनसे यह पता चलता है कि लाखों साल पहले वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन का स्तर कितना था और तापमान में किस तरह के उतार-चढ़ाव आए। कुछ आइस-कोर रिकॉर्ड लगभग 1.2 लाख साल पुराने हैं, जबकि नवीनतम परियोजनाओं का लक्ष्य 20 लाख साल तक पुराने जलवायु संकेतों को निकालना है। इन आंकड़ों ने यह स्पष्ट किया है कि वर्तमान समय में कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर औद्योगिक युग से पहले की तुलना में लगभग 50 प्रतिशत अधिक है।

जलवायु के अलावा, ग्रीनलैंड भूविज्ञान और खनिज विज्ञान के लिए भी महत्वपूर्ण है। यहां दुर्लभ खनिजों और रेयर अर्थ एलिमेंट्स के बड़े भंडार होने के संकेत मिले हैं, जिनका उपयोग आधुनिक तकनीक, इलेक्ट्रिक वाहनों और रिन्यूएबल एनर्जी प्रणालियों में होता है। वैज्ञानिक सर्वेक्षण बताते हैं कि ग्रीनलैंड में यूरेनियम, जिंक, निकेल, तांबा और दुर्लभ पृथ्वी तत्वों की संभावनाएं मौजूद हैं, हालांकि बर्फ के नीचे छिपी यह भूगर्भीय संपदा अब तक सीमित रूप में ही दोहन के योग्य रही है। जलवायु परिवर्तन के कारण जैसे-जैसे बर्फ पीछे हट रही है, वैसे-वैसे भूविज्ञान के नए प्रश्न भी सामने आ रहे हैं। जैसे कि पिघलती बर्फ के नीचे की चट्टानों का व्यवहार और भूकंपीय गतिविधियों पर इसका असर।

समुद्री विज्ञान के क्षेत्र में भी ग्रीनलैंड की भूमिका अहम है। यहां से निकलने वाली ठंडे मीठे पानी की धाराएं अटलांटिक महासागर की थर्मोहेलाइन सर्कुलेशन को प्रभावित करती हैं, जिसे अक्सर महासागरीय कन्वेयर बेल्ट कहा जाता है। यह प्रणाली यूरोप और उत्तरी अमेरिका की जलवायु को संतुलित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अध्ययनों के अनुसार, ग्रीनलैंड से बढ़ता हुआ मीठा पानी इस परिसंचरण को धीमा कर सकता है, जिससे उत्तरी अटलांटिक क्षेत्र में ठंडे और अनिश्चित मौसम की संभावना बढ़ सकती है। कुछ मॉडल बताते हैं कि यदि पिघलाव इसी गति से जारी रहा, तो इस सदी के अंत तक महासागरीय परिसंचरण की ताकत में 10 से 20 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है।

जीव विज्ञान और पारिस्थितिकी के लिए भी ग्रीनलैंड एक खुली प्रयोगशाला जैसा है। यहां के आर्कटिक जीव जैसे ध्रुवीय भालू, सील, व्हेल और माइक्रोस्कोपिक प्लवक जलवायु परिवर्तन के प्रति अत्यंत संवेदनशील हैं। समुद्री तापमान में मामूली वृद्धि और बर्फ के घटते क्षेत्र का सीधा असर इनके जीवन चक्र पर पड़ता है। उदाहरण के लिए हाल के अध्ययनों में पाया गया है कि बर्फ के पिघलने से समुद्री शैवाल और प्लवक की मौसमी वृद्धि का समय बदल रहा है, जिसका प्रभाव पूरी खाद्य श्रृंखला पर पड़ता है। यह परिवर्तन स्थानीय समुदायों की आजीविका और पारंपरिक जीवन शैली को भी प्रभावित कर रहा है।

ग्रीनलैंड में वैज्ञानिक अनुसंधान का एक सामाजिक आयाम भी है। यहां की इनुइट आबादी (इनुइट कनाडा, ग्रीनलैंड, अलास्का और रूस के आर्कटिक क्षेत्रों में रहने वाले स्वदेशी लोग हैं) सदियों से बर्फ, समुद्र और मौसम के सूक्ष्म संकेतों के आधार पर जीवन यापन करती आई है। आधुनिक विज्ञान और पारंपरिक ज्ञान के मेल से पर्यावरणीय परिवर्तनों को अधिक गहराई से समझने की कोशिश की जा रही है। कई अनुसंधान परियोजनाओं में स्थानीय समुदायों को सक्रिय भागीदार बनाया गया है, ताकि आंकड़ों के साथ अनुभवजन्य ज्ञान भी संरक्षित रह सके।

आज जब भू-राजनीति ग्रीनलैंड को रणनीतिक ठिकानों, समुद्री मार्गों और संसाधनों के नजरिए से देख रही है, तब यह याद रखना जरूरी है कि यह द्वीप पहले से ही विज्ञान का एक मौन साक्षी रहा है। यहां की बर्फ में पृथ्वी का इतिहास दर्ज है।

## आमने सामने



अपनी किताबों में लोग छपवाते हैं कि कोई लोदी है तो कोई गजनी है ये सब हिन्दुस्तानी लुटेरे थे। ये बाहर से नहीं आए थे। राजनीतिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए लोग कहते हैं कि उन्होंने ये तोड़ दिया और वो तोड़ दिया। सब हिन्दुस्तानी थे।
–हामिद अंसारी
पूर्व उपराष्ट्रपति

अंसारी की टिप्पणी कोई अलग घटना नहीं है, बल्कि यह उस पैटर्न का हिस्सा है, जिसमें कांग्रेस से जुड़े लोग बार-बार भारत के मध्यकालीन इतिहास को साफ-सुथरा दिखाने का प्रयास करते हैं। शरजील इमाम और उमर खालिद को युवा नेता बताने के बाद अब कांग्रेस इकोसिस्टम महमूद गजनवी जैसे शासक का महिमामंडन कर रहे हैं।
–शहजाद पूनावाला, भाजपा प्रवक्ता



# मुद्राओं की कमजोरी व सोना-चांदी का बढ़ता प्रभुत्व



प्रो. आरके जैन
शिक्षाविद्

सोना-चांदी की ऐतिहासिक ऊंचाईयां केवल बाजार की खबर नहीं, बल्कि बदलती हुई वैश्विक चेतना का स्पष्ट संकेत हैं। यह तेजी किसी अचानक उत्साह का परिणाम नहीं, बल्कि लंबे समय से जमा होते असुरक्षा और अविश्वास का विस्फोट हैं। जब दुनिया का आर्थिक तंत्र डगमगाने लगता है, तब निवेशक लाभ की संभावनाओं से अधिक सुरक्षा की तलाश में निकल पड़ते हैं। आज वही स्थिति दिखाई दे रही है। शेयर बाजारों की अस्थिरता और मुद्राओं की कमजोरी ने लोगों को सदियों पुराने भरोसे की ओर लौटने के लिए मजबूर किया है। सोना और चांदी की चमक दरअसल इस बात का प्रमाण है कि वैश्विक व्यवस्था पर विश्वास कमजोर पड़ चुका है।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव इस तेजी की सबसे बड़ी वजह बनकर उभरे हैं। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध की नई परतें, यूरोप की राजनीतिक अस्थिरता, मध्य पूर्व में लगातार सुलगते संघर्ष और लैटिन अमेरिका के संकट ने वैश्विक बाजारों में भय का वातावरण बना दिया है। निवेशक अब यह मानने लगे हैं कि आने वाला समय टकराव और अनिश्चितता से भरा हो सकता है। ऐसे माहौल में जोखिमपूर्ण परिसंपत्तियां आकर्षण खो देती हैं। पूंजी स्वभाव से ही डरपोक होती है और खतरे की आहट मिलते ही सुरक्षित ठिकानों की ओर भागती है। सोना और चांदी इसी डर का स्वाभाविक आश्रय बनते हैं। यह तेजी बताती है कि दुनिया स्थिरता नहीं बल्कि सुरक्षा खोज रही है।

केंद्रीय बैंकों की रणनीति ने इस प्रवृत्ति को और मजबूती प्रदान की है। जब देश अपनी मुद्रा और आर्थिक संप्रभुता को लेकर चिंतित होते हैं, तब वे सोने की ओर लौटते हैं। बड़े पैमाने पर सोने की खरीद केवल निवेश नहीं, बल्कि एक रणनीतिक संदेश होती हैं। यह संकेत देता है कि वैश्विक वित्तीय व्यवस्था में तनाव बढ़ सकता है। जब केंद्रीय बैंक सोने को प्राथमिकता देते हैं, तब बाजार को यह स्पष्ट संदेश मिलता है कि भविष्य में मुद्रा जोखिम गहरा सकता है। आम निवेशक भी इस संकेत को समझता है और उसी दिशा में कदम बढ़ाता है। इस सामूहिक विश्वास से कीमतें केवल मांग के कारण नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक मजबूती के कारण भी बढ़ती हैं।

चांदी की तेजी इस पूरी कहानी में एक नया और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ती हैं। यह धातु अब केवल सुरक्षित निवेश का साधन नहीं रही, बल्कि आधुनिक तकनीकी विकास की अनिवार्य जरूरत बन चुकी है। सौर ऊर्जा इलेक्ट्रिक वाहन डिजिटल उपकरण और औद्योगिक उत्पादन में चांदी की मांग तेजी से बढ़ रही है। वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन ने इसकी उपयोगिता को कई गुना बढ़ा दिया है। दूसरी ओर आपूर्ति सीमित है, जिससे कीमतों पर दबाव स्वाभाविक रूप से बढ़ता है। निवेशक अब चांदी को केवल संकट में सुरक्षा नहीं, बल्कि भविष्य के विकास का माध्यम भी मान रहे हैं। यही दोहरी भूमिका इसकी कीमतों को और अधिक अस्थिर, लेकिन आकर्षक बना रही है।

आर्थिक अनिश्चितता और मौद्रिक नीतियों की दुविधा ने इस उछाल को और गहराई दी है। मुद्रास्फीति की मार और ब्याज दरों को लेकर असमंजस ने कागजी मुद्रा की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जब लोगों को लगता है कि उनकी मुद्रा धीरे-धीरे मूल्य खो रही है, तब वे ठोस संपत्तियों की ओर रुख करते हैं। सोना और चांदी इस संदर्भ में मूल्य संरक्षण का सबसे पुराना और भरोसेमंद साधन माने जाते हैं। यह केवल आर्थिक गणना नहीं, बल्कि मानसिक सुरक्षा की तलाश है। लोग भविष्य को लेकर चिंतित हैं और वर्तमान में अपने धन को सुरक्षित रखना चाहते हैं। यही भावना इस रिकॉर्ड तेजी की असली ऊर्जा बन चुकी है।

भारतीय बाजार में इस तेजी का प्रभाव केवल निवेश तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक जीवन को भी गहराई से प्रभावित कर रहा है। सोना भारतीय संस्कृति में केवल धातु नहीं, बल्कि परंपरा और भावनाओं का प्रतीक है। शादी विवाह और त्योहारों से जुड़ी उम्मीदें अब महंगाई की दीवार से टकरा रही हैं। आम परिवार के लिए आभूषण खरीदना पहले से कहीं अधिक कठिन हो गया है। इसके बावजूद निवेश के स्तर पर यह समय अवसर भी प्रस्तुत करता है। डिजिटल गोल्ड सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड और अन्य वित्तीय विकल्पों ने निवेश को पहले से अधिक सुलभ बना दिया है। लोग धीरे-धीरे भौतिक संग्रह से अधिक वित्तीय सुरक्षा की ओर बढ़ रहे हैं।

इतनी ऊंची कीमतों पर निवेश करते समय सावधानी अनिवार्य हो जाती है। बाजार भावनाओं से चलता है और भावनाएं तेजी से बदल सकती हैं। वैश्विक तनाव यदि किसी मोड़ पर कम होता है, तो कीमतों में उतार-चढ़ाव भी आ सकता है, इसलिए विवेक संतुलन और दीर्घकालिक दृष्टि सबसे जरूरी है। सोना और चांदी को त्वरित लाभ के साधन के बजाय सुरक्षा कवच के रूप में देखना अधिक उचित होगा। यह समय लालच से अधिक समझदारी की परीक्षा है। जो निवेशक भावनाओं के बजाय रणनीति के साथ कदम रखेंगे, वही इस दौर से लाभ उठा पाएंगे।

सोना-चांदी की ऐतिहासिक ऊंचाइयां केवल बाजार की खबर नहीं, बल्कि बदलती हुई वैश्विक चेतना का स्पष्ट संकेत हैं।

## सोशल फोरम

# आदर की परंपरा

किसी के आगे झुककर उसे 'आदर' देना मनुष्यों द्वारा बनाई गई एक क्रिया मात्र है। ये हम मनुष्यों ने बनाया है। जैसे हमने भाषा बनाई। दुनिया में बहुत सारी सभ्यताएं और प्रांत हैं, जहां किसी को आदर देने की बड़ी अलग-अलग क्रियाएं हैं। जैसे- केनिया का मसाई कबीला किसी पर थूक कर उसे आदर और सम्मान देता है। दुनिया में पहले बहुत सारे कबीलों का आदर और सत्कार का तरीक़ा बिल्कुल अलग-अलग हुआ करता था, मगर जैसे-जैसे मनुष्य अपने कबीलों को छोड़कर शहरों, प्रांतों और देशों में बसने लगा, उसने आदर प्रकट करने की यूनिवर्सल प्रक्रिया को मानना शुरू कर दिया। आजकल हमारी ज्यादातर सामाजिक क्रियाएं और परंपराएं वही हैं, जो लगभग हर देशों और प्रांतों में मान्य हैं।



सिद्धार्थ ताबिश
लेखक

अगर आप किसी ईश्वर के आगे झुक रहे हैं और उसे ये पसंद आ रहा है तो वो ईश्वर आप ही के जैसा नहीं हुआ? अगर मसाई कबीले का ईश्वर होता तो वो आपको थूकने का हुक्म देता या किसी और परंपरा का, वो ईश्वर होता तो उस हिसाब से आपसे आदर मांगता। जैसे अरब के लोग झुक कर प्रार्थना करते हैं और अपने ख़ुदा को आदर देते हैं।

आप किसी भी धर्म को मानते हैं या किसी भी ईश्वर की आराधना करते हैं, आप जो भी करते हैं सब खुद से बनाई और स्वयं से समझी गई परंपराएं और क्रियाओं का निर्वहन करते हैं। जैसे आप भिंडी को भिंडी बोलते हैं और अंग्रेज़ उसे 'ओकरा' या 'लेडी फिंगर'। आप किसी अंग्रेज़ के सामने अगर 'भिंडी' कहेंगे और उसे हिंदी नहीं आती है तो वो उसे समझ नहीं आएगा। ऐसे ही आपका बनाया ईश्वर है। आप उसके आगे झुकेंगे, अरबी या संस्कृत में बात करेंगे, तभी वो समझेगा.. नहीं तो वो नहीं समझेगा।

आपका ईश्वर आपका ही प्रतिबिंब होता है। आप कितना भी कहें कि वो सर्वव्यापी है। ये है वो है, वो सब आप ही हैं। सर्वव्यापी और बाकी सारी भाषाएं और परिभाषाएं आपकी ही बनाई हुई हैं और आप उसी गुणों को धारण करने वाले को ईश्वर बोलते हैं। आप ने ही उसे ये धारण करवाई है और आपने ही उसे आदर सूचक क्रिया 'झुकना' को ही एकमात्र आदर समझाया है। कोई आपके सामने झुके तो आप खुश होते हैं, इसलिए आप सोचते हैं कि आपका ईश्वर भी ख़ुश हो रहा होगा, जबकि झुकने को आप ही आदर समझते हैं, दुनिया का कोई अन्य प्राणी नहीं!

–फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# एविएशन सेक्टर में ठोस कदम उठाने की जरूरत

हवाई यात्रा को लंबे समय तक सबसे सुरक्षित यात्रा माध्यम माना जाता रहा है। आंकड़े भी यही गवाही देते हैं कि सड़क, रेल और जलमार्ग की तुलना में विमान दुर्घटनाएं कहीं कम होती हैं। आधुनिक तकनीक, कड़े सुरक्षा मानक, प्रशिक्षित पायलट और अत्याधुनिक एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम ने हवाई यात्रा को भरोसेमंद बनाया है। इसके बावजूद, पिछले कुछ वर्षों से एविएशन सेक्टर पर लगातार सवाल उठने लगे हैं। रह-रहकर सामने आ रही हवाई दुर्घटनाएं इस भरोसे को झकझोर रही हैं।

इन दुर्घटनाओं के पीछे कई कारण छिपे हैं। कहीं तकनीकी खामियां जिम्मेदार हैं, तो कहीं मानवीय चूक। कई बार विमान का रख-रखाव तय मानकों के अनुसार नहीं होता, तो कभी पायलटों पर बढ़ता कार्य दबाव और लंबी ड्यूटी भी दुर्घटनाओं का कारण बन जाती हैं। मौसम की अनदेखी, एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट में लापरवाही और सुरक्षा नियमों में ढील भी खतरे को बढ़ा देती है। निजीकरण और मुनाफे की होड़ ने कई बार सुरक्षा को दूसरे पायदान पर खड़ा कर दिया है और यही सबसे बड़ा खतरा है।



सुनील कुमार महला
वरिष्ठ पत्रकार

हमारे देश में सड़क दुर्घटनाएं पहले से ही एक गंभीर समस्या हैं, जहां हर साल हजारों लोग अपनी जान गंवाते हैं। रेल और जल दुर्घटनाएं भी कम नहीं हैं, लेकिन जब विमान दुर्घटनाएं होती हैं, तो वे समाज को ज्यादा झकझोरती हैं, क्योंकि आम धारणा यही रही है कि आसमान में यात्रा सबसे सुरक्षित है। ऐसी घटनाएं यह एहसास कराती हैं कि जीवन आज कहीं भी पूरी तरह सुरक्षित नहीं रह गया है।

हाल ही में महाराष्ट्र के बारामती में हुए एक दुखद विमान हादसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन की खबर ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। यह पहला अवसर नहीं है, जब किसी बड़े राजनीतिक नेता की मृत्यु विमान या हेलीकॉप्टर दुर्घटना में हुई हो। गुजरात के अहमदाबाद में 12 जून 2025 को एयर इंडिया का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का निधन हुआ। 8 दिसंबर 2021 को तमिलनाडु के कुन्नूर के पास हुए हेलिकॉप्टर हादसे में भारत के पहले प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत की मृत्यु हो गई थी। 30 अप्रैल 2011 को अरुणाचल प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री दोरजी खांडू और चार अन्य लोगों की मृत्यु उस समय हो गई, जब उन्हें तवांग से ईटानगर ले जा रहा हेलिकॉप्टर पश्चिमी कामेंग जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

वर्ष 2005 में उद्योगपति और हरियाणा के मंत्री ओम प्रकाश जिंदल तथा कृषि मंत्री सुरेंद्र सिंह की भी एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। आंध्र प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी, जिन्हें वाईएसआर के नाम से जाना जाता था, की दो सितंबर 2009 को एक हेलिकॉप्टर हादसे में मृत्यु हो गई थी। इसके अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता माधवराव सिंधिया की 30 सितंबर 2001 को एक विमान दुर्घटना में मृत्यु हुई थी। 23 जून 1980 को संजय गांधी की भी एक हवाई दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी, जब वे दिल्ली फ्लाइंग क्लब का विमान उड़ा रहे थे। लोकसभा अध्यक्ष और तेलुगु देशम पार्टी के नेता जीएम सी बालयोगी की तीन मार्च 2002 को हेलिकॉप्टर दुर्घटना में जान चली गई थी।

इन सभी घटनाओं ने भारत में तेजी से बढ़ते एविएशन सेक्टर की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। दुर्घटनाएं पूरी तरह टाली नहीं जा सकतीं। अधिकांश हादसे ऐसे होते हैं, जिन्हें समय रहते सावधानी, सख्त निगरानी और नियमों के ईमानदार पालन से काफी हद तक रोका जा सकता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# इतिहास व रहस्य का संगम लेपाक्षी

लेपाक्षी मंदिर आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले के एक छोटे से गांव में है, जिसे लेपाक्षी गांव के नाम से ही जाना जाता है। इसके सबसे पास का शहर हिंदूपुर है। यह हिंदूपुर शहर से 15 किलोमीटर पूर्व में तथा बेंगलुरु के 120 किलोमीटर उत्तर में स्थित है। मंदिर को कुर्म सैला के विशाल पहाड़ों के बीच चट्टान को काटकर ग्रेनाइट के पत्थरों की सहायता से बनाया गया है। यह पहाड़ एक कछुए के आकार में हैं, इसलिए इन्हें कुर्म सैला/ कुर्मासेलम के नाम से जाना जाता हैं। संस्कृत भाषा में कछुए को कुर्म कहा जाता है।



अजय त्रिवेदी
उप निदेशक युवा कल्याण

## कुर्म सैला की गोद में बसा मंदिर

लेपाक्षी मंदिर कुर्म सैला नामक पहाड़ियों के बीच स्थित है। ये पहाड़ कछुए के आकार के हैं, इसलिए इन्हें कुर्म सैला या कुर्मासेलम कहा जाता है। संस्कृत में 'कुर्म' का अर्थ कछुआ होता है। मंदिर का निर्माण इन विशाल चट्टानों को काटकर ग्रेनाइट पत्थरों से किया गया है। पहली दृष्टि में ही यह स्पष्ट हो जाता है कि यह केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि शिल्प और स्थापत्य का जीवंत इतिहास है।

## रामायण से जुड़ी अमर कथा

लेपाक्षी की पहचान रामायण काल की एक अत्यंत करुण और वीर गाथा से जुड़ी है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम अपने भाई लक्ष्मण और माता सीता के साथ वनवास के अंतिम चरण में यहां ठहरे थे। इसी दौरान रावण ने मारीच की सहायता से माता सीता का अपहरण किया। पुष्पक विमान से लंका ले जाते समय यह दृश्य जटायु ने देख लिया। जटायु ने रावण से आकाश में भीषण युद्ध किया, लेकिन अंततः रावण ने उसका एक पंख काट दिया। घायल जटायु राम नाम लेते हुए इसी भूमि पर गिर पड़े। जब श्रीराम माता सीता की खोज में यहां पहुंचे, तो उन्होंने जटायु को कराहते हुए पाया।



## 'ले-पाक्षी' से बना लेपाक्षी

श्रीराम ने जटायु का सिर अपनी गोद में रखा और बार-बार "ले पाक्षी, ले पाक्षी" कहते रहे, जिसका तेलुगु भाषा में अर्थ है- 'उठो पक्षी।' जटायु ने माता सीता के अपहरण की पूरी कथा सुनाई और श्रीराम की गोद में ही अपने प्राण त्याग दिए। श्रीराम ने पुत्रवत जटायु का अंतिम संस्कार किया। तभी से इस स्थान का नाम लेपाक्षी पड़ा और मंदिर लेपाक्षी मंदिर के नाम से प्रसिद्ध हुआ।



## विश्व का विशाल एकाश्म शिवलिंग

लेपाक्षी मंदिर में स्थित स्वयंभू शिवलिंग को विश्व का सबसे बड़ा एकाश्म शिवलिंग माना जाता है। इसे एक ही चट्टान को काटकर बनाया गया है। इसके पीछे सात मुखों वाला विशाल शेषनाग विराजमान है, जो मंदिर को और भी दिव्य, भव्य और रहस्यमय बना देता है। लेपाक्षी की यात्रा केवल एक मंदिर दर्शन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, रामायण की गाथा और प्राचीन स्थापत्य से साक्षात्कार है। यहां हर पत्थर, हर स्तंभ और हर कथा इतिहास और आस्था की कहानी कहती है। लेपाक्षी से लौटते समय मन में यही भाव रहता है कि कुछ स्थल केवल देखे नहीं जाते, वे भीतर तक उतर जाते हैं।

## स्वयंभू शिवलिंग और प्राचीन मान्यताएं

लेपाक्षी मंदिर का इतिहास अत्यंत प्राचीन माना जाता है, जिसकी जड़ें सतयुग से जोड़ी जाती हैं। मान्यता है कि यहां स्थित स्वयंभू शिवलिंग की स्थापना महर्षि अगस्त्य ने की थी। रामायण काल में दो और शिवलिंग स्थापित किए गए—एक भगवान श्रीराम द्वारा और दूसरा भक्त हनुमान द्वारा। लंबे समय तक ये शिवलिंग खुले आकाश के नीचे रहे और बाद में मंदिर का निर्माण हुआ।



## वीरभद्र और शक्ति की उपासना

दक्ष प्रजापति के यज्ञ और माता सती के आत्मदाह के बाद भगवान शिव के रूद्र रूप वीरभद्र के प्रकट होने की कथा भी इस मंदिर से जुड़ी है। मान्यता है कि महर्षि अगस्त्य ने भगवान शिव के इसी वीरभद्र रूप को समर्पित विशाल शिवलिंग और मंदिर का निर्माण यहां करवाया था, जिससे यह स्थान शक्ति और तपस्या का केंद्र बन गया।

## माता सीता का चरणचिह्न

मंदिर परिसर में एक विशाल पैर की छाप दिखाई देती है, जिसे माता सीता का चरणचिह्न माना जाता है। लोक मान्यता के अनुसार जब रावण माता सीता को लंका ले जा रहा था और जटायु घायल होकर यहां गिरे थे, तब माता सीता ने श्रीराम को संदेश देने के लिए यह छाप छोड़ी थी। इस स्थान पर खड़े होकर रामायण की करुण कथा मानो सजीव हो उठती है।





## विजयनगर काल का स्थापत्य वैभव

16 वीं शताब्दी में विजयनगर साम्राज्य के दौरान विरुपन्ना और विरन्ना नामक दो भाइयों ने इस विशाल मंदिर का निर्माण करवाया। मंदिर की स्थापत्य शैली, नक्काशी, स्तंभ और भित्ति-चित्र विजयनगर कला के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। मंदिर निर्माण की तिथि को लेकर मतभेद हैं, लेकिन सामान्यत: इसका निर्माण 1520 से 1585 ईस्वी के बीच पूर्ण माना जाता है। कहा जाता है कि मंदिर की अद्भुत बनावट के पीछे कुछ रहस्यमयी शक्तियों का भी योगदान रहा है, क्योंकि इसकी संरचना आज भी इंजीनियरों और स्थापत्य विशेषज्ञों को चकित करती है।

## नृत्य मंडप और झूलता हुआ स्तंभ

विजयनगर काल में मंदिर के भीतर भव्य नृत्य मंडप का निर्माण किया गया। मान्यता है कि भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह इसी स्थान पर हुआ था। नृत्य मंडप कभी 70 स्तंभों पर टिका हुआ था। यहां का सबसे बड़ा रहस्य है हैंगिंग पिलर एक ऐसा स्तंभ, जो धरती से कुछ सेंटीमीटर ऊपर उठा हुआ है। 1902 ईसवी में एक अंग्रेज इंजीनियर हैमिल्टन ने इसका रहस्य जानने का प्रयास किया, जिससे एक स्तंभ ऊपर उठ गया, लेकिन टूटा नहीं। आज भी श्रद्धालु इसके नीचे से कपड़ा निकालने का प्रयास करते हैं और इसे मनोकामना पूर्ति से जोड़ते हैं।

# कभी एशिया की सबसे बड़ी कंपनी थी केमू

उत्तराखंड के कुमाऊं में अंग्रेजों द्वारा मोटर मार्ग बनाने से पहले बैलगाड़ी ही यातायात का प्रमुख साधन हुआ करती थी। बैलगाड़ी वाले मार्ग प्रमुख रूप से तीन थे, जिन्हें ' कोर्ट रोड ' कहा जाता था। 1911 में नैनीताल तक सड़क का निर्माण हुआ, तो 1915 में हल्द्वानी से नैनीताल के मध्य यातायात शुरू हुआ। 1920 में मोटर यातायात को अल्मोड़ा से रानीखेत तक बढ़ाया गया। 1921 से 1938 तक कुमाऊं में 13 मोटर कंपनियां पंजीकृत थी, जिनमें मुख्य रूप से हिल मोटर ट्रांसपोर्ट, हरवंश ट्रांसपोर्ट , फौंसिका ट्रांसपोर्ट, नैनीताल मोटर ट्रांसपोर्ट, कुमाऊं मोटर सर्विस कंपनी आदि थी। इन तेरह कंपनियों को आपसी प्रतिस्पर्धा के कारण हानि उठानी पड़ती थी। अधिकतर कंपनियां घाटे में थी। 1939 में घाटे के कारण नैनीताल मोटर ट्रांसपोर्ट कंपनी डूब गई।



दीपक नौगांई
शिक्षक

घाटे को देखते हुए इन सभी कंपनियों ने एकीकरण का निर्णय लिया और 1939 में कुमाऊं मोटर्स ऑनर्स यूनियन लिमिटेड (केमू) की स्थापना हुई। एक दौर में यह कंपनी एशिया की सबसे बड़ी निजी ट्रांसपोर्ट कंपनी मानी जाती थी।

केमू की स्थापना में ट्रांसपोर्ट कंपनियों के मालिकों के अलावा कई स्थानीय लोगों का भी सहयोग था, जिनमें गोविंद बल्लभ पंत प्रमुख थे। शुरुआत में केमू के महाप्रबंधक काठगोदाम निवासी एंग्लो इंडियन ईजेड फौंसिका थे। उन्होंने कंपनी को आगे बढ़ाने में काफी मेहनत की और नई बसों का बेड़ा जोड़कर कंपनी को एक नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। वे काठगोदाम स्थित फौंसिका स्टेट में रहा करते थे, जहां कंपनी का ऑफिस भी था। बाद में उन्होंने अपनी जमीन स्कूल और चर्च के निर्माण हेतु दान में दे दी। देवीदत्त तिवारी केमू के पहले सचिव थे, जबकि हरवंश सिंह और लाला बालमुकुंद कंपनी के डॉयरेक्टर थे। बाद में यह कार्यालय काठगोदाम स्थित नरीमन भवन में स्थानांतरित कर दिया गया, जो आज भी वही से संचालित किया जा रहा है। यह भवन मुंबई से आए पासरी नरीमन द्वारा बनाया गया था। केमू कार्यालय की दो शाखाएं रामनगर और टनकपुर में भी खोली गईं। कभी केमू कंपनी में 250 के आसपास वाहन थे। हजारों लोगों को केमू ने रोजगार दिया, तो लोगों को कुमाऊं के दूरस्थ इलाकों तक भी पहुंचाया, लेकिन धीरे-धीरे चुनौतियां बढ़ती गईं। सरकारी परिवहन की बसों की संख्या बढ़ने और उन्हें मुनाफे वाले रास्तों में चलाने के कारण केमू की आय घटती गई और कंपनी घाटे में जाने लगी, लेकिन इन सबके बावजूद केमू का महत्व आज भी बरकरार है।




केमू को आज भी पहाड़ों की लाइफलाइन माना जाता है, जो कठिन और दुर्गम रास्तों में बसें चलाती हैं। खड़ी चढ़ाइयों, तंग सड़कों और कठिन मौसम का सामना करते हुए ये बसें लोगों को उन गांवों तक पहुंचाती हैं, जहां अभी भी रोडवेज या निजी परिवहन सेवा उपलब्ध नहीं है।

# ज्वाइनिंग की जद्दोजहद और सीनियरिटी की दौड़



## जॉब का पहला दिन

यूं तो नौकरी में लगभग 23 वर्षों का समय गुजर गया है, किंतु उस समय की कुछ धुंधली यादें आज भी जहन में हैं, जिन्हें आपसे साझा कर रहा हूं। सुबह-सुबह डाकिया महोदय घर आए और उन्होंने नियुक्ति आदेश की प्रति प्राप्त कराई, तो जैसे लगा कि दुनिया की सारी खुशियां मिल गईं। झट से हम भी सीधे सीएमओ कार्यालय गए और वहां से मेडिकल कराया तथा बगल में बीएनएसडी इंटर कालेज, कानपुर नगर गए, जहां से इंटर तक शिक्षा प्राप्त की थी, वहां के प्रधानाचार्य महोदय से चरित्र प्रमाण-पत्र प्राप्त किया। सारे काम इतनी तेज गति से किए गए कि 11:30 बजे प्रातः ज्वाइनिंग लेने अपर जिलाधिकारी (नगर) के कार्यालय पहुंचे, तो जानकारी दी गई कि वह नहीं हैं, तो अपर जिलाधिकारी (वि/रा) महोदय के कार्यालय पहुंचे और ज्वाइनिंग लेटर के साथ चिकित्सीय प्रमाण-पत्र व चरित्र प्रमाण-पत्र (जैसाकि नियुक्ति आदेश में अंकित था) प्रस्तुत किया। अपर जिलाधिकारी (वि/रा) महिला अधिकारी थीं, उन्होंने घूरते हुए मुझे देखा और कहा कि इतनी जल्दी कैसे करा लाए? उन्होंने प्रस्तुत चरित्र प्रमाण-पत्र मानने से इंकार किया कहा कि मैं इसको नहीं मानती। जिलाधिकारी कार्यालय में ही तैनात बनारसी तिवारी से मेरे पूर्व के गुरु-चेला के संबंध थे, तो उन्होंने मेरी मदद की और दो चरित्र प्रमाण-पत्र अन्य अधिकारियों से तत्काल बनवा दिए।



नितिन प्रकाश गुप्ता
कानपुर

आधे घंटे के अंदर फिर में मैडम के कक्ष में पहुंच गया। मैडम फिर बोलीं मैं ये भी नहीं मानूंगी। मैडम के चैंबर में अन्य लोग भी बैठे थे, उनके सामने मैडम से थोड़ी सी बहस भी हो गई, क्योंकि मुझे ऐसा महसूस हो रहा था कि मैडम जानबूझकर मुझे ज्वाइन नहीं कराना चाह रही हैं। मैडम भी आगबबूला हो गईं। मैंने फिर कहा कि अब आप जिन अधिकारीगण को बता दें, मैं उनसे ही बनवाकर ले आता हूं। पब्लिक में से कुछ लोग मेरी ओर से बोले कि मैडम इस लड़के ने चार कैरेक्टर दे दिए हैं और कहां से लाएगा? मेरी कोशिश थी कि मेरी ज्वाइनिंग उसी दिन हो जाए ताकि सीनियरटी का फायदा मिल जाए। तब मैडम बोलीं अच्छा जाओ दो और बनवाकर ले आओ। अगर 4 बजे तक आ जाओगे तो ज्वाइनिंग दे दूंगी नहीं तो अगले दिन ही ज्वाइन करना।

तिवारी जी ने पुनः मेरी मदद की और दो चरित्र प्रमाण-पत्र अपने निकटस्थ अधिकारीगण से बनवा दिए। मैं 3:00 बजे पुनः मैडम के सामने पेश हो गया और कहाकि आपके कहे अनुसार दो और बनवा लाया हूं। मैंडम ने फिर घूरते हुए मेरे ज्वानिंग लेटर पर अनुमति प्रदान कर दी। कुल मिलाकर पहला दिन सिर्फ ज्वाइनिंग की जद्दोजहद में ही निकल गया। ज्वाइनिंग के बाद ऑफिस के वरिष्ठ साथियों से मिला। बाद में ये जानकारी हुयी कि मैडम किसी और की ज्वाइनिंग पहले कराना चाहती थीं ताकि उसे सीनियरटी मिल सके, लेकिन मेरे सतत प्रयास से ऐसा हो न सका। खैर बाद में मैडम ने मेरी लगन और मेहनत को देखते हुए मुझे पूरा सपोर्ट किया और मुझे अपने लड़के की तरह मानने लगीं। इस तरह नौकरी का पहला दिन सिर्फ ज्वाइनिंग की जद्दोजहद में ही निकल गया।

# लेखनः अभिव्यक्ति की सशक्त विधा



भाषा हमारे पूर्वजों की अर्जित सामूहिक संपत्ति है। भाषा की उत्पत्ति हमारे पूर्वजों ने इसलिए की थी कि हम अपने गोपनीय मनोभावों का जो अदृश्य है, अज्ञात है, उसको सामने वाले तक पहुंचाया जा सके और साकार या दृष्य रूप में प्रस्तुत या उपस्थित किया जा सके। संदेशों का संप्रेषण किसी भी समाज में भाषा की उपस्थिति का मुख्य कारण रहा है। आज यह जरूर कहा जा रहा है कि जिस भाषा को हमारे पूर्वजों ने गोपनीयता के प्रकाशन के लिए तैयार किया था, आज उसी भाषा से हम अपने मनोभावों के गोपन का कार्य कर रहे हैं। भाषा ने अतीत, वर्तमान और भविष्य तीनों लोकों को प्रकाशित कर रखा है। भाषा में व्यक्त किए जा रहे अनुभवों एवं संवेदनाओं को पीढ़ी-दर-पीढ़ी सुरक्षित-संरक्षित करने हेतु लिपि का पूर्वजों ने संज्ञान किया और भाषा को लिपिबद्ध किया। लिपिबद्ध होने पर भाषा के अंतर्गत बोलचाल या बातचीत के अतिरिक्त ज्ञान और संवेदनाओं के विस्तार के लिए ज्ञान के दो रूपों शास्त्र एवं साहित्य की परिकल्पना करते हुए विभिन्न प्रकार के शास्त्रों और साहित्य की विभिन्न विधाओं में लेखन कार्य प्रारंभ किया गया।



## भाषा का घनत्व और संपादकीय

वेदांग के नाम पर छह शास्त्रों से हमारे अध्ययन की शुरुआत आज छह सौ विषयों तक पहुंच चुकी है। वहीं पर साहित्य में महाकाव्य, खंडकाव्य, तुकांत-अतुकांत कविताएं और गद्य के क्षेत्र में निबंध, नाटक, एकांकी, ललित निबंध, रेखा चित्र, रिपोर्ताज, फीचर, संस्मरण, डायरी, पत्र , आत्मकथा, जीवनी, ब्लॉग जैसी विधाएं सामने आई हैं और निरंतर विकसित हो रही हैं। साहित्य और शास्त्र का विभाजन शब्द की अर्थ प्रक्रिया पर निर्धारित की गई है। यदि शब्द से एक निश्चित अर्थ की प्राप्ति हो रही है और अर्थ विचलन नहीं है, तो उसे शास्त्र में प्रयुक्त किया गया और अर्थ की दृष्टि से इसे 'विचारित सुस्थ' कहा गया। शास्त्र में अभिधा अर्थ ही प्रथम और अंतिम है। जबकि साहित्य में अभिधा, लक्षणा, व्यंजना, तात्पर्य जैसे अर्थों की परिकल्पना करते हुए, उसे 'अविचारित रमणीय' नाम दिया गया है। इस अविचारित रमणीय अर्थों वाली दुनिया, जिसे हम साहित्य कहते हैं, जो विभिन्न विधाओं में है। उसमें भाषा का लिखित रूप अपने सर्वोत्तम रूप में संपादकीय में देखा जा सकता है। अर्थ की दृष्टि से भाषा का घनत्व संपादकीय का प्राणतत्व है।

## लेखन जगत की अनिवार्यता

पत्र-पत्रिकाओं के प्रकाशन एवं पुस्तकों के संपादन के साथ ही 'संपादकीय' हमारे लेखन जगत की अनिवार्यता बन गई है। उदंत मार्तण्ड से लेकर अद्यतन दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक, द्वैमासिक, त्रैमासिक, षट्मासिक, वार्षिक जैसी अवधिवाली पत्र-पत्रिकाओं में संपादकीय एक विशिष्ट सामूहिक अभिव्यक्ति का माध्यम है। संपादकीय में किसी भी संस्था, संगठन, संघ से संबंधित विचारधारा को पारदर्शी तरीके से कम से कम शब्दों में रखने का विधान किया गया है। संपादकीय के द्वारा शासन-सत्ता की चुनौतियों का सामना करते हुए संपादक स्थानीय, राष्ट्रीय एवं वैश्विक समस्याओं पर अपने संस्थान के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करने का कार्य करता है। लगभग ज्ञान को प्रकाशित करने वाले प्रत्येक अनुशासन में पत्रिकाएं निकल रही हैं। साहित्य में समग्रता को समेटते हुए और विधापरक पत्रिकाओं की भी प्रगति देखी जा सकती है। स्वतंत्रता आंदोलन की लड़ाई से लेकर आपातकाल तक संपादकों की दमदार संपादकीय देखी जा सकती है। आपातकालीन संपादकीय प्रयोगों की एक गौरवशाली शानदार श्रृंखला है। आज तक समस्याओं एवं चुनौतियों का जितना सामना संपादकीय के द्वारा किया गया है, उतना किसी अन्य विधा के द्वारा संभव नहीं हुआ है। गौरतलब है कि भाषा के इस महत्वपूर्ण उपक्रम को अभी तक विधा की मान्यता नहीं दी गई है। हिन्दी साहित्य के इतिहासों से संपादकीय विधा का इतिहास गायब है। जब विधा माना नहीं गया तो इतिहास , उद्भव- विकास लिखने की आवश्यकता भी नहीं रह गई। चर्चित साहित्यिक पत्रिका हंस में गौतम नवलखा ने कई वर्ष पूर्व संपादकीय को एक विधा के रूप में मान्यता देने के लिए एक लेख लिखा था। हंस के 'संपादकीय' गद्य की किसी विधा से ज्यादा चर्चित रहे हैं। आलोचना, पूर्वाग्रह या पहले की पत्रिकाओं के संपादकीय से साहित्य की नीति तय हो जाती थी।

आज भी बौद्धिक समाज और प्रतियोगी परीक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए संपादकीय कितनी महत्वपूर्ण हैं, यह बात हम सब जानते हैं। पादकीय गद्य की अप्रतिम, अद्वितीय, अनन्य विधा है। मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के हिंदी साहित्य के पाठ्यक्रम में कुलपति महोदय की कुशल निर्देशन के द्वारा अकादमिक क्षेत्र में यह नवाचार संभव हो सका है। हिन्दी जगत के यशस्वी रचनाकार आचार्य विश्वनाथ प्रसाद तिवारी द्वारा संपादित 'दस्तावेज' त्रैमासिक साहित्यिक पत्रिका का एक संपादकीय 'शब्द और कर्म' पाठ्यक्रम में लगाया गया। संपादकीय जगत के इतिहास में यह संपादकीय अद्भुत स्थान रखता है। संपादकीय का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। संपादकीय के विभिन्न रूप विषय और समय गत पत्र-पत्रिकाओं में देखे जा सकते हैं। संपादकीय के तकनीकी पक्षों का अध्ययन अध्यापन होता रहा है, किंतु अब संपादकीय विधा के उद्भव और विकास पर भी विद्वानों का ध्यान गया है। अब इस विधा का भी समग्रता से इतिहास प्रस्तुत किया जाएगा।

-प्रो. शैलेंद्र नाथ मिश्र, बलरामपुर

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,269.78 | 25,320.65 |
| गिरावट | 296.59 | 98.25 |
| प्रतिशत में | 0.36 | 0.39 |

सोना 1,69,000 प्रति 10 ग्राम

चांदी 3,84,500 प्रति किलो

अमृत विचार
अयोध्या, शनिवार, 31 जनवरी 2026
www.amritvichar.com



न्यूज ब्रीफ

### अकासा का इंडियन ऑयल से हरित विमान ईंधन के लिए करार

**हैदराबाद।** देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने विंग्स इंडिया 2026 में नवोदित विमान सेवा कंपनी अकासा एयर के साथ हरित विमानन ईंधन की भविष्य की आपूर्ति की संभावनाओं पर मिलकर काम करने के लिए एक आशय पत्र (एलओआई) पर हस्ताक्षर किये। एलओआई में हरित विमान ईंधन की संभावित आपूर्ति के माध्यम से एयरलाइन के हरित ऊर्जा के इस्तेमाल के लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए दोनों कंपनियों के बीच सहयोग के लिए एक ढांचा स्थापित करने का प्रस्ताव है। पारंपरिक विमान ईंधन में हरित विमान ईंधन को मिलाकर हवाई यात्रा से ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम किया जाता है।

### जयपुर में 'इंडिया स्टोन मार्ट' प्रदर्शनी पांच फरवरी से

**जयपुर।** पत्थर उद्योग पर केंद्रित प्रदर्शनी 'इंडिया स्टोन मार्ट 2026' यहां पांच फरवरी से शुरू होगी। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि जयपुर में पांच से आठ फरवरी तक होने वाले इस आयोजन से राजस्थान के पत्थर उद्योग को प्रोत्साहन मिलेगा। यह कार्यक्रम नीति संवाद, तकनीक और वैश्विक सहयोग का अंतरराष्ट्रीय मंच बनेगा। उन्होंने कहा कि पत्थर उद्योग क्षेत्र से जुडे सभी हितधारकों को अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराने के लिए वर्ष 2000 में शुरू हुए 'इंडिया स्टोन मार्ट' का यह 13वां संस्करण है। इसमें चीन, तुर्की, ईरान, थाइलैंड, इटली सहित अन्य देशों से प्रदर्शक भी शामिल होंगे।

### स्पाइसजेट 10 फरवरी से इंफाल के लिए शुरू करेगी पहली उड़ान

**गुवाहाटी।** एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट मणिपुर की राजधानी इंफाल के लिए अपनी पहली उड़ान सेवा शुरू करने जा रही है। कंपनी ने कहा कि 10 फरवरी से स्पाइसजेट कोलकाता, गुवाहाटी और मुंबई से इंफाल के लिए बोइंग 737 विमान से दैनिक उड़ानें संचालित करेगी। ये उड़ान मार्ग पूर्वोत्तर राज्य तक पहुंच को आसान बनाएंगे, यात्रियों को क्षेत्र में सहज और भरोसेमंद संपर्क सुविधा प्रदान करेंगे, साथ ही मनोरंजन और व्यावसायिक यात्रा दोनों के लिए विकल्पों को बढ़ाएंगे।

# आम बजट में राजकोषीय घाटे के बजाय ऋण-जीडीपी अनुपात पर जोर देगा केंद्र

## करीब 55 प्रतिशत पहुंच चुका है राजकोषीय घाटा, 4 से 5 प्रतिशत माना जाता है सामान्य

नई दिल्ली, एजेंसी

आने वाले आम बजट में केंद्र सरकार की ओर से किसी खास राजकोषीय घाटे के आंकड़े को लक्षित करने के बजाय ऋण-जीडीपी अनुपात को कम करने पर जोर दिया जाएगा, जो इस समय लगभग 55 प्रतिशत है। ऐसा इसलिए है क्योंकि देश एफआरबीएम कानून में दिए गए राजकोषीय सुदृढ़ीकरण के मार्ग के लगभग अंत तक पहुंच गया है।

भारत जैसी बढ़ती और विकासशील अर्थव्यवस्था के लिए 3-4 प्रतिशत का राजकोषीय घाटा सहज और उचित माना जाता है, जिसका उद्देश्य वित्तीय स्थिरता के साथ आर्थिक विस्तार को संतुलित करना है। संशोधित राजकोषीय दायित्व और बजट प्रबंधन (एफआरबीएम)



अधिनियम के तहत, 2025-26 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी के 4.5 प्रतिशत से नीचे रखा गया था। इसलिए केंद्र सरकार ने ऋण-जीडीपी अनुपात को एक नया मानक घोषित किया है। अगले छह साल का मसौदा एक फरवरी, 2025 को जारी एफआरबीएम वक्तव्य में घोषित किया गया था।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जुलाई, 2024 के अपने बजट भाषण में कहा था, मेरे द्वारा 2021 में घोषित राजकोषीय सुदृढ़ीकरण के मार्ग ने हमारी अर्थव्यवस्था की बहुत अच्छी सेवा की है और हमारा लक्ष्य अगले वर्ष घाटे को 4.5 प्रतिशत से नीचे लाना है। सरकार इस पथ पर बने रहने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा था कि 2026-27 के बाद से हमारा प्रयास प्रत्येक वर्ष राजकोषीय घाटे को इस तरह रखने का होगा कि केंद्र सरकार का ऋण जीडीपी के प्रतिशत के रूप में घटते क्रम पर रहे। यह कठोर वार्षिक राजकोषीय लक्ष्यों के बजाय अधिक पारदर्शी और परिचालन रूप से लचीले राजकोषीय मानकों की ओर बदलाव को प्रोत्साहित करता है। इसे राजकोषीय प्रदर्शन के अधिक विश्वसनीय माप के रूप में भी मान्यता दी गई है, क्योंकि यह पिछले और वर्तमान वित्तीय निर्णयों के मिलेजुले प्रभावों को दर्शाता है।

### केंद्र का राजकोषीय घाटा बजट अनुमान के 54.5 % पर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा दिसंबर के अंत तक 8.55 लाख करोड़ रुपये रहा जो 2025-26 के बजट लक्ष्य का 54.5 प्रतिशत है। पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 56.7 प्रतिशत था। शुक्रवार को इस संबंध में सरकारी आंकड़े जारी किए गए। सरकार का अनुमान है कि 2025-26 के दौरान राजकोषीय घाटा (व्यय और राजस्व के बीच का अंतर) जीडीपी का 4.4 प्रतिशत यानी 15.69 लाख करोड़ रुपये रहेगा। महालेखा नियंत्रक की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, केंद्र सरकार को दिसंबर, 2025 तक कुल प्राप्तियां 25.25 लाख करोड़ रुपये रही, जो बजट अनुमान का 72.2 प्रतिशत है। दिसंबर तक केंद्र सरकार का कुल व्यय 33.8 लाख करोड़ रुपये रहा। यह 2025-26 के बजट अनुमान का 66.7 प्रतिशत है। इसमें से 25.93 लाख करोड़ रुपये राजस्व मद में और 7.87 लाख करोड़ रुपये पूंजी मद में खर्च किए गए।

## 15 साल में सबसे तेज... ताइवान की जीडीपी 8.6 प्रतिशत बढ़ी

ताइपे, एजेंसी

- एआई आधारित वैश्विक मांग और निर्यात से आया तेज उछाल

ताइवान की अर्थव्यवस्था वर्ष 2025 में 8.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी है, जो 15 वर्षों में सबसे तेज है। यह वृद्धि मुख्य रूप से कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़ी वैश्विक मांग और निर्यात में तेज उछाल का नतीजा है। ताइवान की सांख्यिकी एजेंसी की तरफ से शुक्रवार को जारी अग्रिम अनुमानों के मुताबिक, यह वृद्धि दर 2010 के बाद सबसे अधिक है और अर्थशास्त्रियों के पूर्वानुमानों से कहीं बेहतर रही।

निर्यात-आधारित उद्योगों, खासकर प्रौद्योगिकी क्षेत्र ने इस आर्थिक विस्तार में अहम भूमिका निभाई। आंकड़ों के मुताबिक ताइवान का कुल निर्यात 2025 के दौरान सालाना आधार पर करीब 35 प्रतिशत बढ़ा। इसमें प्रौद्योगिकी से जुड़े उत्पादों एआई सर्वर, सेमीकंडक्टर (चिप) और सटीक उपकरणों की हिस्सेदारी सर्वाधिक रही। जनवरी की शुरुआत में ताइवान ने अमेरिकी प्रशासन के साथ एक व्यापार समझौता किया था जिसके तहत अमेरिका ने ताइवान से आयात पर शुल्क 20 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया। इसके बदले में ताइवान ने सेमीकंडक्टर और एआई जैसे क्षेत्रों में अमेरिका में 250 अरब डॉलर के निवेश का वादा किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि ऊंचे आधार प्रभाव के कारण आगे चलकर वृद्धि की रफ्तार धीमी हो सकती है। डॉयचे बैंक ने 2026 में ताइवान की आर्थिक वृद्धि 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है।

## शेयर बाजार में तीन दिन से चल रही तेजी थमी सेंसेक्स 297 अंक टूटा

**मुंबई।** शेयर बाजार में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर शुक्रवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 297 अंक और एनएसई निफ्टी 98 अंक टूट गया। धातु, आईटी शेयरों में बिकवाली के साथ एक फरवरी को पेश होने वाले बजट से पहले निवेशकों के सतर्क रुख से बाजार नुकसान में रहा।

विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और रुपये में कमजोरी से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बीएसई सेंसेक्स 296.59 अंक यानी 0.36 प्रतिशत टूटकर 82,269.78 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 625.34 अंक तक नीचे आ गया था। पचास एनएसई निफ्टी 98.25 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,320.65 अंक पर बंद हुआ। टाटा स्टील में सबसे ज्यादा 4.57 प्रतिशत की गिरावट आई। आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस और कोटक महिंद्रा बैंक में भी गिरावट रही।

## भारतीय निर्यातकों को मिलेगा बड़ा बाजार : मूडीज

**नई दिल्ली।** मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ व्यापार समझौता भारत को अपने व्यापारिक संबंधों में विविधता लाने में मदद करेगा। साथ ही अमेरिकी शुल्कों के कारण बढ़ती अनिश्चितता के बीच निर्यातकों को व्यापक बाजार तक पहुंच मिलेगी।

भारत और यूरोपीय संघ के बीच समझौते की घोषणा 27 जनवरी को हुई थी। इसके इसी साल हस्ताक्षरित और लागू होने की संभावना है। मूडीज ने कहा, भारत के लिए, यह समझौता व्यापारिक संबंधों को चुनिंदा रूप से विविधतापूर्ण बनाने के उसके प्रयासों को दर्शाता है। साथ ही यह अमेरिका के शुल्क बढ़ाने से पैदा होने वाली व्यापारिक अस्थिरता के खिलाफ बचाव प्रदान करता है।

# भारत ने ऊर्जा क्षेत्र में हर चुनौती को अवसर में बदला: हरदीप पुरी

अनिल त्रिगुणायत, गोवा



हरदीप पुरी से सर्वश्रेष्ठ ऑयल कंपनी का पुरस्कार लेते ओएनजीसी के अधिकारी।

अमृत विचारः पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि विगत कई दिनों से विश्व में उथल-पुथल मची हुई है। सत्ता संतुलन को लेकर तनातनी तो है ही, ऊर्जा के वर्चस्व को लेकर भी स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। ऐसी परिस्थिति में भी भारत सरकार अपने ऊर्जा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा को लेकर कृतसंकल्प है। हमारे देश में ऊर्जा की मांग और आपूर्ति सुदृढ़ बनी हुई है। भारत में ऊर्जा कीमतें दुनिया में सबसे कम हैं।

27 से 30 जनवरी के मध्य गोवा राज्य स्थित ओएनजीसी परिसर में आयोजित "भारत ऊर्जा सप्ताह" के समापन अवसर पर पुरी ने वैश्विक ऊर्जा बाजार में भारत के मजबूत तैयारी के साथ सतत खड़ा होने की अपनी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि वैश्विक ऊर्जा के क्षेत्र में हमारा देश संवाद का बड़ा केंद्र बना हुआ है। देश की ऊर्जा रणनीति विविधीकरण, सशक्कतता व भविष्य के अनुकूल बदलावों पर आधारित है। ऊर्जा आपूर्ति के स्रोत के विविधीकरण और स्वच्छ की ओर तीव्रतम बदलाव के जरिए हमने संबंधित चुनौतियों को अवसर में बदला है। पुरी ने जोर देते हुए कहा कि भारत ऊर्जा की उपलब्धता किफायती दामों पर करता रहेगा,निरंतरता सुनिश्चित करता रहेगा।उन्होंने पारंपरिक ईंधनों में अनवरत निवेश के साथ साथ कंप्रेस्ड बायो गैस(सीबीजी),हरित हाइड्रोजन,स्वदेशी स्वच्छ ऊर्जा पर कार्य करने की जिजीविषा दिखाई। पुरी ने कहा कि भारत में पारंपरिक ऊर्जा जरूरी रहेगी,लेकिन इथेनॉल ब्लेंडिंग से लेकर सीबीजी,हाइड्रोजन व बायो ऊर्जा के उत्पादन तथा नवाचार पर हम पूरा जोर लगाए हैं। हमारा मंत्रालय हरित ऊर्जा उत्पादन को लेकर भगीरथ प्रयास कर रहा है। इस सम्मेलन में आए ऊर्जा विशेषज्ञों ने माना कि घरेलू स्तर पर ऊर्जा अन्वेषण, स्वच्छ ऊर्जा का विस्तार और स्थिर मूल्य निर्धारण से भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता बढ़ी है। इस संदर्भ में पेट्रोलियम मंत्री ने बताया कि भारत ने वैश्विक ऊर्जा बाजारों में निरंतर प्रदर्शन किया है। आगे भी अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा चर्चा में केंद्रीय भूमिका निभाता रहेगा।

**भारत ऊर्जा सप्ताह सम्मेलन**

- कहा,विश्व में अस्थिरता के बावजूद भी ऊर्जा की घरेलू मांग व आपूर्ति रही सुदृढ़
- भारत में ऊर्जा की कीमतें दुनिया में सबसे कम, उत्तम सुविधाओं में कमी नहीं

### जामनगर सर्वश्रेष्ठ रिफाइनरी

भारत ऊर्जा सप्ताह सम्मेलन के समापन अवसर पर स्टार्टअप्स,ऊर्जा अकादमियों व उद्योग में नवाचार,तकनीकी उत्कृष्टता तथा नेतृत्व को मान्यता देने वाले पुरस्कार दिए गए। इसी कड़ी में जामनगर को सर्वश्रेष्ठ रिफाइनरी का अवॉर्ड। शोध और विकास के लिए इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन को,पाइपलाइन परिवहन के लिए भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन को तथा ओएनजीसी को सर्वश्रेष्ठ "ऊर्जा खोजकर्ता" का सर्वश्रेष्ठ कंपनी का पुरस्कार दिया गया।

## विदेशी मुद्रा भंडार 709.41 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के मुताबिक देश का विदेशी मुद्रा भंडार 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान 8.05 अरब डॉलर बढ़कर 709.41 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह में ये 14.16 अरब डॉलर बढ़कर 701.3 अरब डॉलर रहा था।



मुद्रा भंडार सितंबर 2024 में 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था, लेकिन हाल के दिनों में इस पर दबाव देखा गया। खासकर तब जब रुपये में अत्यधिक उतार-चढ़ाव को रोकने के लिए मुद्रा भंडार का उपयोग किया गया। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 2.36 अरब डॉलर बढ़कर 562.88 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के रूप में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर अमेरिकी मुद्राओं में मूल्य वृद्धि या मूल्यह्रास के प्रभाव शामिल होते हैं।



# राकांपा के दोनों धड़ों के विलय की जिला परिषद चुनाव के बाद घोषणा होना तय

## अजित पवार के निधन से पहले अंतिम दौर में पहुंच चुकी थी वार्ता, अब और तेजी आने की उम्मीद

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र के दिवंगत उप मुख्यमंत्री अजित पवार के विमान हादसे में हुए निधन के बाद उनके नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) और उनके चाचा एवं राजनीति के दिग्गज माने जाने वाले शरद पवार नीत राकांपा (शप) के प्रस्तावित विलय की प्रक्रिया में तेजी आ सकती है। दावा किया जा रहा है कि विलय की घोषणा जिला परिषद और पंचायत समिति चुनाव नतीजों के फौरन बाद हो सकती है।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक बुधवार को अजित पवार की विमान हादसे में मौत की दुखद घटना के बावजूद सत्तारूढ़ राकांपा और राकांपा (शप) के वार्ताकारों ने विलय की प्रक्रिया के पूरी तरह सही दिशा में आगे बढ़ने का दावा किया है। सूत्रों ने बताया कि पुणे और पिंपरी-चिंचवड महानगरपालिका चुनावों में एक साथ मैदान में उतरकर जमीनी स्थिति का जायजा लेने के बाद अजित पवार ने विलय प्रक्रिया को पूरा करने के लिए सावधानीपूर्वक समयबद्ध योजना तैयार की थी। दोनों दलों के सूत्रों ने स्वतंत्र रूप से पुष्टि की कि विलय की बातचीत अंतिम चरण में है। कहा जा रहा है कि परिवार और पार्टी को फिर एकजुट करने की प्रक्रिया पहले से चल रही थी। अजित पवार ने खुद वरिष्ठ नेताओं के साथ मतभेदों को दूर करने के लिए कई दौर की बातचीत की थी।

अजित पवार के पिछले चार दशकों से करीबी विश्वासपात्र रहे किरण गूजर ने दावा किया है कि दिवंगत नेता राकांपा के दोनों धड़ों का विलय करने के प्रति दृढ़ संकल्पित थे। गूजर ने बृहस्पतिवार को बताया कि जित पवार दोनों धड़ों के विलय को लेकर दृढ़ थे। उन्होंने पांच दिन पहले बताया था कि इसकी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और अगले कुछ दिनों में विलय होने वाला है। गुजर ने कहा, पवार साहब, सुप्रिया सुले और अन्य नेताओं के साथ सकारात्मक बातचीत चल रही थी और साफ संकेत थे कि शरद पवार इस कदम का समर्थन करेंगे।





अजित पवार के निधन के बाद उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए पुणे में जगह-जगह होर्डिंग लगाए गए हैं।

### सीआईडी को सौंपी गई विमान हादसे की जांच

**मुंबई।** विमान दुर्घटना में उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की मृत्यु की जांच राज्य के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) को सौंप दी गई है। शुरुआत में यह जांच पुणे ग्रामीण पुलिस कर रही थी। पुणे ग्रामीण पुलिस ने दुर्घटना के संबंध में बीएनएस की धारा 194 के तहत आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया था। सरकार ने पुणे ग्रामीण पुलिस को अब तक जुटाए गए मामले के विवरण और सुबूत राज्य सीआईडी को सौंपने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि राज्य सीआईडी ने अपनी जांच शुरू कर दी है।

### विलय के बाद भी सरकार को खतरा नहीं, पर बदलेंगे सियासी समीकरण

राकांपा (शप) से जुड़े सूत्रों ने बताया कि बुधवार को हुए विमान हादसे से पहले दोनों पक्ष बातचीत के फाइनल दौर में पहुंच चुके थे, और आगामी जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों के समापन के तुरंत बाद आठ फरवरी को विलय की घोषणा किए जाने की योजना थी। अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के पास महाराष्ट्र विधानसभा में 40 सीट हैं। इनमें अजित पवार के निधन से उनकी बारामती सीट खाली हो गई है। शरद पवार नीत धड़े के 10 विधायक हैं। सबकी निगाहें इस बात पर हैं कि क्या विलय के बाद भी राकांपा भाजपा के नेतृत्व वाली 'महायुति' सरकार का हिस्सा बनी रहेगी। हालांकि, राकांपा के राज्य सरकार से अलग होने की स्थिति में भी संख्याबल के आधार पर देवेंद्र फडणवीस सरकार को कोई खतरा नहीं है। वर्तमान में भाजपा, राकांपा और शिंदे नीत शिवसेना के गठबंधन महायुति के पास 288 सदस्यीय विधानसभा में 235 विधायक हैं। इनमें 57 सीटें शिवसेना शिंदे गुट की हैं।

### सुनेत्रा होंगी विधायक दल की नेता

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री छगन भुजबल ने शुक्रवार को कहा कि राकांपा की विधायक दल की बैठक 31 जनवरी को होगी, जिसमें दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा को नेता चुना जाएगा। भुजबल ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्पष्ट कर दिया है कि उपमुख्यमंत्री के रूप में उनका शपथ ग्रहण समारोह यदि शनिवार को ही होता है, तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, बशर्ते इस संबंध में निर्णय पार्टी के विधायक दल द्वारा लिया जाए।



## बापू एक व्यक्ति नहीं सोच हैं, जिसे अहंकारी सत्ता ने की मिटाने की असफल कोशिश : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया और कहा कि बापू एक व्यक्ति नहीं, बल्कि सोच हैं जो कभी मिट नहीं सकती क्योंकि गांधी भारत की आत्मा में अमर हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस सोच को कभी अंग्रेजी साम्राज्य ने, कभी नफरत की विचारधारा ने और कभी अहंकारी सत्ता ने मिटाने की असफल कोशिश की।

उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, राष्ट्रपिता ने हमें आज़ादी के साथ यह मूलमंत्र दिया कि सत्ता की ताक़त से बड़ी सत्य की शक्ति होती है और हिंसा व भय से बड़े अहिंसा और साहस। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह सोच मिट नहीं सकती, क्योंकि गांधी भारत की आत्मा में अमर हैं। राहुल गांधी ने कहा, बापू को उनके शहीदी दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि।

## फोन से फर्जी एसएमएस भेजकर ठगी करने वाला विंगो एप सरकार ने किया ब्लॉक

**नई दिल्ली।** सरकार ने विंगो एप को उपयोगकर्ताओं (यूजर्स) के फोन से फर्जी एसएमएस भेजने और उनका इस्तेमाल बड़े पैमाने पर साइबर अपराध करने के आरोप में ब्लॉक कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय और उसकी साइबर अपराध रोधी एजेंसी भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने एंड्रॉइड एप के खिलाफ कई शिकायतें मिलने के बाद यह कार्रवाई की। ये संदेश रोज 1.53 करोड़ लोगों तक पहुंचते थे।

एजेंसी के मुताबिक एप उपयोगकर्ता अनजाने में साइबर अपराधियों की संदेश आधारित एसएमएस धोखाधड़ी नेटवर्क में भागीदार बन रहे थे। शिकायतों के बाद सरकार ने एप के नियंत्रण केंद्र को ब्लॉक कर दिया। आई4सी ने बताया कि 1.53 लाख उपयोगकर्ताओं वाले चार टेलीग्राम चैनल और एप का प्रचार करने वाले 50 से अधिक यूट्यूब वीडियो भी ब्लॉक कर दिए गए हैं। आई4सी के अनुसार, एक बार उपयोगकर्ता द्वारा एप डाउनलोड करने के बाद यह साइबर अपराध करने के लिए उपयोगकर्ता के फोन के माध्यम से संदेश भेजना शुरू कर देता था। एजेंसी ने बताया कि एप से मिलने वाले छोटे-छोटे दैनिक भुगतानों के लालच में आकर 1.53 लाख से अधिक उपयोगकर्ता अनजाने में इन साइबर अपराधों का हिस्सा बन गए।

## गजनी को भारतीय लुटेरा बताने पर भाजपा हामिद अंसारी पर हमलावर

नई दिल्ली, एजेंसी

- विदेशी आक्रमणकारियों के महिमा मंडन का लगाया आरोप

भाजपा ने शुक्रवार को महमूद गजनी को भारतीय लुटेरा कहने के लिए पूर्व उपराष्ट्रपति एम हामिद अंसारी की कड़ी आलोचना की और आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके समर्थक विदेशी आक्रमणकारियों का महिमामंडन करते हैं और हिंदू विरोधी अत्याचारियों का गुणगान करते हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि विदेशी आक्रमणकारियों और लुटेरों के प्रति अंसारी का स्नेह उनकी बीमार मानसिकता को दर्शाता है। अंसारी ने एक साक्षात्कार के दौरान कहा था कि महमूद गजनी समेत इतिहास की किताबों में जिन्हें विदेशी आक्रमणकारी और लुटेरा बताया गया है, वे वास्तव में भारतीय लुटेरे थे। अंसारी ने कहा, मैंने हमेशा कहा है कि इतिहास की किताबों में जिन्हें हम विदेशी आक्रमणकारी बताते हैं, उनमें एक लोदी है, कोई एक गजनी है और कुछ अन्य। वे सभी भारतीय लुटेरे थे। पूर्व उपराष्ट्रपति को एक पत्रकार को दिए साक्षात्कार में यह कहते हुए सुना गया कि, वे बाहर से नहीं आए थे। राजनीतिक रूप से यह कहना सुविधाजनक है कि उन्होंने इसे और उसे नष्ट कर दिया। लेकिन वे सभी भारतीय थे।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने सोमनाथ मंदिर को नष्ट और अपवित्र करने वाले गजनी की प्रशंसा करने के लिए पूर्व उपराष्ट्रपति की कड़ी आलोचना की। पूनावाला ने 'एक्स' पर कहा, शरजील इमाम और उमर खालिद को युवा कहने के बाद अब कांग्रेस समर्थक और हामिद अंसारी सोमनाथ मंदिर को नष्ट करने वाले गजनी की प्रशंसा कर रहे हैं। वे महमूद गजनी की प्रशंसा करते हैं, वे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का विरोध करते हैं, वे औरंगजेब और हिंदुओं पर अत्याचार करने वालों के अपराधों को छिपाते हैं।

# कर्नाटक: ठेकेदारों का 38,000 करोड़ बकाया पूरे राज्य में काम बंद करने की दी धमकी

बेंगलुरु, एजेंसी

- सिद्दारमैया ने पिछली भाजपा सरकार पर लगाया बकाया छोड़ने का आरोप

कर्नाटक में ठेकेदारों ने करीब 38,000 करोड़ रुपये की बकाया राशि का भुगतान न होने पर पूरे राज्य में काम रोकने और हड़ताल करने की धमकी दी है। भाजपा और कांग्रेस के नेता इस स्थिति के लिए एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप में लगे हुए हैं। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने पिछली भाजपा सरकार पर बकाया छोड़ने का आरोप लगाया है।

कर्नाटक राज्य ठेकेदार संघ के अध्यक्ष मंजूनाथ ने शुक्रवार को कहा कि मुख्यमंत्री सिद्दारमैया से बार-बार अपील के बावजूद कई मुद्दे अब भी अनसुलझे हैं। उन्होंने चिक्काबल्लापुर के ठेकेदार मुनेगौड़ा के चिंताजनक मामले पर भी जोर दिया, जिन्होंने पैसों की तंगी का हवाला देकर आत्महत्या की कोशिश की थी। उन्होंने कहा, हमने ठेकेदारों के बकाये के लिए अलग-अलग विभाग और मंत्रियों से कई बार आग्रह किया। सरकार हमारी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही है। हम मुख्यमंत्री से अपील करते हैं कि वे तुरंत ठेकेदारों की बैठक बुलाएं। अगर हमारी समस्याएं हल नहीं हुईं तो फरवरी से काम ठप कर दिया जाएगा। हमने 5 मार्च को हड़ताल करने की योजना भी बनाई है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को भी लिखा है। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने कहा कि बकाया बिल पिछली भाजपा सरकार ने छोड़े थे।

### भाजपा ने सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया

यह मामला अब एक बड़े राजनीतिक विवाद में तब्दील हो गया है। राज्य भाजपा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस सरकार ने भुगतान में देरी करके और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देकर कर्नाटक को एक एटीएम बना दिया है, हालांकि सत्ताधारी दल ने इन दावों को खारिज कर दिया है। रिपोर्टों में दावा किया गया है कि निविदा की मंजूरी में भ्रष्टाचार और बिचौलियों के प्रभाव ने स्थिति को और खराब कर दिया है, विशेष रूप से शहरी विकास विभाग में, जहां बड़ी फर्मों के पक्ष में छोटे ठेकेदारों को हाशिये पर धकेल दिया गया है। बकाया बिल सबसे अधिक जल संसाधन और लोक निर्माण विभाग में हैं।

## ये कौन चित्रकार...



जम्मू-कश्मीर के अनेक इलाकों में जमकर बर्फबारी हुई है। ताजा बर्फ से पहाड़, घर, सड़कें सफेद चादर में लिपट गई हैं। घरों और पेड़ों पर बर्फ ने विविध मनमोहक आकृतियां बना दी हैं। अनंतनाग जिले में ताजा बर्फबारी के बाद का एक मनमोहक दृश्य।

# भविष्य की ऊर्जा

## एक अनिवार्य परिवर्तन

आज दुनिया ऊर्जा विकल्पों को लेकर दोराहे पर खड़ी है। एक तरफ हमारी आधुनिक सभ्यता की भूख बढ़ती जा रही है और दूसरी तरफ जिन पारंपरिक स्रोतों (कोयला, तेल, गैस) ने हमें यहां तक पहुंचाया, वे तेजी से समाप्त हो रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी की रिपोर्टों के अनुसार, जीवाश्म ईंधन न केवल सीमित हैं, बल्कि जलवायु परिवर्तन के सबसे बड़े कारक भी हैं। वैश्विक तापमान में वृद्धि और पारिस्थितिक असंतुलन ने दुनिया के देशों को चिंतित कर दिया है। भविष्य के ऊर्जा विकल्प अब केवल विकल्प नहीं बल्कि अनिवार्यता बन चुके हैं। हम एक ऐसे युग की ओर बढ़ रहे हैं जहां ऊर्जा का उत्पादन केवल आर्थिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि पृथ्वी को बचाने के लिए किया जाएगा। सौर, पवन, भू-तापीय और सबसे महत्वपूर्ण रूप से हरित हाइड्रोजन इस परिवर्तन के केंद्र में हैं।



## भारत में ऊर्जा नवाचार

- सौर ऊर्जा की छलांग : भारत ने इंटरनेशनल सोलर एलायंस (आईएसए) की नींव रखी। भारत दुनिया के सबसे बड़े सौर पार्क स्थापित कर रहा है।
- पीएम कुसुम योजना : किसानों को सौर पंप प्रदान कर उन्हें ऊर्जा उत्पादक बनाने की दिशा में मिनिस्टरी ऑफ न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी (एमएनआरई) सक्रिय है।
- इलेक्ट्रिक मोबिलिटी : फेम-2 योजना के जरिए इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को बढ़ावा दिया जा रहा है।
- परमाणु ऊर्जा : थोरियम परमाणु रिएक्टरों पर अनुसंधान में भारत अग्रणी।

## अतंर्राष्ट्रीय ऊर्जा मंच की भूमिका

- संवाद का मंच : अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा मंच (आईईएफ) तेल और गैस के उत्पादक और उपभोक्ता देशों के बीच एक सेतु का कार्य करता है ताकि वैश्विक बाजारों में ऊर्जा उत्पादन की स्थिरता बनी रहे।
- ऊर्जा सुरक्षा : यह सुनिश्चित करना कि ऊर्जा की आपूर्ति निर्बाध बनी रहे और कीमतों में अत्यधिक उतार-चढ़ाव न हो।
- डेटा पारदर्शिता : ज्वाइंट आर्गनाइजेशन डाटा इनीशिएटिव के माध्यम से, अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा मंच (आईईएफ) ऊर्जा आंकड़ों में पारदर्शिता लाता है, जिससे देशों को बेहतर नीति निर्धारण में मदद मिलती है।
- संक्रमण का प्रबंधन : आईईएफ वर्तमान में पारंपरिक ऊर्जा से स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ने के लिए तकनीकी और वित्तीय सहयोग को बढ़ावा दे रहा है।

## हरित हाइड्रोजन

- हरित हाइड्रोजन वह हाइड्रोजन है जिसका उत्पादन इलेक्ट्रोलिसिस प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है, जिसमें अक्षय ऊर्जा (सौर या पवन) का उपयोग करके पानी को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में तोड़ा जाता है। ऊर्जा विकल्प में इसका प्रमुख स्थान है, इसे भविष्य का ईंधन कहा जाता है क्योंकि इसका दहन होने पर केवल पानी निकलता है, कोई प्रदूषण नहीं। इसे भारी उद्योगों (स्टील, सीमेंट) और लंबी दूरी के परिवहन (जहाज, ट्रक) में इस्तेमाल किया जा सकता है जहां बैटरी काम नहीं करती।

## भारत में स्थिति

- भारत ने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन शुरू किया है, जिसका लक्ष्य 2030 तक प्रति वर्ष 5 मिलियन टन उत्पादन करना है। भारत का लक्ष्य दुनिया में सबसे सस्ती हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करना है। भारत हरित हाइड्रोजन का वैश्विक निर्यातक बन रहा है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### गाजा की रफा चौकी फिर खोलेगा इजराइल

**यरुशलम।** इजराइल ने शुक्रवार को कहा कि वह गाजा की मिस्र के साथ लगी रफा सीमा चौकी को रविवार को फिर से खोल देगा। करीब दो साल बाद इस चौकी को फिर से खोले जाने से फलस्तीनियों को क्षेत्र में प्रवेश करने और बाहर निकलने की अनुमति मिलेगी। गाजा को सहायता पहुंचाने के समन्वय के लिए जिम्मेदार इजराइली सैन्य इकाई सीओजीएटी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि केवल सीमित आवाजाही की अनुमति दी जाएगी। रफा सीमा चौकी को खोला जाना अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गाजा युद्धविराम योजना की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

### अफगानिस्तान का पहला कैंसर केंद्र खुला

**अफगानिस्तान।** अफगानिस्तान के सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि काबुल में अफगानिस्तान का पहला विशेष कैंसर केंद्र खुल गया है। मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रीय कैंसर निदान एवं उपचार अस्पताल के रूप में आधिकारिक तौर पर नामित इस नए चिकित्सा केंद्र ने परिचालन शुरू कर दिया है और यह देश भर के कैंसर रोगियों को निदान और विशेष देखभाल प्रदान करेगा। अफगानिस्तान के स्वास्थ्य मंत्री नूर जलाल जलाली ने चिकित्सा विशेषज्ञों को तैयार करने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने की योजना की घोषणा की।

### मानव तस्करी में भारतीय पर मुकदमा

**न्यूयॉर्क।** कनाडा से अमेरिका की उत्तरी सीमा के रास्ते भारतीय नागरिकों की अवैध तस्करी में संलिप्तता के आरोप में 22 वर्षीय भारतीय व्यक्ति पर यहां मुकदमा चलाया गया है। शिवम नामक व्यक्ति पर अमेरिका में विदेशी नागरिकों को अवैध रूप से प्रवेश कराने की साजिश रचने और निजी वित्तीय लाभ के उद्देश्य से विदेशी नागरिकों को अवैध रूप से अमेरिका लाने के आरोप लगाए गए हैं। न्यूयॉर्क की एक संघीय अदालत ने इस साजिश में उसकी भूमिका के लिए बुधवार को उसके खिलाफ आरोप तय किए।

### भारतीय मूल के तस्कर को 20 साल की जेल

**लंदन।** उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड की एक अदालत ने भारतीय मूल के एक तस्कर को हथियारों और मादक पदार्थों से जुड़े कई अपराधों की साजिश रचने के आरोप में 20 साल जेल की सजा सुनाई। 47 वर्षीय नागेंदर गिल ने कार्ल इयान जोन्स (59) और हार्ली वाइज (29) के साथ साजिश में एन्क्रिप्टेड कम्युनिकेशन प्लेटफॉर्म एनक्रोचैट पर इंडियनओशियन नाम का प्रयोग किया।

# अमेरिका ने यूरोप के कई ठिकानों पर तैनात किए एफ-35ए विमान

## ईरान से हाल में बढ़े तनाव के बीच इन विमानों के गंतव्य को लेकर लग रहे कयास

- राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दी है ईरान पर हमला करने की धमकी

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी वायुसेना ने ईरान के साथ बढ़े हाल के तनाव के बीच अपनी पांचवीं पीढ़ी के एफ-35ए लड़ाकू विमानों को यूरोप में तैनात करना शुरू कर दिया है। हालांकि, इन विमानों का अंतिम गंतव्य फिलहाल स्पष्ट नहीं है। द वॉर ज़ोन पोर्टल ने ओपन-सोर्स डेटा के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, ये एफ-35ए लड़ाकू विमान पहले वेनेजुएला से जुड़े एक अमेरिकी ऑपरेशन के तहत प्यूर्टो रिको में तैनात थे और अब पुर्तगाल के लाजेस एयर बेस पर उतरे हैं।

सोशल मीडिया पर उपलब्ध एक वीडियो में इन विमानों की लैंडिंग देखी गई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इससे पहले अमेरिकी एफ/ए-18जी लड़ाकू विमान भी स्पेन की ओर उड़ान भर चुके हैं। द वॉर ज़ोन के मुताबिक, जून 2025 में ईरान पर किए गए अमेरिकी हमले के दौरान ईरानी वायु रक्षा प्रणाली को निष्क्रिय करने में एफ-35ए विमानों ने अहम भूमिका निभाई थी। गौरतलब है कि दिसंबर 2025 के अंत में ईरान में स्थानीय मुद्रा रियाल के कमजोर होने से महंगाई बढ़ने की आशंकाओं के बीच विरोध प्रदर्शन शुरू हुए थे। कई शहरों में ये प्रदर्शन हिंसक हो गए और प्रदर्शनकारियों व पुलिस के बीच झड़पें हुईं। इस दौरान सरकार विरोधी नारे भी लगाए गए। रिपोर्टों में सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के हताहत होने की भी खबरें आई हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले सप्ताह कहा था कि एक विशाल नौसैनिक बेड़ा तेज़ी से और पूरी ताकत के साथ ईरान की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी थी कि यदि कोई समझौता नहीं होता है, तो भविष्य में ईरान पर होने वाला कोई भी अमेरिकी हमला पहले से कहीं अधिक गंभीर होगा। ट्रंप इससे पहले ईरान में प्रदर्शनकारियों के समर्थन की घोषणा कर चुके हैं।



### क्यूबा को तेल निर्यातक देशों पर अतिरिक्त टैरिफ

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने क्यूबा पर अतिरिक्त दबाव डालने के उद्देश्य से इस द्वीपीय देश को तेल निर्यात करने वाले देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। अमेरिका ने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अतिआवश्यक कदम बताते हुए गुरुवार को यह कदम उठाया है, जिसके तहत उन सभी देशों से अमेरिका में आयातित वस्तुओं पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाया जाएगा, जो क्यूबा को तेल की आपूर्ति करते हैं। इसके पीछे तर्क दिया गया कि क्यूबा अमेरिका के प्रति शत्रुता रखने वाले रूस, चीन और ईरान जैसे देशों से संबंध रखता है। हिज़्बुल्लाह और हमास समूहों को भी पनाह देता है।

### आईआरजीसी को आतंकी कहना गलत

**तेहरान।** ईरान ने यूरोपीय संघ (ईयू) की ओर से इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) को आतंकवादी संगठन घोषित करने के फैसले की कड़ी निंदा की है। ईरानी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में ईयू के विदेश मंत्रियों के इस फैसले को अवैध, अनुचित और पाखंडपूर्ण बताते हुए इसे ईरान के खिलाफ कार्रवाई करार दिया। बयान में कहा गया है कि आईआरजीसी ईरान के आधिकारिक सशस्त्र बलों का अभिन्न हिस्सा है। देश के संविधान के तहत ईरान की संप्रभुता और सुरक्षा बनाए रखने, क्षेत्रीय स्थिरता की रक्षा करने और आतंकवाद से लड़ने में इसकी भूमिका बेजोड़ और सम्मानजनक रही है।

## अमेरिका भारत को सौंपेगा तीन प्राचीन कांस्य की मूर्तियां

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका भारत को तीन प्राचीन कांस्य मूर्तियां लौटाएगा जिन्हें देश के मंदिरों से अवैध रूप से हटा दिया गया था। वाशिंगटन डीसी स्थित स्मिथसोनियन नेशनल म्यूज़ियम ऑफ एशियन आर्ट ने कहा कि तीन मूर्तियां भारत सरकार को वापस की जाएंगी। गहन जांच के बाद इन मूर्तियों के स्त्रोत का पता लगाया गया और रिपोर्ट में यह कहा गया कि इन मूर्तियों को मंदिरों से अवैध रूप से हटाया गया था। संग्रहालय के बयान में कहा गया है कि भारत सरकार ने मूर्तियों में से एक को दीर्घकालिक ऋण पर देने पर सहमति व्यक्त की है। इस तरह की व्यवस्था के तहत संग्रहालय को वस्तु की उत्पत्ति, उन्हें हटाए जाने और वापसी की पूरी कहानी को सार्वजनिक रूप से साझा करने की अनुमति मिल जाएगी। ये मूर्तियां चोल काल (लगभग 990 ईस्वी) की शिव नटराज, चोल काल (12वीं शताब्दी) की सोमस्कंद और विजयनगर काल (16वीं शताब्दी) की संत सुंदरार विद परवई हैं। ये मूर्तियां दक्षिण भारतीय कांस्य ढलाई की समृद्ध कलात्मकता का उदाहरण हैं, जिन्हें पारंपरिक रूप से मंदिर की शोभा यात्राओं में ले जाया जाता था। बयान में कहा गया है कि शिव नटराज प्रतिमा को दीर्घकालिक ऋण पर रखा जाना है।

# बहुध्रुवीयता की जरूरत पर संरा प्रमुख का जोर

- भारत-यूरोपीय संघ में व्यापार समझौते का दिया हवाला

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का हवाला देते हुए बहुध्रुवीयता का समर्थन करने की आवश्यकता पर जोर दिया और अमेरिका एवं चीन का परोक्ष संदर्भ देते हुए कहा कि वैश्विक समस्याओं का समाधान एक ही ताकत का हुकुम चलने से नहीं होगा।

गुतारेस ने 2026 के लिए अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए यहां गुरुवार को कहा कि वर्तमान समय में यह स्पष्ट है कि दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका है।... हम देख रहे हैं और कई लोगों का भी भविष्य के संदर्भ में विचार है कि दो ध्रुव हैं- एक अमेरिका केंद्रित और एक चीन केंद्रित। उन्होंने कहा, अगर हम एक स्थिर दुनिया चाहते हैं, अगर हम ऐसी दुनिया चाहते हैं जिसमें शांति कायम रह सके, जिसमें विकास व्यापक हो सके और जिसमें अंततः हमारे मूल्य कायम रहें तो हमें बहुध्रुवीयता का समर्थन करने की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा कि हमें अलग-अलग देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों के ताने-बाने का समर्थन करने की जरूरत है और मैं हालिया व्यापार समझौतों को बहुत उम्मीदों के साथ देखता हूं। आपके पास यूरोपीय संघ के साथ मर्कोसुर (दक्षिण अमेरिकी व्यापार गुट) है। यूरोपीय संघ के साथ इंडोनेशिया है, भारत-ईयू का समझौता है। कनाडा और ब्रिटेन के साथ चीन से समझौता है इसलिए मेरी मानना है कि यह नेटवर्क वास्तविक बहुध्रुवीय परिस्थितियां बना सकता है जिसमें संयुक्त राष्ट्र चार्टर के मूल्यों का वर्चस्व रहे।

### दो शक्तियों के बीच न विभक्त हो विश्व

भारत और यूरोपीय संघ ने मुक्त व्यापार समझौते पर मंगलवार को हस्ताक्षर किए जिसे अब तक का सबसे बड़ा समझौता बताया जा रहा है। गुतारेस ने जोर देकर कहा कि वैश्विक संरचनाओं और संस्थानों को नए समय और वास्तविकताओं की जटिलता एवं अवसर को प्रतिबिंबित करना चाहिए, संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने अमेरिका और चीन का परोक्ष जिक्र करते हुए कहा कि वैश्विक समस्याओं का समाधान एक ही ताकत का हुकुम चलने से नहीं होगा। न ही उनका समाधान दो शक्तियों द्वारा दुनिया को प्रतिद्वंद्वी प्रभाव-क्षेत्रों में बांटने से होगा।

## ढाका-कराची हवाई सेवा शुरू

**ढाका।** बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस ने गुरुवार को ढाका-कराची-ढाका मार्ग पर सीधी उड़ान सेवा शुरू की। उद्घाटन उड़ान बीजी-341 गुरुवार रात 8 बजे ढाका से रवाना हुई। अगस्त 2024 में प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार के गठन के बाद से बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच संबंधों में नजदीकी देखी जा रही है। दोनों देशों के बीच सैन्य प्रतिनिधिमंडलों सहित विभिन्न स्तरों पर प्रतिनिधिमंडलों का लगातार आदान-प्रदान हो रहा है। बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस द्वारा कराची के लिए सीधी उड़ान की शुरुआत को दोनों देशों को और करीब लाने की दिशा में कदम के रूप में देखा जा रहा है। वर्ष 1971 में नौ महीने युद्ध के बाद बांग्लादेश पाकिस्तान से अलग हुआ था।

# गाजावासियों को मिले ट्रंप के पुनर्निर्माण विचारों का लाभ

- फलस्तीन के विदेश मंत्री वारसेन अगाबेकियन शाहीन ने रखी बात

**नई दिल्ली, एजेंसी**

फलस्तीन की विदेश मंत्री वारसेन अगाबेकियन शाहीन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गाजा पट्टी के पुनर्निर्माण के विचार से फलस्तीन को शायद कोई आपत्ति न हो, लेकिन ऐसा केवल तभी होगा जब ऐसी योजना का लाभ फलस्तीनियों को मिले, न कि उसे उन पर थोपा जाए। शाहीन ने एक साक्षात्कार में यह भी कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के शाति बोर्ड में भारत की भागीदारी मददगार साबित हो सकती है।

ट्रंप के गाजा पट्टी को पश्चिम एशिया का लोकप्रिय स्थान बनाने के विचार से जुड़े सवाल पर शाहीन ने कहा कि यह लोकप्रिय स्थान उसके (गाजा) अपने लोगों के लिए होना चाहिए। मेरा मतलब है, क्यों नहीं? अगर यह लोकप्रिय स्थान गाजावासियों, फलस्तीनियों के आनंद लेने के लिए है, तो ठीक है। लेकिन अगर यह फलस्तीनियों के बिना दूसरों के आनंद लेने के लिए है, तो इस पर हमारी ना है। उनकी ये टिप्पणियां गाजा के पुनर्निर्माण पर वैश्विक ध्यान केंद्रित होने और ट्रंप द्वारा प्रस्तावित अमेरिकी नेतृत्व वाले शांति बोर्ड के बीच आई हैं। शांति लाने के ऐसे किसी भी प्रयास का स्वागत करते हुए, शाहीन ने इस बात पर जोर दिया कि गाजा के पुनर्निर्माण के विचार को फलस्तीनी राजनीतिक अधिकारों से अलग नहीं देखा जा सकता।

## न्यूजीलैंड ने शांति बोर्ड में शामिल होने का प्रस्ताव ठुकराया

**न्यूजीलैंड।** न्यूजीलैंड सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शांति बोर्ड में शामिल होने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। आरएनजेड रेडियो स्टेशन ने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के बयान का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने बोर्ड के वर्तमान स्वरूप में शामिल न होने का फैसला किया है। न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स ने एक अलग बयान में कहा कि चूंकि कई देश पहले ही इस पहल में शामिल हो चुके हैं, इसलिए न्यूजीलैंड इसमें कोई खास योगदान नहीं देगा। 16 जनवरी को ट्रंप ने शांति बोर्ड के गठन की घोषणा की थी, जिसमें अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो सहित कई लोग शामिल हुए थे।

# अमेरिका पर भड़के पीएम कार्नी, बोले कनाडा की संप्रभुता का करें सम्मान

- अल्बर्टा के अलगाववादियों के साथ गुप्त बैठक पर नाराजगी

**ओटावा, एजेंसी**

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा है कि वह उम्मीद करते हैं कि अमेरिका कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करेगा। यह बयान उन मीडिया रिपोर्टों के बाद आया है, जिनमें कहा गया था कि अमेरिकी अधिकारियों ने कनाडा के अल्बर्टा प्रांत को अलग करने की वकालत करने वाले एक समूह से मुलाकात की है।

कार्नी ने राज्य के प्रमुखों के साथ बैठक के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही। उनसे अमेरिकी अधिकारियों और अल्बर्टा प्रॉस्पेरिटी प्रोजेक्ट के बीच हुई बैठकों के बारे में सवाल पूछा गया था। एपीपी वह समूह है, जो प्रांत की स्वतंत्रता पर जनमत संग्रह के लिए दबाव बना रहा है। कार्नी ने कहा कि मैं अमेरिकी प्रशासन से कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करने की उम्मीद करता हूं। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनकी बातचीत में अलगाववाद का मुद्दा कभी सामने नहीं आया। अल्बर्टा प्रांत की प्रमुख डेनियल स्मिथ ने कहा, मैं उम्मीद करूंगी कि अमेरिकी प्रशासन कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करेगा और वे अल्बर्टा की लोकतांत्रिक प्रक्रिया के बारे में चर्चा अल्बर्टा वासियों और कनाडाई लोगों तक ही सीमित रखेंगे। वह अपनी सरकार के प्रतिनिधि को अमेरिकी प्रशासन तक अपनी चिंताएं पहुंचाने का निर्देश देंगी।

### ब्रिटिश कोलंबिया ने करार दिया देशद्रोह

ब्रिटिश कोलंबिया के प्रमुख डेविड एबी ने इसे देशद्रोह करार दिया। यह विवाद तब शुरू हुआ जब फाइनेंशियल टाइम्स ने खबर दी कि एपीपी के नेताओं ने पिछले साल अप्रैल से अब तक वाशिंगटन में अमेरिकी विदेश विभाग के अधिकारियों के साथ कई बार मुलाकात की है। यह समूह एक और बैठक की कोशिश कर रहा है, ताकि स्वतंत्रता के पक्ष में सफल मतदान होने की स्थिति में प्रांत की मदद के लिए 500 अरब अमेरिकी डॉलर ऋण सुविधा मांगी जा सके।

## आज का भविष्यफल

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 31 जनवरी, शनिवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी 08 .25 तक तत्पश्चात चतुर्दशी 1 फरवरी 05 . 52 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

**मेष** — आज पर्यटन से जुड़े व्यावसायियों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। दूसरों के मामलों में अनावश्यक राय न दें। कुछ बारीक गलतियां कर सकते हैं, जिनके कारण आपको बड़ा नुकसान झेलना पड़ सकता है। भाषा का सही प्रयोग करें।

**वृष** — आज मनोबल में कमी के कारण काम में पूरा मन नहीं लगा पा रहे हैं। आपको कारोबार में नए तरीकों को प्रयोग करना पड़ सकता है। आपके प्रतिद्वंद्वी भी आपका सम्मान करेंगे। परिवार के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं।

**मिथुन** — आज नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। विरोधियों से मुक्ति मिलेगी। आपको पुराने अनुभवों का लाभ मिलेगा। आपके व्यवहार में कुछ सकारात्मक परिवर्तन होंगे, जिससे आपके परिजन काफी प्रसन्न होंगे।

**कर्क** — आज प्रेमी जन से अधिक बहस न करें। विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। अपने लक्ष्य को लेकर काफी सजग रहेंगे। कार्यक्षेत्र में कुछ राजनीति का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक बातों को लेकर तनाव में हो सकते हैं।

**सिंह** — आज आपके सामने अचानक कई परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। नए वाहन में कुछ खराबी आ सकती है। गूढ़ विद्याओं को सीखने के प्रति इच्छा जागृत होगी। व्यवसाय में आय को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं।

**कन्या** — आज व्यापार में बड़ी साझेदारी हो सकती है। माता के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। आपको पढ़ाई पर अधिक ध्यान देना चाहिए। दांपत्य संबंधों में अविश्वास की भावना न आने दें। विद्यार्थियों को शिक्षकों का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पा रहा है।

**तुला** — आज किसी बड़ी व्यावसायिक मीटिंग के लिए जा सकते हैं। प्रेमी जन के साथ एकांत में समय बिताएंगे। अपनी प्रतिभा का जबरदस्त उपयोग कर पाएंगे। छोटे-भाई बहनों को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है।

**वृश्चिक** — आज किसी महत्वपूर्ण कार्य को लेकर थोड़ी समस्या हो सकती है। धन उधार न दें वरना वापस मिलने में कठिनाई हो सकती है। अपरिचितों पर विश्वास करने से बचना चाहिए। दूसरों के झगड़ों में पड़ने से बचें।

**धनु** — आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। नकदी की समस्या हल हो सकती है। नया रोजगार शुरू करने के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। आपकी दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी। घर के नवीनीकरण की योजना बना सकते हैं। नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं।

**मकर** — आज रुका हुआ धन आपको वापस नहीं मिलेगा। अत्यधिक वाचालता और क्रोध के कारण आपके संबंध प्रभावित होंगे। यात्रा के दौरान परेशानी महसूस होगी। विवाहेतर संबंधों को लेकर आकर्षित हो सकते हैं।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए शुभ फलप्रदायक होने वाला है। राजनीति से जुड़े लोग आपकी कूटनीतिक क्षमता का प्रयोग करते हुए कोई बड़ा काम कर सकते हैं। दांपत्य संबंधों में प्रेम बढ़ेगा। विरोधी आपके सामने परास्त होंगे।

**मीन** — आज अपने तौर-तरीकों में बदलाव ला सकते हैं। अति आत्मविश्वास में आकर काम करने से बचें। बुद्धिमान मित्रों से सलाह लेकर काम करना हितकर होगा। उच्च पद पर आसीन लोगों को महत्वपूर्ण पेपर्स को संभालकर रखना चाहिए।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
**ताराबल**- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-पुनर्वसु 1 फरवरी 01 .34 तक तत्पश्चात पुष्य।

## सुडोकू-47

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| | 3 | 9 | 6 | 1 | 8 | 5 | | |
| | 5 | | | | 7 | | | |
| 5 | 9 | | | | | | 2 | |
| | 8 | | | 3 | | | 5 | |
| | 4 | | | | | | 1 | 7 |
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 4 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | |
| 6 | | 3 | | 8 | | | 4 | 1 |

### सुडोकू - 46 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 6 | 4 | 7 | 8 | 5 | 2 | 9 |
| 5 | 8 | 2 | 6 | 9 | 3 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 4 | 9 | 5 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 |
| 9 | 2 | 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 8 | 3 | 4 | 1 | 5 | 7 | 2 | 9 | 6 |
| 1 | 6 | 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 8 | 7 |
| 2 | 5 | 3 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 | 4 |
| 6 | 7 | 1 | 2 | 8 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 9 | 8 | 3 | 6 | 5 | 7 | 1 | 2 |



पिछले दो वर्षों से अभिषेक शर्मा शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और न सिर्फ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में बल्कि आईपीएल में भी गेंदबाजी आक्रमण का डटकर सामना कर रहे हैं। मुझे लगता है कि हम उन पर किस तरह से दबाव बनाते हैं यह हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है।

-मैट हेनरी


# स्टेडियम

अयोध्या, शनिवार, 31 जनवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### पीटी उषा के पति श्रीनिवासन का निधन

**कोझिकोड (केरल)।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद पीटी उषा के पति वी श्रीनिवासन का शुक्रवार तड़के निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार श्रीनिवासन आज सुबह अपने आवास पर बेहोश हो गए। उन्हें तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। भाजपा सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीनिवासन के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि मोदी ने उषा से फोन पर बात करके अपनी संवेदना व्यक्त की। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के पूर्व इंस्पेक्टर श्रीनिवासन ने उषा के शानदार खेल और राजनीतिक करियर के दौरान हमेशा उनका हौसला बनाए रखा।

### चुनौती के लिए तैयार भारतीय अंडर-17 टीम

**पोखरा (नेपाल)।** भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप 2026 में अपना पहला मैच मेजबान नेपाल के खिलाफ शनिवार को यहां पोखरा रंगशाला स्टेडियम में खेलेगी। नयी मुख्य कोच पामेला कोंटी की अगुवाई में अंडर-17 टीम इस बड़ी आयु वर्ग के टूर्नामेंट का इस्तेमाल एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप की तैयारियों के तौर पर कर रही है जो 30 अप्रैल से चीन में खेला जाएगा। कोंटी ने टूर्नामेंट से पहले प्रेस कांफ्रेंस में टीम के साथ अपने पहले टूर्नामेंट की उत्सुकता के बारे में बात करते हुए कहा हम यहां नेपाल में आकर खुश हैं। मैं लगभग एक हफ्ते से टीम के साथ हूं, और हमने अनंतपुर (आंध्र प्रदेश) में अच्छी ट्रेनिंग की है। हमारी टीम युवा है क्योंकि हम अंडर-17 हैं।

### गुकेश का सामना अरविंद चिदंबरम से

**विक आन जी (नीदरलैंड्स)।** विश्व चैंपियन डी गुकेश तुर्की के यागिज कान एर्दोगमस पर जीत के बाद टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के 11वें दौर में हमवतन अरविंद चिदंबरम का सामना करेंगे। साल के पहले सुपर टूर्नामेंट में अब केवल तीन दौर का खेल बाकी हैं। दस दौर का खेल होने के बाद उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव 6.5 अंकों के साथ आगे चल रहे हैं। उनके साथी खिलाड़ी जावोखिर सिंदारोव, जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम और स्थानीय स्टार जॉर्डन वैन फोरस्ट उनसे आधे अंक पीछे हैं।

### इंडोनेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में सिंधु

**जकार्ता।** पी वी सिंधु दाइहात्सु इंडोनेशिया मास्टर्स 2026 के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं, जहां शुक्रवार को उनका मुकाबला टॉप सीड चेन यू फी से होगा। चेन के हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में 7-6 से आगे होने के कारण, क्वार्टर फाइनल मुकाबला कड़ा होने की उम्मीद है। सिंधु ने डेनमार्क की लाइन होजमार्क कजर्सफेल्ट को 43 मिनट में 21-19, 21-18 से हराकर अपनी जगह पक्की की। सातवीं सीड लक्ष्य सेन भी आगे बढ़े और हांगकांग के जेसन गुनावन को एक और 43 मिनट के मुकाबले में 21-10, 21-11 से हराकर थाईलैंड के पानित्चाफोन टीरारत्सकुल से भिड़ेंगे।

# पांचवें टी-20 में सैमसन की फॉर्म और अक्षर की फिटनेस पर होगी नजर

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

खिताब का प्रबल दावेदार भारत टी-20 विश्व कप से पहले शनिवार को यहां जब न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में खेलने के लिए उतरेगा तो उसे उम्मीद रहेगी कि संजू सैमसन अपने घरेलू दर्शकों के सामने फॉर्म में वापसी करने और अक्षर पटेल फिटनेस हासिल करने में सफल रहेंगे।

विशाखापत्तनम में खेले गए चौथे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में भारत ने प्रयोग करते हुए पांच मुख्य गेंदबाजों को ही खिलाया तथा ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे से गेंदबाजी नहीं करवाई। भारत यह मैच हार गया था लेकिन इससे शृंखला के परिणाम पर कोई असर नहीं पड़ा क्योंकि भारतीय टीम पहले ही इसे अपने नाम कर चुकी थी। जैसा कि शृंखला के पिछले मैचों में देखा गया, भारत अपने गेंदबाजी विभाग में एक बार फिर फेरबदल कर सकता है। भारतीय टीम प्रबंधन पिछले दो मैचों में आराम देने के बाद मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को मौका दे सकता है। बल्लेबाजी विभाग में शायद ज्यादा बदलाव न हों, लेकिन टीम प्रबंधन सैमसन पर नजर रखेगा। अपनी निर्भीक बल्लेबाजी के लिए मशहूर सैमसन इस शृंखला में रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। उनकी फॉर्म के बजाय उनकी तकनीकी कमजोरी चिंता का विषय है जिससे उनका आत्मविश्वास भी डगमगा गया है। वह सात फरवरी से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले बड़ी पारी खेलने के लिए बेताब होंगे। सैमसन अब अपनी गृह नगर में खेलेंगे और यहां के अपने समर्थकों के सामने शायद वह अपनी खोई हुई लय को फिर से प्राप्त कर लें।





अभ्यास सत्र के दौरान फील्डिंग कोच टी दिलीप के साथ संजू सैमसन (बाएं) और न्यूजीलैंड टीम के खिलाड़ी। एजेंसी

- **न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज पहले ही जीत चुका है भारत**

टीम के आगमन के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा साझा किए गए एक वीडियो से यह स्पष्ट हो गया कि वह देश के इस हिस्से में सुपरस्टार हैं। कप्तान सूर्यकुमार यादव को हवाई अड्डे के निकास द्वार पर अपने ''चेट्टा'' (बड़े भाई) के लिए मजाक में रास्ता साफ करते हुए देखा गया, जहां सैकड़ों प्रशंसक सैमसन और उनके साथियों की एक झलक पाने के लिए कतार में खड़े थे।

### टीम

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल (उप-कप्तान), रिंकू सिंह, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, ईशान किशन (विकेटकीपर), रवि बिश्नोई।

**न्यूजीलैंड:** मिचेल सैंटनर (कप्तान), माइकल ब्रैसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), जैकब डफी, जैक फाक्स, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, बेवन जैकब्स, डैरिल मिचेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, ईश सोढ़ी, लॉकी फर्ग्यूसन।

**समय : शाम सात बजे शुरू से**

# जोकोविच-अल्काराज में होगी बादशाहत की जंग

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन : गत चैंपियन सिनर और ज्वेरेव सेमीफाइनल में हारे



मेलबर्न, एजेंसी

शीर्ष रैंकिंग पर काबिज कार्लोस अल्काराज और 24 बार के मेजर चैंपियन नोवाक जोकोविच शुक्रवार को अपने अपने उतार-चढ़ाव वाले पांच सेट के रोमांचक सेमीफाइनल जीतकर ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में पहुंच गए।

अल्काराज ने पांच घंटे 27 मिनट तक चले मुकाबले में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-4, 7-6 (5), 6-7 (3), 6-7 (4), 7-5 से हराकर पहली बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में जगह बनाई। इस तरह यह ऑस्ट्रेलियाई ओपन का अब तक का सबसे लंबा सेमीफाइनल बन गया। इस कारण गत चैंपियन यानिक सिनर और जोकोविच का मैच देर से शुरू हुआ। पर जोकोविच ने आखिरकार 3-6, 6-3, 4-6, 6-4, 6-4 से जीत हासिल की। जोकोविच लगातार चार मेजर में सेमीफाइनल से बाहर होने का सिलसिला खत्म करने के बाद अपने 11वें ऑस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल में पहुंचे। बाईस साल के अल्काराज चारों ग्रैंड स्लैम पर प्रतियोगिताओं के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं और करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले अब तक के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने का लक्ष्य बना रहे हैं। स्पेन के खिलाड़ी अल्काराज ने अच्छी शुरुआत की लेकिन पहले दो सेट जीतने के बाद वह अगले दो सेट में टाइब्रेकर में हार गए। ज्वेरेव पांचवें और निर्णायक सेट में एक समय मैच के लिए सर्विस कर रहे थे लेकिन अल्काराज ने ब्रेक प्वाइंट लेकर वापसी की और फिर इसके बाद जर्मनी के अपने प्रतिद्वंद्वी को मौका नहीं दिया। अल्काराज का फाइनल में मुकाबला दो बार के मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर या 10 बार के ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता नोवाक जोकोविच से होगा, जो 25वां ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने की कोशिश कर रहे हैं।



अल्काराज ने जिस तरह से शुरुआत की थी उससे लग रहा था कि वह आसानी से जीत हासिल कर लेंगे लेकिन तीसरे सेट के नौवें गेम में वह लंगड़ाने लगे और ऐसा लग रहा था कि उन्हें दाहिने पैर के ऊपरी हिस्से में कोई समस्या है। जब अपने प्रतिद्वंद्वी को इलाज के लिए तीन मिनट का ब्रेक दिया गया, तो ज्वेरेव स्पष्ट रूप से परेशान दिखे। तब तीसरी वरीयता प्राप्त यह खिलाड़ी टूर्नामेंट के एक अधिकारी से बात कर रहा था। अल्काराज ने इसके बाद 6-5 से बढ़त बना दी जिसके बाद उन्हें फिर से अपने पांव की मालिश करवानी पड़ी। ज्वेरेव हालांकि इस सेट को टाइब्रेकर तक खींचने में सफल रहे जिसमें उन्होंने जीत दर्ज की। चार घंटे से अधिक का समय बीतने के बाद मैच पांचवें सेट में पहुंचा। अल्काराज ने पांचवें सेट के पहले गेम में अपनी सर्विस गंवा दी।

## मोनांक पटेल संभालेंगे अमेरिका की कमान

**दुबई।** अमेरिका ने पिछले चरण में खेलने वाले 15 में से 10 खिलाड़ियों को सात फरवरी से भारत और श्रीलंका में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए शुक्रवार को टीम में शामिल किया।

अमेरिका पहले मैच में मुंबई में सह-मेजबान और गत चैंपियन भारत से भिड़ेगा। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पिछले साल 23 सितंबर को आईसीसी सदस्यता मानदंड के गंभीर उल्लंघन के कारण अमेरिका क्रिकेट को निलंबित कर दिया था। इसलिए टीम का चयन एक नयी चयन प्रक्रिया के तहत किया गया है जिसे आईसीसी और अमेरिका की ओलंपिक और पैरालंपिक समिति के साथ मिलकर तैयार किया गया है।

### टीम

मोनांक पटेल (कप्तान), जेसी सिंह (उप कप्तान), एंड्रीज गौस, शेहान जयसूर्या, मिलिंद कुमार, शयान जहांगीर, साईतेजा मुक्कामाला, संजय कृष्णमूर्ति, हरमीत सिंह, नोस्थुश केंजिगे, शैडले वान शाल्कविक, सौरभ नेत्रावलकर, अली खान, मोहम्मद मोहसिन, शुभम रंजने।

# गार्डनर की पारी से गुजरात ने बनाए 167 रन

डोदरा, एजेंसी

**महिला प्रीमियर लीग**

कप्तान एशले गार्डनर के 28 गेंद में 46 रन की मदद से गुजरात जाइंट्स ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग के मैच में शुक्रवार को चार विकेट पर 167 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात ने दो जमे हुए बल्लेबाजों अनुष्का शर्मा (33) और सोफी डेवाइन (25) के विकेट दो रन के भीतर गंवा दिए।

अमेलिया केर और शबनम इस्माइल ने बेहद कसी हुई गेंदबाजी करते हुए रनगति पर भी अंकुश लगाया। केर ने दो विकेट लिये जबकि नेट स्किवेर ब्रंट और इस्माइल को एक एक विकेट मिला। पावरप्ले में गुजरात ने एक विकेट पर 48 रन बना लिये थे।

अमेलिया और शबनम की अनुशासित गेंदबाजी के सामने गुजरात के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका ही नहीं मिला। कप्तान गार्डनर ने 16वें ओवर में हीली मैथ्यूज की गेंदों की धुनाई करते हुए 19 रन निकाले। उन्होंने पहले डीप मिडविकेट पर छक्का लगाया और उसके बाद लगातार तीन चौके जड़े। इसके बाद शबनम के ओवर में चार चौके लगाकर 17 रन बनाये। शबनम ने पहले तीन ओवर में सिर्फ 12 रन ही दिये थे। न्यूजीलैंड की लेग स्पिनर केर ने गुजरात की कप्तान गार्डनर को उछाल लेती गेंद पर आउट करके उनकी आक्रामक पारी का अंत किया।

गार्डनर ने अपनी पारी में सात चौके और एक छक्का लगाया। गुजरात ने आखिरी पांच ओवरों में 61 रन बनाये। यह दोनों टीमों का आखिरी लीग मैच है और क्वार्टर फाइनल की तरह है। इसे जीतने वाली टीम मंगलवार को एलिमिनेटर खेलेगी।

### विराट का इंस्टाग्राम अकाउंट फिर चालू

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट स्टार विराट कोहली का इंस्टाग्राम अकाउंट शुक्रवार सुबह फिर से चालू हो गया, जिससे उनके 274 मिलियन फॉलोअर्स के बीच घंटों से चल रही उलझन और अटकलों का अंत हो गया, क्योंकि प्रोफ़ाइल रात भर रहस्यमय तरीके से गायब हो गई थी। कोहली के अकाउंट के कुछ देर के लिए बंद होने से सोशल मीडिया पर काफी उत्सुकता और चिंता फैल गई, फैंस ने चिंता भरे मैसेज शेयर किए।



शॉट लगातीं गुजरात जायंट्स की कप्तान एश्ले गार्डनर। एजेंसी

# शिवम की घातक गेंदबाजी से यूपी ने विदर्भ को बराबरी पर रोका

नागपुर, एजेंसी

**रणजी ट्रॉफी**

शिवम मावी (सात विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत उत्तर प्रदेश ने राणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मुकाबले के दूसरे दिन शुक्रवार को विदर्भ को पहली पारी में 237 के बराबरी वाले स्कोर पर रोकने के बाद स्टंप्स के समय तक 75 रन पर अपने दो विकेट गंवा दिए हैं।

आज यहां विदर्भ ने कल के 33 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में शिवम मावी ने अमन मोखाड़े (28) को आउट कर उत्तर प्रदेश को पहली सफलता दिलाई। 21वें ओवर में मावी ने रोहित बीनकर (आठ) और रविकुमार समर्थ (शून्य) का भी शिकार कर लिया। मावी ने 23वें ओवर में सत्यम भोयर (19) को आउटकर विदर्भ को चौथा झटका दिया। एक समय विदर्भ ने 95 के स्कोर पर अपने छह विकेट गंवा दिये थे। ऐसे संकट के समय दानिश मालेवर और नचिकेत भूटे ने पारी को संभाला और सातवें विकेट के लिए 126 रन जोड़कर विदर्भ को संकट से निकाला। 69वें ओवर में मावी ने दानिश मालेवर को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। दानिश मालेवर ने 117 गेंदों में 10 चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 80 रनों की पारी खेली। इसके बाद एक बार फिर विदर्भ की पारी लड़खडा गई और उसने 16 रन जोड़कर अपने चारों विकेट गंवा दिये। पार्थ रेखड़े (चार) भी मावी का शिकार बने। नचिकेत भूटे रनआउट हुये। उन्होंने 85 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 63 रन बनाये। 63वें ओवर की आखिरी गेंद पर मावी ने यश ठाकुर (पांच) को आउटकर 237 के स्कोर पर विदर्भ की पारी का अंत किया। उत्तर प्रदेश के लिए शिवम मावी ने 59 रन देकर सात विकेट लिए। करण चौधरी और कार्तिक त्यागी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। अन्य मैच में बडौदा के 375 रनों के जवाब में तमिलनाडु ने बिना किसी नुकसान के बाद 118 रन लिये है।



शिवम मावी। एजेंसी

**07** विकेट लिए शिवम मावी ने 59 रन देकर

**चकल्लस**

**हॉकी इंडिया के सामने कोच की नहीं चली, अनुशासनहीनता के चलते मनप्रीत को टीम में नहीं चुना गया**

# फुल्टोन ने मनप्रीत के बचाव में दी थी इस्तीफे की धमकी

नई दिल्ली, एजेंसी

मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह को अनुशासनहीनता के आधार पर भारत की संभावित खिलाड़ियों की कोर सूची से बाहर किए जाने का कड़ा विरोध किया था। एक सूत्र ने शुक्रवार को पीटीआई से कहा कि इस फैसले के बाद फुल्टोन ने इस्तीफा देने की धमकी भी दी थी लेकिन हॉकी इंडिया द्वारा मनाने के बाद वह पद पर बने रहने के लिए राजी हो गए।

विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि फुल्टोन ने राउरकेला में एक से सात फरवरी तक 33 कोर संभावित खिलाड़ियों के शिविर से मनप्रीत को हटाने के दबाव को ''बाहरी हस्तक्षेप'' बताया था। यह बात सामने आई कि मनप्रीत पिछले साल दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान नशीली दवा के सेवन से जुड़े मामले में शामिल था। दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता को 15 साल में पहली बार कोर संभावित खिलाड़ियों की सूची से बाहर किया गया। संभावित खिलाड़ियों को तय करने के लिए हुई बैठक में हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की, महासचिव भोला नाथ सिंह और मुख्य चयनकर्ता आरपी सिंह ने सामूहिक रूप से कहा कि मनप्रीत को बाहर किया जाना चाहिए जिसके बाद फुल्टोन परेशान हो गए। सूत्र ने कहा फुल्टोन ने मनप्रीत के युवा खिलाड़ियों के लिए मेंटोर (मार्गदर्शक) होने की बात कही। लेकिन इस पर दिलीप ने कहा कि खिलाड़ी दूसरे सीनियर खिलाड़ियों से सीखेंगे। हॉकी इंडिया ने मनप्रीत से जिस तरह का व्यवहार किया, उससे कुछ खिलाड़ी खुश नहीं थे। फुल्टोन ने गुस्से में हाल में समाप्त हुई हॉकी इंडिया लीग के चेन्नई चरण के एक दिन बाद इस्तीफा देने की पेशकश की। हालांकि टिर्की के बहुत समझाने के बाद वह अनुभवी खिलाड़ी को आराम देने के आधिकारिक बयान मानने को तैयार हो गए।





हॉकी खिलाड़ी मनप्रीत सिंह और मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन। एजेंसी

सूत्र के अनुसार फुल्टोन ने मनप्रीत को कोर ग्रुप में बनाए रखने की वकालत की और अपनी बात को साबित करने के लिए 33 वर्षीय मिडफील्डर की बेहतरीन फिटनेस रिपोर्ट का हवाला दिया। बताया जाता है कि मनप्रीत कोर ग्रुप के सबसे फिट चार खिलाड़ियों में शामिल थे। लेकिन मुख्य चयनकर्ता आरपी सिंह और टिर्की टस से मस नहीं हुए। फुल्टोन ने एचआईएल के दौरान मनप्रीत की फिटनेस और फॉर्म की बार-बार तारीफ की है। मुख्य कोच चाहते हैं कि मनप्रीत कम से कम इस साल के एशियाई खेलों और विश्व कप तक टीम का हिस्सा रहें।

### तीन खिलाड़ियों पर हुई है कार्रवाई

हॉकी इंडिया ने बृहस्पतिवार को संभावित खिलाड़ियों की सूची जारी की थी जिसमें फॉरवर्ड दिलप्रीत सिंह और गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक को भी अनुशासनहीनता के कारण बाहर कर दिया गया। लेकिन हॉकी इंडिया के बयान में कथित उल्लंघन का कोई जिक्र नहीं था। प्रो लीग सत्र अगले महीने राउरकेला में शुरू होगा। मनप्रीत ने रांची रॉयल्स टीम की सह कप्तानी करते हुए एचआईएल के फाइनल तक पहुंचाया था। मनप्रीत 412 मैच के साथ सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले भारतीय हॉकी खिलाड़ी के तौर पर टिर्की के रिकॉर्ड की बराबरी करने से सिर्फ एक मैच दूर हैं। आगामी एआईएच प्रो लीग का भारतीय चरण 10 से 15 फरवरी तक राउरकेला में होने वाला है।